4 रायपुर संभाग
डबल इंजन की सरकार से चहुंमुखी विकास की ओर...

6 अभिमत
राजधानी में धुंध दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना बनी जीवनदायिनी...

10 संस्कारधानी
पाटेकोहरा बेरियर में आरटीओ के गुर्गों ने की...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 07 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-76 मूल्य 3.00 ₹

# छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया पुरानी कहावत, जो आज भी कानों में गूंजती है

## यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में विकास के नये कीर्तिमान बन रहे : उपराष्ट्रपति धनखड़

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव के समापन तथा राज्य अलंकरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए सबकी भागीदारी की जरूरत है। इसमें छत्तीसगढ़ का योगदान बढ़चढ़कर होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश के लिए एक मिसाल, यहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास के नये कीर्तिमान बन रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने राज्य अलंकरण से सम्मानित सभी विभूतियों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के 36 सम्मान, जिन्हें देखकर मुझे ऊर्जा मिली है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि जब शताब्दी ने पलटी खाई तो छत्तीसगढ़ का उदय हुआ, ये यात्रा यहां तक आ गई है। इसके लिए बहुत शुभकामनाएं देता हूँ, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, पुरानी कहावत है आज भी कानों में गूंजती है। आप सभी इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। इस समारोह में आकर मेरा मन गौरव से भर गया है। छत्तीसगढ़ की पावन धरती समृद्ध सांस्कृतिक जीवन का दस्तावेज है। राष्ट्र के प्रति समर्पण और भारतीयता हमारी पहचान है। वर्ष 2000 में इस राज्य को विशिष्ट पहचान मिली। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी को इस अवसर पर याद न करें तो बड़ी चूक होगी। उनकी याद सदैव आती है। राष्ट्रहित पर वे हमेशा अटल और मानवीय भावनाएं के विषय में बहुत कोमल थे। राजनीति में उन्होंने ऐसी सर्जरी की कि किसी को पीड़ा नहीं हुई और तीन राज्य बनाए, मैं उन्हें नमन करता हूँ।



आपने पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री को बुलाकर एक बड़ा मापदंड हासिल किया, इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बधाई के पात्र हैं। अटल जी ने जो कारीगरी की, उसमें कोई दर्द नहीं था। भाई चारा था। अगले साल छत्तीसगढ़ अपने स्वर्ण युग में प्रवेश करेगा इसका सुखद समन्वय भारत के अमृत काल के साथ हो रहा है। हमें अपनी गौरवमयी विरासत को नहीं भूलना चाहिए। यह मौका है हमारे महापुरुषों को याद करने का। जब हम अमृतकाल मना रहे हैं। मुझे और आपको गर्व है कि जिन लोगों ने अपना बलिदान किया, उन्हें दूर दूर जाकर हम उन्हें नमन कर रहे हैं। उनके समक्ष नतमस्तक हो रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीरनारायण सिंह जैसे लोगों ने विषम हालात में स्वतंत्रता की ज्योति को जलाये रखा, हम उन्हें हमेशा स्मरण करते हैं और इसके लिए जनजातीय दिवस मना रहे हैं। इन महापुरुषों ने निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की। इस मौके पर आपको मैं चिंतन और मंथन के लिए भी आग्रह करूंगा। सेवा निःस्वार्थ होना चाहिए, इसमें कोई स्वार्थ नहीं होना चाहिए। निःस्वार्थ सेवा के नाम पर या आड़ पर हमारी श्रद्धा को परिवर्तन करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी संस्कृति हजारों साल पुरानी है उस पर प्रहार किया जा रहा है। इस पर हमें सजग होना चाहिए। यह धनबल के आधार पर हो रहा है। भोलेपन के आधार पर हो रहा है। भारत की आत्मा को जीवंत रखने के लिए ऐसी ताकतों को कुचलने की आवश्यकता है। आपसे आग्रह है कि इनसे सचेत रहिये। इन प्रयत्नों में खासतौर पर हमारे आदिवासियों भाइयों को निशाना बनाया जाता है। हमारे भारत की संस्कृति सबको समेटने वाली संस्कृति है। इस विशेषता को बरकरार रखना है।

## क्विक न्यूज

### खरगे, राहुल गांधी ने दी ट्रंप को जीत पर बधाई



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी। खरगे ने अपने संदेश ने कहा हम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी चुनावी जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है और यह साझेदारी दोनों देशों के बीच लंबे समय से लोकतांत्रिक मूल्यों, परस्पर हितों और लोगों के बीच व्यापक संबंधों पर आधारित है।

### हरदोई में भीषण सड़क हादसा, दस की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बिलग्राम क्षेत्र में मिनी ट्रक की चपेट में आने से आटो रिक्शा पर सवार दस लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि माधवगंज कस्बे से एक सीएनजी ऑटो बिलग्राम कटरा बिल्हौर मार्ग पर बिलग्राम की तरफ आ रहा था कि रास्ते में एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ऑटो विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम से टकराकर पलट गया। ऑटो रिक्शा में 15 लोग सवार थे जिनमें से कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बिलग्राम स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डॉक्टरों ने दस लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छह महिलाएं, दो बच्चे ,एक पुरुष और एक किशोरी शामिल है।

### एफसीआई में होगा 10700 करोड़ रुपये का निवेश

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार सार्वजनिक खरीद के उपक्रम भारतीय खाद्य निगम को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिये 10 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले दिनों सरकार ने किसान और कृषि तथा सार्वजनिक जन वितरण के महत्व को समझते हुये कई महत्वपूर्ण फैसले किये हैं। सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है।

## प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना में दस लाख रूपये तक का ऋण

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने देश के मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके तहत छात्रों को दस लाख रूपये तक का ऋण दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के लिए वर्ष 2024-25 से 2030-31 के दौरान 3,600 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है और इस अवधि के दौरान 7 लाख नए छात्रों को इस का लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक है और जो किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजना के तहत लाभ के पात्र नहीं हैं, उन्हें ऋण स्थगन अवधि के दौरान 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज छूट भी प्रदान की जाएगी। ब्याज छूट सहायता हर साल एक लाख छात्रों को दी जाएगी। उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो सरकारी संस्थानों से हैं और जिन्होंने तकनीकी, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का विकल्प चुना है।

## कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर दक्षिण में दो सभाओं को किया संबोधित



**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में दो सभाओं को संबोधित किया तथा चुनाव में जुटे कांग्रेस नेताओं की बैठक भी लिया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव 13 नवंबर को है। कांग्रेस ने आपकी भरोसे पर आकाश शर्मा को दक्षिण विधानसभा चुनाव में उतारा है। हम सब कांग्रेस के नेता आप लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के लिये वोट मांगने आये है। ये चुनाव सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं है। ये चुनाव 30-35 साल से आप एक ही विचारधारा को जिताते आ रहे है इस समय क्षेत्र के विकास के लिये आपको दक्षिण विधानसभा में बदलाव की जरूरत है।

## मुर्मु ने छठ पूजा पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मु ने अपने संदेश में कहा, व्रत और निष्ठा से जुड़े लोक आस्था के पावन पर्व छठ पूजा के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा देश के प्राचीनतम त्योहारों में से एक है जिसमें सभी श्रद्धालुगण सूर्यदेव की आराधना करते हैं। इस त्योहार पर हम प्रकृति की अनुपम देन के रूप में नदियों और तालाबों की भी पूजा करते हैं। कठोर उपवास का यह पर्व हमें निर्मल बनाता है और आध्यात्मिक रूप से जागृत करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य का यह अनूठा पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करता है।उन्होंने कहा ,आइए, छठ पूजा के अवसर पर भगवान सूर्य, नदियों और धरती मां के प्रति हम अपनी आस्था प्रकट करें। मेरी कामना है कि यह पर्व हम सभी के जीवन में खुशहाली लाए तथा हमें प्रकृति का सम्मान करने के लिए प्रेरित करे।

# ट्रम्प की ऐतिहासिक वापसी

वार्ता ◄ न्यूयॉर्क
www.dailypioneer.com

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है और आवश्यक 270 से अधिक इलेक्टोरल वोट जीतकर व्हाइट हाउस में ऐतिहासिक वापसी करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका के आने वाले 47वें राष्ट्रपति ने फ्लोरिडा में उत्साही भीड़ से कहा, अमेरिका ने हमें एक अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है। सात महत्वपूर्ण स्विंग राज्यों में से ट्रम्प ने उत्तरी कैरोलिना, जॉर्जिया, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन में जीत हासिल की और मिशिगन, नेवादा और एरिज़ोना में आगे हैं। डेमोक्रेट कमला हैरिस ने अभी तक हार स्वीकार नहीं की है या अपने समर्थकों को संबोधित नहीं किया है, जबकि अंतिम परिणाम आने से काफी पहले ही निराश भीड़ ने उनकी वॉच पार्टी छोड़ दी। रिपब्लिकन ने भी लगातार सीटों के उलटफेर के बाद डेमोक्रेट्स से सीनेट वापस ले ली है। ट्रम्प ने बुधवार की सुबह राष्ट्र में समर्थकों को संबोधित करते हुए कसम खाई कि वह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के बाद अमेरिका के स्वर्ण युग का नेतृत्व करेंगे। ट्रम्प ने बुधवार को सुबह 2:30 बजे से ठीक पहले फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने अभियान की वॉच पार्टी में समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन था। इस देश में और शायद इससे परे कभी भी ऐसा कुछ नहीं हुआ और अब यह महत्व के एक नए स्तर पर पहुंचने जा रहा है क्योंकि हम अपने देश को ठीक करने में मदद करने जा रहे हैं। उन्होंने भीड़ के यूएसए, यूएसए, यूएसए जययोष के बीच कहा हम यहां अपने देश की मदद करने जा रहे हैं।




### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप को दी जीत की बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने पर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी है और उनसे भारत अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझीदारी को मज़बूत करके वैश्विक शांति के लिए काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, 'मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप आपकी ऐतिहासिक चुनाव जीत पर हार्दिक बधाई।

## पत्रकार का घर गिराने पर उत्तर प्रदेश सरकार को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने 'बिना उचित प्रक्रिया के पालन' बुलडोजर से एक पत्रकार का घर गिराने पर उत्तर प्रदेश सरकार को पीड़ित को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वर्ष 2019 में महाराजगंज जिले में सड़क चौड़ीकरण की एक परियोजना के लिए पत्रकार मनोज टिबरेवाल का घर गिराने के मामले में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने मुआवजा देने का निर्देश देते हुए कहा कि अदालत के इस आदेश की प्रति सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को भी भेजी जाए। पीठ ने मुआवजा देने का आदेश पारित करते हुए कहा, आप (सरकार) बिना उचित प्रक्रिया का पालन किए बुलडोजर लेकर नहीं आ सकते और रातों-रात घर को ध्वस्त नहीं कर सकते।' शीर्ष अदालत ने राज्य के अधिकारियों को तोड़फोड़ करने पर फटकार लगाई और इसे 'अराजकता' करार दिया। पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को महाराजगंज जिले में अवैध तोड़फोड़ की जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने पत्रकार मनोज टिबरेवाल आकाश द्वारा भेजी गई शिकायत के आधार पर 2020 में स्वतः संज्ञान करवाई की थी। टिबरेवाल का महाराजगंज जिले में स्थित घर 2019 में तोड़ दिया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष आकाश का पक्ष रखा। राज्य सरकार ने दावा किया कि आकाश ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किया है। पीठ ने राज्य के वकील से पूछा, आप कहते हैं कि वह 3.7 मीटर तक अतिक्रमण था। हम इसे स्वीकार करते हैं। हम उसे इसके लिए प्रमाण पत्र नहीं दे रहे हैं। लेकिन, आप इस तरह से लोगों के घरों को कैसे ध्वस्त करना शुरू कर सकते हैं। अदालत ने राज्य के अधिकारियों से उचित प्रक्रिया का पालन करने में विफल रहने पर सवाल उठाया, क्योंकि दावा किया गया था कि कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था।

## आतंकवाद रोधी सम्मेलन को संबोधित करेंगे शाह

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय जांच एजेन्सी के दो दिवसीय 'आतंकवाद रोधी सम्मेलन-2024' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। गृह मंत्रालय ने बताया कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर चलकर इस समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है। यह वार्षिक सम्मेलन, राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों, आतंकवाद का मुकाबला कर रहे सुरक्षाबलों, तकनीकी, कानूनी, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और एजेंसियों के बीच आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचार-विमर्श के लिए एक समन्वय बिंदु के रूप में उभरा है। सम्मेलन का मुख्य फोकस 'संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण' के साथ आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित कर विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना है। इसके साथ ही, इस सम्मेलन का उद्देश्य भावी नीति निर्माण के लिए ठोस जानकारी प्रस्तुत करना भी है। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान विचार-विमर्श और चर्चाओं का फोकस, आतंकवाद-रोधी जाँच में अभियोजन और कानूनी ढाँचे, अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथा को साझा करने, उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित चुनौतियों और अवसरों, अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और देशभर में विभिन्न आतंकवाद-निरोधी थिएटरों में आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने की रणनीतियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों पर रहेगा।

### श्रम और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

## रामलला दर्शन योजना : बिलासपुर संभाग से 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए हुए रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा शुरू की गई श्रीरामलला दर्शन योजना को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर विशेष ट्रेन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को श्रम और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। गाजे बाजे और पारंपरिक नृत्य से उनका स्वागत हुआ। ये श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर भजन गाते हुए विशेष ट्रेन में सवार होकर यात्री रवाना हुए। सभी श्रद्धालुओं की रामलला के दर्शन की अभिलाषा पूरी होने जा रही है। ये श्रद्धालु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति दिल से आभार व्यक्त कर रहे थे। श्रद्धालुओं का कहना था कि मुख्यमंत्री ने अपना वादा निभाया है और सरकार की रामलला दर्शन योजना से अयोध्या जाने की उनकी इच्छा पूरी हो रही है। यह उनका सौभाग्य है। कोरबा जिले के हरि प्रसाद मैत्री, मनमोहन साहू, बनवारी पटेल, बिलासपुर जिले की उषा वाजपेयी भी अयोध्या रामलला दर्शन के लिए जा रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराकर सरकार पुण्य का काम कर रही है। उम्र के इस पड़ाव में सभी को तीर्थ यात्रा की इच्छा रहती है लेकिन आर्थिक कठिनाईयों के चलते संभव नहीं हो पाता है। हम सरकार के आभारी है कि उन्होंने हमारी ये इच्छा पूरी की। अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई इस विशेष ट्रेन में बिलासपुर जिले के 225 यात्री भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां ठहरने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान, एसडीएम पीयूष तिवारी, रामदेव कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।





## दिल्ली की 1901 औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में बदला गया : गोपाल राय

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली की 1901 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया हैं। राय ने शहर में औद्योगिक प्रदूषण को लेकर समीक्षा बैठक के बाद बताया कि दिल्ली में औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और डीएसआईआईडीसी की 58 टीमों का गठन किया गया है। औद्योगिक अपशिष्ट को निपटाने की निगरानी के लिए 191 पेट्रोलिंग टीम तैनात की गयी है। इसके साथ ही दिल्ली की 1901 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया हैं। उन्होने बताया कि सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितम्बर को सरकार द्वारा विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है। औद्योगिक प्रदूषण के खिलाफ अभियान के तहत पूरी दिल्ली में तीन विभागों की 191 पेट्रोलिंग टीम को औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग के उचित निपटान की निगरानी के लिए तैनात करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 58 टीमें औद्योगिक इकाइयों के लगातार निरीक्षण के कार्य में तैनात की गई है।

## सिद्दारमैया लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया कथित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले में पूछताछ के लिए बुधवार को मैसूर में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए। सिद्दारमैया ने लोकायुक्त की स्वतंत्रता में अपने विश्वास की पुष्टि करते हुए चल रही जांच में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'लोकायुक्त सीबीआई की तरह एक स्वतंत्र एजेंसी है। मैंने पूछे गए सभी सवालों के जवाब दिए हैं और मेरे जवाब रिकॉर्ड किए गए हैं। वे दी गई जानकारी के आधार पर अपनी जांच जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री ने पत्नी पार्वती को लेकर विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी।उन्होंने स्पष्ट किया, 'मेरी पत्नी ने उन भूखंडों को वापस कर दिया है क्योंकि मेरे खिलाफ आरोप हैं।' विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने हुबली में सिद्दारमैया का बचाव करते हुए उन्हें 'कानून का पालन करने वाला नागरिक' बताया है। पाटिल ने कहा, 'मुख्यमंत्री कानून का सम्मान करते हैं और कानूनी मानकों को बनाए रखने में किसी से पीछे नहीं रहेंगे।' सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री प्रियांक खरगे ने सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरोप राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री को इस्तीफा क्यों देना चाहिए , राज्य भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ ईडी का मामला है और ईसीआर दर्ज है। क्या उन्होंने इस्तीफा दिया है, यह बहुत गंभीर अपराध है।'

# जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का हुआ भव्य शुभारंभ

## शासन की योजनाओं से बस्तर क्षेत्र विकास के पथ पर हो रहा अग्रसर : विधायक टेकाम

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 25वां राज्योत्सव समारोह का गरिमामय ढंग से शुभारंभ हुआ, जिसमें केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नृत्यों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कोंडागांव के स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह स्थल में सबसे पहले विधायक टेकाम ने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिल को प्राप्त एम्बुलेंस वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पश्चात उन्होंने विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी की जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया। स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक टेकाम ने जिले के सभी नागरिकों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी को नमन किया और जिले के नागरिकों को राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले यहां के नागरिकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन राज्य बनने के बाद सभी परेशानियों से आजादी मिली। इन 25 सालों में छत्तीसगढ़ राज्य बहुत तरक्की की है। छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है, लेकिन पिछले कई वर्षों से नक्सलवाद की समस्या से जूझ रहा हैं। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा भी नक्सलवाद उन्मूलन के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री साय ने सरकार बनते ही राज्य के नागरिकों को पक्का आवास दिलाने का निर्णय लिया और 18 लाख आवास की स्वीकृति दी। जल जीवन मिशन से घर पर ही स्वच्छ पेयजल मिलने से महिलाओं को बहुत राहत मिली है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। किसानों के कल्याण के लिए भी शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे हमारे किसान भाई निरंतर प्रगति करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि धमतरी जगदलपुर फोरलेन की स्वीकृति, भारत माला प्रोजेक्ट और जिले में मक्का प्रसंस्करण ईकाई सहित बस्तर क्षेत्र को कई सौगातें मिल रही है, जिससे कोण्डागांव जिले के साथ पूरा बस्तर क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने समारोह को संबोधित करते हुए राज्योत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने ग्रामीणों से वन संरक्षण के लिए अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि, जिले की प्रगति के लिए शिक्षा सहित अन्य क्षेत्र में सभी प्रयासों से आगे बढ़ने की बात कही। कलेक्टर दुदावत ने जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। इसी भावना के साथ हम जिले के विकास की दिशा में दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 महीनों में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन से जिले में सामाजिक और आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। कोंडागांव आकांक्षी जिला है और शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत जिले की उपलब्धियों की भी विस्तृत जानकारी दी। राज्योत्सव समारोह के सांस्कृति संध्या में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। साथ ही चिरैया लोकमंच (लालजी कोर्राम), छत्तीसगढ़ी लोकरंग (सिद्धार्थ महाजन) एवं चक्रधर समारोह से सम्मानित रायपुर के कलाकार सुनील तिवारी (रंग झांझर) की टीम ने छत्तीसगढ़ी गीतों एवं बस्तर की पारंपरिक लोक गीतों की मनमोहक प्रस्तुती दी, जिसका बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने देर रात आनंद लिया। समारोह में इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दीपेश अरोरा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति सूची जारी नहीं होने से शिक्षकों में भारी आक्रोश

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

दीपावली पूर्व प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति करने हेतु जिले के समस्त 320 शिक्षकों का काउंसलिंग किया गया जिसका नियुक्ति आदेश आज पर्यंत तक जारी नहीं किया गया है जिसको लेकर पदोन्नत शिक्षकों में भारी आक्रोश एवं संदेह भी है ऐसा इसलिए क्योंकि डेड़ माह पूर्व भी इसी तरह जिला प्रशासन के द्वारा काउंसलिंग करवाया गया था और उपरांत नियुक्ति आदेश जारी करने में काफी लेटलतीफ किया गया इसके परिणाम स्वरूप अंततः उक्त काउंसलिंग को निरस्त किया गया पुनः शिक्षकों में यही संदेह है कि फिर से लेटलतीफी होने से सूची निरस्त करने की स्थिति निर्मित ना हो जाए ऐसा क्यों होता है कि एलबी संवर्ग के शिक्षक अपनी हर जायज मांगों के लिए हमेशा आंदोलन करने को मजबूर हो जाते हैं और आंदोलन के फलस्वरुप ही उन्हें न्याय मिलता है शिक्षक संघर्ष मोर्चा भानुप्रतापपुर जिला प्रशासन से अपील करता है कि पदोन्नत प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों की नियुक्ति आदेश जल्द से जल्द जारी कर हमारे साथ न्याय करें।

# नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिए मतपत्र मुद्रण कार्य

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छग राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार नगरीय निकाय (नगरपालिका) चुनावों के लिए मतपत्र मुद्रण का कार्य कराया जाना है। स्थानीय स्तर से इच्छुक एवं योग्य फर्मों की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रारूप एवं निविदा की विस्तृत शर्तें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के (स्थानीय निर्वाचन शाखा, कक्ष क्रमांक-66) से प्राप्त किया जावेगा। इच्छुक निविदाकार 100/- (अक्षरी एक सौ रूपये) कार्यालय में नगद जमा कर अथवा चालान शीर्ष 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-02 निर्वाचन, 104-फीस, जुर्माने और जब्तियां, 0144-अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत शासकीय खजाने में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। पूर्णतया भरे हुए निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कोंडागांव में 25 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। प्राप्त निविदाओं में 25 नवंबर को ही शाम 4 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जावेगी।

# जिले में गौरवमयी ढंग से मनाया गया राज्योत्सव

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति परम्परा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं अन्य जिलों के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आर्केस्ट्रा का विशाल जनसमूह ने भरपूर आनंद उठाया। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विभागीय योजनाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, ग्रामीण विकास, पशुपालन, मत्स्य मछली पालन, कृषि उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला बाल विकास, खेल विभाग एवं जनसंपर्क विभाग सहित कुल 22 विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए लोगों को शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसिकल, बैसाखी सहित विभिन्न सहायक उपकरण भी दिव्यांगजनो को वितरित किया गया। साथ ही अन्य विभाग द्वारा सामग्री एवं विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित कर चेक, वन अधिकार पत्र, कृषि उपकरण, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वितरण किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित वरिष्ठ नागरिक श्रीनिवास मुदलियार, जी वेंकट, संजय लुक्कड़ द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले वासियों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन के योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से बीजापुर जिला निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। बीजापुर के विकास में शासन-प्रशासन का सहयोग करने जिलेवासियों का भी आभार व्यक्त किया। बीजापुर सुदूर और संवेदनशील जिला होने के बावजूद शासन की योजना ग्रामीणों को आकर्षित कर रही है जिसके कारण सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन की सुविधा, संचार की सुविधाएं लगातार बढ़ रही है और बीजापुर अब निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। बीजापुर जनजाति बाहुल्य एवं वनांचल जिला होने के कारण यहां का प्रमुख आय का स्त्रोत वनोपज संग्रहण, कृषि है छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, तेन्दूपत्ता के प्रति मानक बोरा 4 हजार से 5500 होने पर यहां के आदिवासियों एवं तेन्दूपत्ता संग्राहकों में हर्ष व्याप्त है। वहीं महतारी वंदन योजना से जिले के 35 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण में तेजी आई है। छत्तीसगढ़ शासन के सुरक्षा के साथ विकास पर आधारित नियद नेल्लानार योजना के तहत अंदरूनी गावों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, आंगनबाड़ी जैसे बुनियादि सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। वहीं शासन की समस्त योजनाओं का लाभ दिलाने अंदरूनी क्षेत्रों में अभियान के रूप में राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता जैसे जरूरी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं।

# कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिए निर्देश

- समय-सीमा की बैठक में बस्तर ओलंपिक के तैयारी की भी समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में बस्तर ओलंपिक के जिला व विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि, शासन के निर्देशानुसार बस्तर ओलंपिक का भव्य आयोजन किया जाना है। इस दौरान किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम के साथ भोजन, पेयजल और परिवहन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दुदावत ने को आयोजित समय सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि, केंद्र शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना हैं। इस योजना से हितग्राहियों को मुफ्त बिजली मिलेगी, साथ ही खपत से अधिक बिजली उत्पादन पर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करें साथ ही इसके लिए ऋण स्वीकृति के प्रकरण के निराकरण में भी तेजी लाएं। गिरदावरी सत्यापन के कार्य में अच्छी प्रगति आई है और सत्यापन हेतु शेष कार्य को भी सभी जिला स्तरीय अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने में सहयोग करें।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए नये स्वीकृत कार्यों के लिए पंजीयन में तेजी लाने और स्वीकृत आवास के निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में स्थित सभी चेकडेम के गेट बंद हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में जनदर्शन और समय-सीमा के आवेदनों पर कार्यवाही की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों के जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा धान खरीदी की तैयारी, सहकार से समृद्धि के तहत समिति का गठन, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत नवीन केन्द्र खोलने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# जनसंपर्क के छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं की मिली जानकारी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24वें वर्षगाठ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन बीजापुर के मिनी स्टैडियम में आयोजित कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का स्टॉल विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया था जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। छायाचित्र प्रदर्शनी लोगो में आकर्षण का केन्द्र रहा रात्योत्सव में पहुचे लोगो को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम, मासिक पत्रिका जनमन, रोजगार नियोजन सहित अन्य पत्र-पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया।

# कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन पर शिवचरण ने किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




बस्तर में सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से नवाचारी शिक्षण समूह इंद्रधनुष के शिक्षकों द्वारा अपने शिक्षण कार्य के साथ समय समय पर सुदृढ़ समाज के निर्माण के लिए नशा मुक्ति स्वच्छता और एनीमिया मुक्ति, स्वास्थ्य सुधार में निरंतर सहयोग कर रहें हैं। छत्तीसगढ़ शासन के वर्तमान कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं को रक्तदान करने के लिए जागरूक करते हुए शिक्षक शिवचरण साहू ने आज रवीन्द्रनाथ टैगोर जिला चिकित्सालय कोंडागांव 50वां बार निःशुल्क स्वैच्छिक रक्तदान कर अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया हैं। इस अवसर पर इंद्रधनुष के शिक्षक हीरालाल चुरेंद्र द्वारा बीसवां रक्तदान प्रतिमा नेताम के लिए और तुकेश्वर साहू ने तीसरी बार जिला अस्पताल में भर्ती मरीज मीणा कोर्राम के लिए बी पॉजिटिव रक्तदान किया गया। इस अवसर पर टीम इंद्रधनुष के शिक्षक नीरज ठाकुर, हीरालाल, चुरेंद्र, रामानंद मंडावी, सूरज नेताम, अखिलेश ठाकुर, भोला नाग, मनीष साहू, भाजपा युवा कार्यकर्ता परमेश्वर नेताम के साथ जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुफ्त बिजली के साथ होगी अतिरिक्त आय

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलु विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह योजना बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की भागीदारी सुनिश्चित करने में पीएम सूर्य घर योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना के तहत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई होगी। इससे न केवल उपभोक्ताओं के घर की बिजली शून्य होगा, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी। घर के छतों में सौर पैनल स्थापना के लिए हितग्राहियों को शासन द्वारा 30 से 78 हजार रूपए की सब्सिडी प्रति प्लांट दी जाएगी। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार 1 किलोवाट के लिए लगभग 65 हजार रुपए की लागत पर शासन द्वारा 30 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी, 2 किलोवाट के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए की लागत पर 60 हजार रुपए की सब्सिडी और 3 किलोवाट से अधिक की सोलर संयंत्र के लिए 1 लाख 95 हजार की लागत पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें हितग्राही का अंशदान 10 प्रतिशत रहेगा और शेष राशि के लिए बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराई जाएगी। पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठाने के लिए जिले के हितग्राही वेब पोर्टल या पीएम सूर्य घर मोबाइल एप में पंजीयन करा सकते हैं।

## राज्य के निर्माण करने वाले विभूतियों को नमन और प्रदेश विकास के कई ऊंचाइयों को छुए यही कामना : लता उसेंडी

# छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर जगदलपुर में धूमधाम से मनाया गया राज्योत्सव

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ राज्य के 24 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्योत्सव 2024 का आयोजन जगदलपुर के सिटी ग्राउंड में किया गया। इस भव्य आयोजन में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागाँव विधायक लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस राज्योत्सव में चार चांद लगाए, जिसमें स्कूली बच्चों और लोक नर्तक दलों की शानदार प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहीं।

कार्यक्रम में उसेंडी ने कहा कि राज्योत्सव के अवसर 24 साल में छत्तीसगढ़ के निर्माण करने वाले विभूति पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी को नमन करते हुए राज्य और जिलों के निर्माण और विकास में योगदान के लिए आभार व्यक्त की। प्रदेश विकास की ऊँचाइयों को छुए यही हमने कामना की है, राज्य ने कई आयाम को पाया है। हमारे सरकार के समय कई विकास के कार्य हुए जिसका लाभ बस्तर को भी मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री के द्वारा आत्मनिर्भरता पाठ के साथ उस पर कार्य करने की पहल की गई है और भी कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाया जा रहा है। साथ ही हमे विकसित भारत के संकल्पना में सारे इंडिकेटर को पूरा कर देश और प्रदेश को विकसित बनाने का प्रयास करना है जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कार्यक्रम में सभी को राज्योत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर सफिरा साहू ने भी सभी नगर और प्रदेशवासियों को 24 वर्ष राज्योत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ राज्य की अलग पहचान है, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर से परिपूर्ण राज्य के रूप में पहचाना जाता है। ऐसे ही हमारे बस्तर क्षेत्र को भी जाना जाता है, राज्योत्सव के इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में हमारे बस्तर की छवि को प्रदर्शित करने वाले प्रमुख लोक नृत्यों को प्रस्तुत किया जा रहा है, इसके लिए सभी को बधाई। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि जिले में हमने विभागीय योजनाओं और नवाचारों के द्वारा कई विकास कार्यों को गति दी है जिसका संक्षिप्त प्रदर्शन विभागीय स्टालों के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि हर नागरिक सशक्त और आत्मनिर्भर बने, अपने हुनर और सामर्थ्य को पहचाने। साथ ही बस्तर क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन, लोक कला, नृत्य शैली व सांस्कृतिक परंपरा को संरक्षण कर सांस्कृतिक धरोहर को देश-विदेश में प्रदर्शित कर नाम कमाया है। इस राज्योत्सव के माध्यम से प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण, लोक कला-संस्कृति का संदेश देना चाहते हैं ताकि आने वाले पीढ़ी को इस धरोहर का लाभ दे सकें। इस अवसर पर गणमान्य जनप्रतिनिधि, एमआईसी के सदस्य-पार्षदगण, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ उत्तम गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और बहुसंख्यक नागरिकगण उपस्थित थे।

# युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या करने का प्रयास अस्पताल में भर्ती

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दाबकट्टा में बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन युवक को तत्काल भानुप्रतापपुर अस्पताल लाए जहां उसकी हालत में सुधार नही होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार विष्णु कोरेटी उम्र 21 वर्ष ग्राम दाबकट्टा ने सुबह फांसी लगा लिया। घर वालो ने देखा और नीचे उतारा तत्काल अस्पताल ले आए। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिकता से उपचार किया और हायर सेंटर अस्पताल रेफर कर दिया है। युवक के पिता ने बताया युवक एक लडकी से विवाह कर लिया है। इसी के कारण घर में मामूली विवाद हुआ था हो सकता है इसी कारण से यह कदम उठाया होगा।

# त्रिस्तरीय पंचायतों के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के मतपत्र मुद्रण कार्य के लिए निविदा आमंत्रित

**कोंडागांव।** छग राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के मतपत्र मुद्रण कार्य करने हेतु जिला कोंडागांव के स्थानीय स्तर से इच्छुक एवं योग्य फर्मों की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रारूप एवं निविदा की विस्तृत शर्ते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के (स्थानीय निर्वाचन शाखा, कक्ष क्रमांक-66) से प्राप्त किया जावेगा। इच्छुक निविदाकार 100/- (अक्षरी एक सौ रूपये) कार्यालय में नगद जमा कर अथवा चालान शीर्ष 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-02 निर्वाचन, 104-फीस, जुर्माने और जब्तियां, 0144-अन्य प्राप्तिया के अंतर्गत शासकीय खजाने में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है।

AU SMALL FINANCE BANK
चलो आगे बढ़ें

# एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

## परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का सांकेतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहॉ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई–निविदा जमा कराने की तिथि | ई–निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060114035020 रज्जूजान जांगडे पुत्र धना राम ( ऋणी एवं बंधककर्ता ), श्रीमती अन्नपूर्णा जांगडे पुत्र शानाराम बाई ( सहऋणी ), धनाराम जांगडे पुत्र रघुराज जांगडे ( सहऋणी ), संजीव कुमार पुत्र धनाराम ( सहऋणी ), अर्जुनलाल टण्डन पुत्र सुखनू टण्डन ( गारंटर ) | 25-नवम्बर-19 3,05,716/- तीन लाख पांच हजार सात सौ सोलह रूपये मात्र 20-नवम्बर -19 तक | 26-अगस्त -20 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 43, खसरा नं. 190, वार्ड नं. 09, ग्राम भगवानपाली, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट | Rs. 12,35,000/- बारह लाख पैंतीस हजार रूपये मात्र | Rs. 1,23,500/- एक लाख तेइस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार एवं पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ पिन 495001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060717407681 देवेश चन्द दीवान पुत्र/पत्नी/पुत्री गरीबा राम ( ऋणी ), श्रीमती यागेश्वरी दीवान पत्नी देवेश चन्द ( सहऋणी ), ओमसिंह दीवान पुत्र देवेश चन्द दीवान ( सहऋणी ) | 13-जुलाई-21 16,51,640/- सोलह लाख इक्यावन हजार छः सौ चालीस रूपये मात्र 07-जुलाई -21 तक | 25-अक्टूबर -21 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 183/1, पीएच नं. 12 ग्राम अकलवाडा, तहसील गुरूर, जिला बडोद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.010 हैक्टैयर | Rs. 16,55,000/- सोलह लाख पचपन हजार रूपये मात्र | Rs. 1,65,500/- एक लाख पैंसठ हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः वार्ड नं. 5 प्लॉट नं. 7, जीई रोड, गांधी चौक के पास, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, छत्तीसगढ 490001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060816229685 & L9001060113784100 राकेश कुमार तिवारी पुत्र दुर्गा प्रसाद ( ऋणी ), श्रीमती बबीता तिवारी पत्नी राकेश कुमार तिवारी ( सहऋणी ) | 01-नवम्बर-21 8,68,834/- आठ लाख अडसठ हजार आठ सौ चौतीस रूपये मात्र 01-नवम्बर -21 तक एवं 23-अप्रैल-21 16,67,989/- सोलह लाख सडसठ हजार नौ सौ नवासी रूपये मात्र 21-अप्रैल -21 तक | 16-फरवरी -22 एवं 14-सितम्बर -21 | ( संपत्ति 1 ) संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा के बाहर पीएच नं. 22, प्लॉट नं. 189, मध्यम, ग्राम लिंगियाध तहसील बिलासपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1760 वर्ग फीट ( संपत्ति 2 ) संपत्ति स्थित मौजा लिंगियादिह, प्लॉट नं. 189, आर. के. नगर, हरषी नगर योजना, बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट | दोनो संपत्ति हेतु Rs. 25,50,000/- पच्चीस लाख पचास हजार रूपये मात्र | दोनो संपत्ति हेतु Rs. 2,55,000/- दो लाख पचपन हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार एवं पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ पिन 495001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions@ aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060121366222 राज कुमार भारती पुत्र लक्ष्मी नारायण भारती ( ऋणी ), लक्ष्मी नारायण भारती पुत्र गोप करण भारती ( सहऋणी ), महेन्द्र भारती पुत्र लक्ष्मी नारायण भारती ( सहऋणी ) | 15-मार्च-22 5,93,376/- पांच लाख तिरानवे हजार तीन सौ छिहत्तर रूपये मात्र 15-मार्च -22 तक | 17-फरवरी -23 | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 25, खसरा नं. 740/2 मीडियम जांजगीर-चम्पा, मालखरोंदा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 436.15 वर्गगज | Rs. 16,55,000/- सोलह लाख पचपन हजार रूपये मात्र | Rs. 1,65,500/- एक लाख पैंसठ हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला, जांजगीर 495668 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions@ aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060824690893 नवीन जलपान जरिये प्रोपराइटर विमल कुमार साहू ( ऋणी ), विमल कुमार साहू पुत्र कल्याण सिंह ( सहऋणी ), श्रीमती बिन्दु साहू पत्नी विमल कुमार साहू ( सहऋणी ) | 06-अगस्त-22 4,88,275/- चार लाख अठासी हजार दो सौ पिचहत्तर रूपये मात्र 05-अगस्त -22 तक | 20-मार्च -23 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 841, पीएच नं. 13, ग्राम जिओरा, आरएनएम दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्गगज | Rs. 18,91,000/- अठारह लाख इक्यानवे हजार रूपये मात्र | Rs. 1,89,100/- एक लाख नवासी हजार एक सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060123872888 अनिरूद्ध कुमार कुर्रे पुत्र दिलीप कुर्रे ( ऋणी ), दिलीप कुर्रे पुत्र महेश कुर्रे ( सहऋणी ) | 10-अक्टूबर-22 7,20,785/- सात लाख बीस हजार सात सौ पिच्यासी रूपये मात्र 10-अक्टूबर -22 तक | 20-मई -23 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 11, खसरा नं. 202/25, ग्राम भादरा पामगढ, ग्राम पंचायत भादरा तहसील पामगढ, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 405.2 वर्ग मीटर | Rs. 7,85,000/- सात लाख पिच्यासी हजार रूपये मात्र | Rs. 78,500/- अठहत्तर हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला, जांजगीर 495668 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060128195870 चन्द्र कुमार साहू ( ऋणी ), राम कुमार साहू ( सहऋणी ) | 12-जनवरी-23 10,50,464/- दस लाख पचास हजार चार सौ चौसठ रूपये मात्र 10-जनवरी -23 तक | 16-दिसम्बर -23 | संपत्ति स्थित मकान नं. 3, नजुल शीट नं. 47-बी, प्लॉट नं. 48-4 नजुल मोहल्ला मुंगेली एमपीएल कॉलोनी कार्उसिल लिमिट सुभाष नगर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 657 वर्ग फीट | Rs. 10,58,000/- दस लाख अट्ठावन हजार रूपये मात्र | Rs. 1,05,800/- एक लाख पाचं हजार आठ सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार एवं पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ पिन 495001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126343939 साहू पॉल्ट्री फार्म ( ऋणी ), श्रीमती गीतांजली साहू ( सहऋणी ), सुरेश कुमार साहू ( सहऋणी ) | 12-जनवरी-23 10,42,491/- दस लाख बयालीस हजार चार सौ इक्यानवे रूपये मात्र 10-जनवरी -23 तक | 17-अप्रैल -23 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 794/14, पीएच नं. 17, रा.नि. मान, अकलतारा, ग्राम पंचायत रासेडा, जांजगीर, चम्पा छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.040 हैक्टेयर | Rs. 12,90,000/- बारह लाख नब्बे हजार रूपये मात्र | Rs. 1,29,000/- एक लाख उनतीस हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला, जांजगीर 495668 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070127005442 खुशबू कश्यप ( मृतक ) ( ऋणी ), छगन लाल कश्यप ( सहऋणी ), दिलीप कुमार रछदानी ( गारंटर ) | 12-जनवरी-23 25,10,005/- पच्चीस लाख दस हजार पांच रूपये मात्र 10-जनवरी -23 तक | 18-अप्रैल -23 | संपत्ति स्थित ब्लॉक नं. सी फ्लैट नं. 104, खसरा नं. 191/6, वाके मौजा आमलीदीह डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 46, पीएच नं. 45, आरएनएम रायपुर 2 तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसढ क्षेत्रफल 655 वर्ग फीट | Rs. 19,75,000/- उन्नीस लाख पिचहत्तर हजार रूपये मात्र | Rs. 1,97,500/- एक लाख सतानवे हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | विकास दुबे / धीरज पाण्डे 7389928076 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060128386574 संतोष कुमार खूंटे ( ऋणी ), श्रीमती नीतरा खूंटे ( सहऋणी ) | 15-अप्रैल-23 2,62,737/- दो लाख बासठ हजार सात सौ सैंतीस रूपये मात्र 12-अप्रैल -23 तक | 17-अगस्त -23 | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत मकान नं. 70ख, बरतूंगा, जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 531.86 वर्गगज | Rs. 8,50,000/- आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र | Rs. 85,000/- पिच्यासी हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला, जांजगीर 495668 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126875890 बसंत यादव ( ऋणी ), श्रीमती हेमलता यादव ( सहऋणी ) | 15-अप्रैल-23 15,28,438/- पन्द्रह लाख अट्ठाईस हजार चार सौ अडतीस रूपये मात्र 12-अप्रैल -23 तक | 17-अगस्त -23 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 132/3 पीएच नं. 28, ग्राम मिसदा, आरएनएम शिवनारायण, तहसील शिवनारायण एवं जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 323.9 वर्ग मीटर | Rs. 14,60,000/- चौदह लाख साठ हजार रूपये मात्र | Rs. 1,46,000/- एक लाख छियालीस हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला, जांजगीर 495668 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060125969488 राहुल देव बंजारा ( ऋणी ), चन्द्रशेखर बंजारे ( सहऋणी ), जलेश्वरी बंजारे ( सहऋणी ) | 15-अप्रैल-23 15,76,132/- पन्द्रह लाख छिहत्तर हजार एक सौ बत्तीस रूपये मात्र 12-अप्रैल -23 तक | 16-दिसम्बर -23 | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत वार्ड नं. 5 फास्टरपुर, तालाम, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2658 वर्ग गज | Rs. 26,75,000/- छब्बीस लाख पिचहत्तर हजार रूपये मात्र | Rs. 2,67,500/- दो लाख सडसठ हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार एवं पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ पिन 495001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070127860020 अरमान खान ( ऋणी ), कादिर खान ( सहऋणी ), अंजूमरा खातून ( सहऋणी ) | 12-जनवरी-24 35,60,707/- पैंतीस लाख साठ हजार सात सौ सात रूपये मात्र 10-जनवरी -24 तक | 18-जून -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1574/39 का भाग, पुराना पीएच नं. 60, नया खसरा नं. 1574/457, नया पीएच नं. 50, ग्राम कुरूद, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट | Rs. 35,85,000/- पैंतीस लाख पिच्यासी हजार रूपये मात्र | Rs. 3,58,500/- तीन लाख अट्ठावन हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | विकास दुबे / धीरज पाण्डे 7389928076 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117163526 पुरूषोत्तम महोबिया पुत्र डालचन्द मोहबिया ( ऋणी ), श्रीमती कविता महोबिया पत्नी राधेश्याम महोबिया ( सहऋणी ) | 14-जुलाई-23 24,73,791/- चौबीस लाख तिहत्तर हजार सात सौ इक्यानवे रूपये मात्र 11-जुलाई -23 तक | 18-दिसम्बर -23 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 97/2, पीएच नं. 12, ग्राम धूमरधीकला, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 4350 वर्ग फीट | Rs. 49,45,000/- उनचास लाख पैंतालीस हजार रूपये मात्र | Rs. 4,94,500/- चार लाख चौरानवे हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल, सहदेव नगर चौक, अपोलो फार्मेसी के पीछे, राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 491441 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060830998685 & L9001060126637042 हेम लाल साहू ( ऋणी ), रोहित कुमार साहू ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 2,68,563/- दो लाख अडसठ हजार पांच सौ तिरेसठ रूपये मात्र एवं 6,15,243/- छः लाख पन्द्रह हजार दो सौ तेतालीस रूपये मात्र 10-अगस्त -23 तक | 17 - दिसम्बर -23 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 3494, तूमगांव, पीएच नं. 30, वार्ड नं. 14, तहसील एवं जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2310 वर्ग फीट | Rs. 9,70,000/- नौ लाख सत्तरहजार रूपये मात्र | Rs. 97,000/- सतानवे हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126925363 गरिमा वस्त्रालय ( ऋणी ), कलश प्रसाद साहू ( सहऋणी ), संतोष कुमार साहू ( सहऋणी ), कालाराम मोहनलाल ( सहऋणी ) | 11-अगस्त-23 8,15,463/- आठ लाख पन्द्रह हजार चार सौ तिरेसठ रूपये मात्र 10-अगस्त -23 तक | 15 - फरवरी -24 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 16, खसरा नं. 413/2, ग्राम पंचायत छूइया सीमा, तहसील बिलाईगढ, बलोदा बाजार, भाटपुरा, बिलाईगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.011 हैक्टेयर | Rs. 9,40,000/- नौ लाख चालीस हजार रूपये मात्र | Rs. 94,000/- चौरानवे हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः वार्ड नं. 5 प्लॉट नं. 7, जीई रोड, गांधी चौक के पास, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, छत्तीसगढ 490001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060113123623 लखेश्वर पटेल ( ऋणी ), परमेश्वरी पटेल ( सहऋणी ), बाइजू पटेल ( सहऋणी ), भूपेन्द्र पटेल ( सहऋणी ) | 15-सितम्बर-23 4,10,319/- चार लाख दस हजार तीन सौ उन्नीस रूपये मात्र 12-सितम्बर -23 तक | 21 - जनवरी -24 | संपत्ति स्थित मौजा लिमतारा, पीएच नं. 136, खसरा नं. 327 का भाग, आरएनएम सिपात, तहसील बिलासपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1076 वर्ग फीट | Rs. 14,35,000/- चौदह लाख पैंतीस हजार रूपये मात्र | Rs. 1,43,500/- एक लाख तेतालीस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार एवं पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ पिन 495001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060119355987 सरजू बरमन ( ऋणी ), सरजू कुमार बरमन पुत्र अघनदीस बरमन ( सहऋणी ), श्रीमती लीला बाई बरमन पत्नी चरण भास्कर ( सहऋणी ) | 16-नवम्बर-23 9,18,342/- नौ लाख अठारह हजार तीन सौ बयालीस रूपये मात्र 15-नवम्बर -23 तक | 16 - मार्च -24 | संपत्ति स्थित नगर निगम पीएच नं. 21, खसरा नं. 117/2 का भाग, वार्ड नं. 7 ग्राम जरहाभाटा, तहसील एवं जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 100 वर्ग गज | Rs. 22,50,000/- बाईस लाख पचास हजार रूपये मात्र | Rs. 2,25,000/- दो लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार एवं पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ पिन 495001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions@ aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060130487010 राममिलन निराला पुत्र तुला राम ( ऋणी ), राजकुमार पुत्र तुलाराम ( सहऋणी ), श्रीमती सोनी बाई निराला पत्नी राम मिलन निराला ( सहऋणी ) | 17-नवम्बर-23 15,92,928/- पन्द्रह लाख बानवे हजार नौ सा अट्ठाईस रूपये मात्र 15-नवम्बर -23 तक | 13 - मार्च -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 969/2, मादवा, कसदोल बलोदा बाजार, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 861.11 वर्ग फीट | Rs. 16,35,000/- सोलह लाख पैंतीस हजार रूपये मात्र | Rs. 1,63,500/- एक लाख तिरेसठ हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060127866180 इन्द्र कुमार ( ऋणी ), तमराध्वज पुत्र इन्द्र कुमार ( सहऋणी ) | 12-नवम्बर-23 7,84,270/- सात लाख चौरासी हजार दो सौ सत्तर रूपये मात्र 11-दिसम्बर -23 तक | 29 - मार्च -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 547, पीएच नं. 40, वार्ड नं. 06, ग्राम धूमा, आर.आईसी. नारी, तहसील एवं ब्लॉक खुर्द, जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 133 वर्ग मीटर | Rs. 10,95,000/- दस लाख पिच्यानवे हजार रूपये मात्र | Rs. 1,09,500/- एक लाख नौ हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः विजय प्लाजा, मेनोनोट चर्च के पीछे, बस्तर रोड, छत्तीसगढ 493773 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @ aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060826410551 बग्गा मोटर्स ( ऋणी ), संदीप बग्गा पुत्र हरवंश बग्गा ( सहऋणी ), श्रीमती शिखा बग्गा पत्नी पूरण लाल भट्ट ( सहऋणी ) | 14-दिसम्बर-23 24,06,553/- चौबीस लाख छः हजार पांच सौ तिरेपन रूपये मात्र 11-दिसम्बर -23 तक | 14 - मार्च -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 30/22, 30/17, 30/2 प्लॉट नं. 85/2 एवं 90, पीएच नं. 119, ग्राम लालपुर, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1168 वर्ग फीट | Rs. 83,55,000/- तिरासी लाख पचपन हजार रूपये मात्र | Rs. 8,35,500/- आठ लाख पैंतीस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @ aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060135524722, ओमप्रकाश निशाद पुत्र बालक राम निशाद ( ऋणी ), श्यामरतन निशाद ( सहऋणी ), बालक निशाद ( सहऋणी ) | 06-जनवरी-24 4,89,075/- चार लाख नवासी हजार पिचहत्तर रूपये मात्र 05-जनवरी -24 तक | 05 - जुलाई -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 297/4, ग्राम निपानिया, तहसील भाटापारा, जिला बलोदाबाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 84 वर्ग मीटर | Rs. 4,95,000/- चार लाख पिच्यानवे हजार रूपये मात्र | Rs. 49,500/- उनचास हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @ aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060128606850 अजय कुमार कश्यप ( ऋणी ), श्रमीती मंजू देवी कश्यप ( सहऋणी ) | 12-जनवरी-24 11,95,171/- ग्यारह लाख पिच्यानवे हजार एक सौ इकहत्तर रूपये मात्र 10-जनवरी -24 तक | 25 -मई -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 397, प्लॉट नं. 03, पीएच नं. 23, नगर पंचायत लूरमी, ग्राम लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 818 वर्ग फीट | Rs. 12,05,000/- बारह लाख पाचं हजार रूपये मात्र | Rs. 1,20,500/- एक लाख बीस हजार पाचं सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060133870865 विनोद कुमार सूर्यवंशी ( ऋणी ), मानहरण करियारे ( सहऋणी ) | 13-फरवरी-24 16,59,061/- सोलह लाख उनसठ हजार इकसठ रूपये मात्र 12-फरवरी -24 तक | 26 -जून -24 | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में सर्वे नं. 2456-3, पीएच नं. 18, एमपीएल कार्उसिल जांजगीर नायला सीमा, ग्राम जांजगीर रा नि मान जांजगीर 2456 भाग 2456 3 जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 202.34 वर्ग मीटर | Rs. 24,35,000/- चौबीस लाख पैंतीस हजार रूपये मात्र | Rs. 2,43,500/- दो लाख तेतालीस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला, जांजगीर 495668 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126721681 हैदर अली तेली पठान ( ऋणी ), श्रीमती जाहिदा बेगम ( सहऋणी ) | 15-फरवरी-24 4,95,161/- चार लाख पिच्यानेव हजार एक सौ इकसठ रूपये मात्र 12-फरवरी -24 तक | 18 - जुलाई -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1336/3 पीएच नं. 05, ग्राम पंचायत भारदा कलां, राजनंदगांव, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1076.39 वर्ग फीट | Rs. 12,25,000/- बारह लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र | Rs. 1,22,500/- एक लाख बाईस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल, सहदेव नगर चौक, अपोलो फार्मेसी के पीछे, राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 491441 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060130027712 विशाल कृषि सेवा केन्द्र ( ऋणी ), जितेश कुमार चन्द्रकार पुत्र खगेश चन्द्रकार ( सहऋणी ), भास्कर चन्द चन्द्रकार ( सहऋणी ) | 16-अप्रैल-24 25,98,435/- पच्चीस लाख अठानवे हजार चार सौ पैंतीस रूपये मात्र 12-अप्रैल -24 तक | 24 - जुलाई -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 306/4 पीएच नं. 36, ग्राम ओदान, तहसील पलारी, जिला बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2250 वर्ग फीट | Rs. 29,65,000/- उनतीस लाख पैंसठ हजार रूपये मात्र | Rs. 2,96,500/- दो लाख छियानवे हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060127547293 गौरी शंकर चौधरी पुत्र पृथ्वी नाथ चौधरी ( ऋणी ), श्रीमती संतोषी चौधरी पत्नी दिगम्बर कश्यप ( सहऋणी ) | 17-मई-23 10,62,643/- दस लाख बासठ हजार छः सौ तेतालीस रूपये मात्र 15-मई -23 तक | 19 - अगस्त -23 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1525/12 एवं 1225/1, ग्राम भंवरपुर, पलसापाली, तह-बंसा, जिला महासमुंद, छत्तसीगढ क्षेत्रफल 0.06 हैक्टैयर | Rs. 22,40,000/- बाईं लाख चालीस हजार रूपये मात्र | Rs. 2,24,000/- दो लाख चौबीस हजार रूपये मात्र | 18-दिसम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 16-दिसम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 13 दिसम्बर 2024 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तेः
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है,'' जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड **MSME AUCTION POOL ACCOUNT** के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 **AU SMALL FINANCE BANK LIMITED** पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 **IFSC कोड : AUBL0002011** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है।आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auctions@aubank.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी।3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction** अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए ई–मेल auctions@aubank.in पर संपर्क करें।
**नोटः**–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**दिनांकः 06.11.2024** **स्थानः छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# डबल इंजन की सरकार से चहुंमुखी विकास की ओर बढ़ रहा छत्तीसगढ़ : मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

## पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में दर्शकों ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत का उठाया आनंद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के पंडित चक्रपाणि स्कूल मैदान में राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के पंडित चक्रपाणि स्कूल मैदान में राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के पंडित चक्रपाणि स्कूल मैदान में राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के पंडित चक्रपाणि स्कूल मैदान में राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। देर रात तक छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति एवं रीति-रिवाजों पर केन्द्रित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। राज्योत्सव समारोह की मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने की विशेष अतिथि के रूप में की । इस मौके पर मुख्य मंच से जिला प्रशासन द्वारा नवाचारी कार्यों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हितग्राहियों के लिए सहज रेत उपलब्धता हेतु ई-रेत संगवारी एप्लिकेशन 1.0 का लांच एवं जिला लाइब्रेरी में कैरियर काउंसलिंग के लिए विशेष कैरियर इन्फॉर्मेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री जायसवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य की 24 वें स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामना देते हुए कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश निर्माण की मांग को तत्कालीन प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा करते हुए अलग छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाईयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार से चहुँमुखी विकास हो रहा है। हम सभी को मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव साय का क्षमतावान नेतृत्व मिला है। केवल 10 माह के कार्यकाल में इस सरकार ने जो उपलब्धियां हासिल की वह काबिले तारीफ़ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली हमारी सरकार राज्य के सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है, लेकिन हमारी सरकार की प्राथमिकता में वे लोग हैं जो अपने अधिकारों से वंचित हैं। हम राज्य के पुरातन संस्कृति को संरक्षित करते हुए समाज में उन संस्कारों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे राष्ट्र की एकजुटता बढ़ती है। सरकार ने मात्र 10 महीनों के अल्प समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिया है। छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है। हमारी सरकार युवाओं की शिक्षा के साथ-साथ उनके रोजगार के लिए भी ज्यादा से ज्यादा अवसरों का निर्माण कर रही है। पिछले 10 महीनों में राज्य में 7 हजार से ज्यादा शासकीय पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अलावा राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करते हुए शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाया गया है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार और तेज होगी। हमारा विजन डाक्यूमेंट तैयार है, हमारी नई उद्योग नीति भी तैयार है, इसे इसी राज्योत्सव के अवसर पर लांच किया जा रहा है। हमारा यह प्रदेश विकास की बुलंदियों को छूता हुआ देश में अपनी नई पहचान स्थापित करेगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि पूरे प्रदेश के लिए खुशी का पल है। छत्तीसगढ़ प्रदेश निर्माण को 24 वर्ष पूरा हो गया जिसमे हर क्षेत्र में विकास हुआ है। हमारी सरकार ने खिलाड़ियों को सम्मान व प्रोत्साहन देने के लिए राज्य खेल अलंकरण शुरू किया है। इसके साथ ही खिलाडियों की सुविधा के लिए संसाधनों का जाल फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हम सब प्रदेश के विकास में सहभागिता निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प हेतु आह्वान किया है जिसे हम सबको मिलकर पूरा करना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकसित भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से हमारी सरकार आज कार्य कर रही है।

# छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का रंगारंग प्रदर्शन

## पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे के चुटकीले अंदाज ने लोगों को गुदगुदाया

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की रसधार देर शाम तक बहती रही। मुख्य अतिथि दयालदास बघेल, स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना सम्पत अग्रवाल सहित अतिथि एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित आला अधिकारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का देर रात तक आनंद लिया। कार्यक्रमों की पहली प्रस्तुति में राज्य की प्रसिद्ध महतारी लोक कला मंच, खरोरा के चन्द्रभूषण वर्मा एवं साथी कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को सजीव किया। इनकी रंगारंग प्रस्तुति ने न केवल लोगों का मनोरंजन किया बल्कि छत्तीसगढ़ी लोक संगीत और नृत्य की खूबसूरती को भी उजागर किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को छत्तीसगढ़ की परंपराओं से रूबरू कराया, जिससे दर्शकों में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। पैरी छुनछुन बाजे रे और परम्परागत छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस में चार चांद लग गए। समारोह में हास्य-व्यंग्य के जाने-माने कवि पद्मसुरेंद्र दुबे की प्रस्तुति ने खास आकर्षण पैदा किया। अपनी चुटीली कविताओं और अनोखे अंदाज में उन्होंने सभी का मन मोह लिया और हंसी के ठहाकों से पंडाल गूंज उठा। उन्होंने कहा कि महासमुंद से मेरा पुराना नाता है और यहां वे आते रहें हैं। उन्होंने अपने व्यंग भरे लहजे में नेताओं और अधिकारियों को भी नहीं बख्शा। समाज के वर्तमान परिस्थिति को बखूबी अंदाज में प्रस्तुत किया। उनके साथ मंच पर राज्य के कई प्रसिद्ध कवियों ने भी अपनी कविताओं से समां बांधा। कोरबा की किरण सोनी, मुंगेली से देवेन्द्र प्रसाद वीर रस में अपनी प्रस्तुति दी, वहीं कवर्धा के अभिषेक पांडेय ने भी अपनी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कवियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को न केवल मनोरंजन प्रदान किया बल्कि देशभक्ति और संस्कृति का गहरा संदेश भी दिया। समारोह के अंत में अलंकार बैंड पार्टी बिलासपुर के युवा कलाकारों की संगीतमयी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को संगीत से सराबोर कर दिया। उनके संगीत की धुनों पर देर शाम तक दर्शक झूमते रहे और कार्यक्रम में उत्साह का संचार होता रहा। बैंड पार्टी के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी संगीत को आधुनिक स्पर्श देकर दर्शकों के दिलों दिमाग में एक यादगार छाप छोड़ दी। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों ने भी अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य, संगीत और गायन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आदिवासी छात्रावास के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपरा और उनकी धरोहर को दर्शाया।

# फेड्रेशन ऑफ आल इंडिया राइस मिल एसोसिएशन की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

4 नवम्बर को विजयवाडा आन्ध्र प्रदेश में फ़ेड्रेशन ऑफ़ आल इंडिया राइस मिल एसोसिएशन की राष्ट्रीय बैठक हुई जिसमे मुख्य अतिथि थे भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति वेंकैय्या नायडू व अध्यक्षता की खाद्य मंत्री मनोहर ने बैठक में फ़ेड्रेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राइस मिल्स के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने पूर्व उपराष्ट्र पति की उस्तिथि में अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे देश में राइस उद्योग बहुत विसंगतियों से गुजर रहा है अब समय आगया है कि पूरी पॉलिसी पे केंद्र को विचार कर सुधार करना चाहिए वरना पूरे देश का राइस उद्योग की सामने गंभीर संकट हो जाएगा । व योगेश ने कहा कि पूरे देश के राइस मिलर एक रहेंगे व संगठित रहेंगे तभी हमारे उद्योग का भला हो पाएगा। वेंकैय्या नायडू ने अपने संबोधन में कहा कि देश के राइस मिलर की समस्या के लिए वो केंद्रीय खाद्य मंत्री व केंद्र सरकार से बात करेंगे जिस्के लिये एक पत्र भी देने को कहा है व कहा है कि वे राइस मिलर के साथ हमेशा खड़े रहेंगे बैठक में छत्तीसगढ़ महामंत्री विजय तायल प्रमोद जैन व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरसेम सेनी सहित देश के 17 राज्यो के राइस मिलर्स प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिछिया के प्रबंधक मुकेश प्रधान ने पेंशनरों को जीवित प्रमाण पत्र भरने में सहयोग किया



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिछिया के प्रबंधक मुकेश प्रधान ने प्रति वर्षो की भांति इस वर्ष भी पेंशनरों को जीवित प्रमाण पत्र भरने में सहयोग किया । तथा शाखा प्रबंधक ने बैंक से संबंधित समस्याओं के निराकरण शीघ्र करने को कहा। इस अवसर पर डॉ बीपी साहू और भगवान प्रसाद सेठ ने पेंशनरों के सहयोग के लिए शाखा प्रबंधक प्रधान का आभार जताया। वहीं पेंशनरों ने प्रतीक स्वरूप भगवान गणेश का तैल चित्र भेंट किया । इस दौरान मुख्य रूप से डॉ बीपी साहू, भगवान प्रसाद सेठ , गुलाब किशोर स्वर्णकार, यशवंत बरिहा, गुलाब सिंह तोमर, दुर्गा पंसारी ,रविन्द्र सेठ, सुभाष साहू ,प्यारीलाल बरिहा सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे। यह जानकारी गुलाब किशोर स्वर्णकार ने दी ।

# भाजपा निकाय एवं पंचायत चुनाव को टालने के मुड़ में : गालिब



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ में वर्तमान स्थिति परिस्थिति को देखते हुए वर्तमान भाजपा सरकार नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को टालने के मुड़ में है कांग्रेस नेता ग़ालिब हुसैन प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि छत्तीसगढ़ में बढ़ते अराजकता को मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं जी संभाल नहीं पा रहे हैं छत्तीसगढ़ में खुले आम अपराध को अंजाम दिया जा रहा है छत्तीसगढ़ कानून व्यवस्था ठप्प सी हो गई है राज्य की आम जनता बढ़ते अपराध देख कर भाजपा सरकार से मोह भंग हो चुका है भाजपा सरकार अंदरुनी सर्वे से जनता की नब्ज़ को जान चुकी है इसी डर की वज़ह से सरकार चुनाव टालने के मुड़ में है यदि आज़ वर्तमान समय में चुनाव हो जाए तो नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी भाजपा का सुपड़ा साफहो सकता है छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस पार्टी को एकतरफा समर्थन दे रही है।

# जयंती लाल गोलछा का निधन



**धमतरी।** नगरी निवासी जयंती लाल गोलछा उम्र 58 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके गृह निवास से शाम 4 बजे निकाली गई एवं मुक्ति धाम नगरी में अंतिम संस्कार किया गया। ये एक सफल किराना व्यवसायी थे। वे स्व.छोगालाल गोलछा के पुत्र, स्व. मोहन एवं सोहनलाल, जीवनलाल गोलछा के भाई तथा त्रिलोक गोलछा के पिताजी थे। इनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन सहित नगरवासी शामिल हुए।

# वैकल्पिक फसल अपना कर किसान होंगे समृद्ध, बढ़ेगा जल स्तर : प्रखर

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सरकार ने जन हितैषी योजनाओं का पिटारा जनता के सामने खोल कर रख दिया है सरकार छ्त्तीसगढ़ी की आम जनता एवं किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है उसी कड़ी में क़यास लगाए जा रहे है कि रबी के मौसम में धान के फसल पर रोक लगाई जा रही है अगर एसा होता है तो कई मायनों में किसानों को अन्य फसल सब्ज़ी फुल लगाने के वैकल्पिक मार्ग खुलेंगे वही दूसरी ओर कही ना कही आगामी ख़रीफ की फसल में धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की संभावना भी बनी रहेगी, वही स्थानीय किसानों द्वारा अगर सब्ज़ी या अन्य फसलों की खेती रबी के मौसम में की जाती है तो स्थानीय मार्केट में सब्ज़ीयो के दाम से भी आम जनता को राहत मिल सकेगी, वही अलग अलग मौसम में अलग अलग फसल लेने से ज़मीन की उर्वरकता भी बढ़ेगी जिससे जो की पर्यावरण एवं किसान दोनों के लिए हितकारी होगा, वही दूसरी ओर प्रायः हर गांव में जल स्तर गिरता जा रहा है जिससे गर्मी के मौसम में पीने के लिए पानी भी मुश्किल से मिल रहा, धान की फसल में अधिक पानी की अवश्यकता होती है और धान की फसल ना लेने से जल स्तर भी बढ़ेगा अतः किसान भइयो को सतर्क एवं जागरूक होकर ध्यान रखना है कि किसान हितैषी फैसले का राजनीतिक ध्रुवीकरण ना होने पाए।

# शक्ति के स्रोत भगवान सूर्य देव की साधना आराधना का पर्व है छठ : विजय मोटवानी

## छठ पूजा पर आमातलाब के घाट में व्यवस्था देते पार्षद मोटवानी



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

नहाय. खाय की पवित्र रस्म के साथ तीन दिन का छठ महापर्व की शुरुआत डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ शुभारंभ हो जाएगा। इससे पूर्व नगर निगम की ओर से शहर में उक्त अनुष्ठान को संपन्न करने के लिये पवित्र आमा तलाब घाट पर साफ सफाई, चूना मार्किंग, समुचित प्रकाश सहित अन्य व्यवस्था, उक्त स्थल पर आने वाले भक्तों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इन बातों को ध्यान में रखते हुए अंबेडकर वार्ड के पार्षद एवं पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा की पहल पर पार्षद विजय मोटवानी, कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा घाट स्थल पर पहुंचकर जायजा लिये। मोटवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से प्रत्येक तीज त्यौहार एवं पर्व को संरक्षित करते हुए संवर्धित कर आगे बढ़ाने हेतु अपने कार्यकर्ताओं को संस्कार देती है। छठ पर्व भी ऊर्जा एवं शक्ति के स्रोत सूर्यदेव की पूजा के माध्यम से समाज में सकारात्मक कार्यों को एकजुटता, समभाव के साथ करने की प्रेरणा देता है। वही कुलेश सोनी ने बताया कि बिहार से निकलने वाली छठ पर्व की पूजा आज पूरे देश के आस्था व श्रद्धा के साथ हम सबको एकता के सूत्र में बांधने वाली प्रमुख उत्सव बन गई है। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, टेकराम देवांगन, भास्कर राव, रामकांत, सुनील यादव, राधे यादव, सुनील सोनी, पुष्कर ध्रुव, मोहन राव, दीनदयाल उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हुई राजनैतिक दलों की बैठक

पायनियर संवाददाता < सारंगढ़/बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से आयोजित राजनैतिक दलों की बैठक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में जानकारी दी गई कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को किया गया जिस पर दावा आपत्ति 28 नवम्बर 2024 तक प्रत्येक मतदान केन्द्र में नियुक्त बीएलओ, अभिहित अधिकारी के द्वारा दावा आपत्ति (फार्म 6, 7, 8) प्राप्त की जायेगी। अवकाश दिवस (शनिवार-रविवार) 09 एंव 10 तथा 16 व 17 नवम्बर 2024 को विशेष शिविर होगी। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के द्वारा 24 दिसम्बर 2024 तक किया जायेगा एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र में बीएलए (बूथ लेबल एजेंट) नियुक्त किया जाकर सूची उपलब्ध कराए जाएंगे। बूथ लेबल एजेंट द्वारा एक बार में एक दिन में अधिकतम 10 फार्म एवं सम्पूर्ण पुनरीक्षण अवधि में अधिकतम 30 फार्म आवेदन जमा कर सकते हैं। इससे अधिक फार्म जमा करने की स्थिति में ईआरओ, एईआरओ के समक्ष सत्यापन , घोषणा पत्र के माध्यम से जमा कर सकते हैं। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम में चार अर्हता तिथि 01.01.2025, 01.04.2025, 01.07.2025 एवं 01.10.2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिकों के आवेदन पत्र फार्म 06 स्वीकार किये जायेंगे, किन्तु 01.04.2025, 01.07.2025 एंव 1.10.2025 के लिए प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही तदसमय की जाएगी।

# सोलर नल जल प्रदाय योजना द्वारा ग्राम कामरभौदी में पहुंचा हर घर जल

## ग्रामीणों को आसानी से मिल रहा पीने का पानी



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत डुमरबाहरा के आश्रित ग्राम कामरभौदी जिला मुख्यालय से लगभग 54 कि.मी. दूरी पर स्थित है। यह गांव पहाड़ एवं घने जंगलो से घिरा हुआ है। ग्राम कामरभौदी अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने एवं विकट भौगोलिक स्थिति होने के कारण लोगों को विकास से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए गांव में सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गांव में सोलर माध्यम से नलजल प्रदाय योजना संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को घर में ही पीने का पानी मिलने लगा है। इससे ग्रामीणजन लाभान्वित हो रहे है। कामरभौदी मुख्यतः आदिवासी ग्राम है, यहा लगभग 400 लोग निवास करते है। इस गांव में कुल घरों की संख्या 94 है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कुल 02 नग 6 मी. स्टेजिंग सोलर और 01 जीआई 12 मी. स्टेजिंग सोलर 5000 लीटर की 02 टंकी से पानी सप्लाई किया जा रहा है। गांव में पेयजल हेतु लोग पहले नदी, तालाब, झरिया और शासकीय हैण्ड पंप पर निर्भर हुआ करते थे। कमार पारा, भोरीपारा, कामरभौदी एवं तुहापानी चार अलग अलग पारा ग्राम में है। नलजल कनेक्शन पहुंचने से गांव में आंगनबाड़ी, शासकीय शाला में अध्ययनरत बच्चो को मध्यान भोजन हेतु पेयजल प्राप्त हो रहा है। पहले पारंपरिक तौर पर पीने के पानी को कपड़े की छन्नी से छान कर मटकी गुंडी आदि में संग्रहित कर आवश्यकतानुसार खाना बनाने और पीने के लिए उपयोग करते थे। ग्रामीण पीने का पानी का शुद्धता का माप पानी के मटमैला रंग को देखकर किया करते थे। लेकिन अब जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर जल पहुंचाया जा रहा है। जिससे नयी पीढ़ी एवं ग्रामीणों को पीने का स्वच्छ जल आसानी से घर पहुंच मिल रहा है।

## अखिल भारतीय खेल स्पर्धा के लिए 4 खिलाड़ी चयनित

# बिजली कर्मियों की टेनीकोइट स्पर्धा में रायपुर रीजन ने बाजी मारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीडा एवं कला परिषद, केंद्रीय कार्यालय द्वारा अंतरक्षेत्रीय टेनीकोइट (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर को किया गया। डंगनिया स्थित बैडमिंटन हॉल में प्रदेश के 5 क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जिसमें रायपुर रीजन विजेता एवं रायपुर सेंट्रल की टीम उप-विजेता रही। इसी के साथ-साथ 4 श्रेष्ठ खिलाड़ियों को अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक जनरेशन एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन राजेश शुक्ला, कार्यपालक निदेशक लाइन एवं अतिरिक्त प्रभार पी.सी एंड आर.ए. के.एस. मनोठिया, कार्यपालक निदेशक वित्त एम.एस. चौहान, कार्यपालक निदेशक प्रोजेक्ट मती ज्योति नंनौरे एवं छत्तीसगढ़ टेनीकोइट एसोसिएशन के सचिव संजय शर्मा आयोजन में उपस्थित थे। कटियार ने महिला खिलाड़ियों को अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की सलाह दी और पॉवर कंपनी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का आव्हान किया। केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में वार्षिक खेल गतिविधियां आरंभ हो चुकी हैं जिसके तहत प्रथम बार टेनीकोइट (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रायपुर सेंट्रल, रायपुर रीजन, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। ऑब्जर्वर ऐश्वर्य पाठक द्वारा चयनित खिलाड़ियों की सूची आयोजन समिति को सौंपी गई। महिला खिलाड़ी में विजेता टीम से यशोदा रावतिया, एलिस मैरी केरकेट्टा एवं उप-विजेता टीम से कल्पना पन्ना, उपासनी धांगड़ को अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के लिए चुना गया। शीघ्र ही यह टीम गुवाहाटी में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज का प्रतिनिधित्व करेगी। महिला खेल प्रभारी मती कल्पना ठाकुर द्वारा इस खेल को खेल गतिविधियों में शामिल करने के लिए परिषद को सुझाव दिया गया था। यह ओलिंपिक स्तर का खेल है जिसे पहली बार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की महिलाओं ने खेला। आयोजन में रैफरी वरूण पाण्डेय, लाल बहादुर सोनकर, जयालक्ष्मी, लक्ष्मी नारायण साहू, संध्या वर्मा एवं शिवांशु केसरवानी को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# गैस पाईप लाईन विस्तार कार्य में समस्याएं न आने पाये एसडीएम ध्यान देवे
# 9 नवंबर के पहले गिरदावरी सत्यापन का कार्य पूर्ण करायें : कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी हेतु गिरदावरी सत्यापन की जानकारी ली। कलेक्टर चौधरी ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होना है। गिरदावरी सत्यापन के लिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे 9 नवंबर 2024 के पहले सत्यापन कार्य पूर्ण कराये। कलेक्टर ने कहा कि उक्त कार्य हेतु ग्राम पंचायत के सचिवों की भी ड्यूटी लगी है। सभी जनपद सीईओ यह ध्यान देवे कि ग्राम पंचायत सचिव निर्धारित अवधि तक सत्यापन कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जानी है लेकिन औसतन उत्पादन प्रति एकड़ इससे कम है। अवैध रूप से धान की ब्रिकी न हो इस हेतु समय पर गिरदावरी सत्यापन जरूरी है। उन्होंने खाद्य अधिकारी से समितिवार अनुमानित धान उत्पादन की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने जिले में गैस पाईप लाईन विस्तार की जानकारी ली। उन्होंने अवगत कराया कि भारत सरकार की परियोजना के तहत नागपुर (महाराष्ट्र) से झारसुगुड़ा (उड़ीसा) गैस पाईप लाईन का विस्तार जिले से होकर किया जा रहा है। जिले के जिन क्षेत्रों से होकर गैस पाईप लाईन बिछाई जा रही है। संबंधित एसडीएम गैस पाईप लाईन विस्तार कार्य में कहीं समस्याएं ना आए इस पर विशेष ध्यान देवे। कलेक्टर ने विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण पर कहा कि अधिकारी रिक्त पदों के विरूद्ध अनुकंपा नियुक्ति देकर प्रकरण निपटाए। यदि कोई आवेदक रिक्त पद पर नियुक्त नहीं होना चाहता तो उससे इस संबंध में लिखित आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान पशु संगणना की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि जिले में पशु संगणना कार्य प्रारंभ होने वाला है इसकी तिथि के संबंध में जानकारी पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद एवं अन्य विभागों के मैदानी अमले को भी अवगत कराई जाएगी ताकि मैदानी अमला भी पशु संगणना कार्य से वाकिफ रहे। कलेक्टर ने कहा कि जिला कार्यालय द्वारा जिन विभागों से एन.ओ.सी. मंगाई जाती है, संबंधित विभाग समयावधि में विभागीय एन.ओ.सी. उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिसके आधार पर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही समय पर पूर्ण की जा सके। कलेक्टर ने खाद्य तेलों की आपूर्ति हेतु जिले में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने उद्यानिकी विभाग को मिले लक्ष्य पूर्ति हेतु उप संचालक कृषि को कृषकों को ऑयल पाम की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी नगरीय निकायों, जनपद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुनः डोर-टू-डोर अभियान चलाकर परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में प्रति बुधवार आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। साथ ही वृद्धावस्थ्या पेंशन के सभी हितग्राहियों का भी आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार सेवानिवृत्ति पश्चात् लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण पर भी अधिकारी विशेष ध्यान देवे।

# अंगद की तरह जमे बाबुओं की शामत.... टेबल बदलने कलेक्टर हुए सख्त

## पटवारी और लिपिक अगर फाइल दबाकर बैठे हों तो बख्शे नहीं जाएंगे

- तरसील स्तर पर छोटे-मोटे काम और उनकी समस्या का निराकरण करें- कलेक्टर व्यास

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजस्व प्रकरणों के निराकरण को लेकर बेहद ही संवेदनशील हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व संबंधी सभी आवेदनों का संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास जीतना होगा। इसके लिए सार्थक प्रयास करना होगा। लोगों को छोटे-मोटे काम के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता न पड़े, ग्रामवासियों का काम तहसील स्तर पर ही हो जाए ऐसा प्रयास करें।

**तत्काल कार्रवाई के निर्देश**- कलेक्टर राजस्व अधिकारियों को बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण, अभिलेख सुधार, खाता विभाजन, आय जाति निवास और अन्य प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को लम्बे समय से एक ही टेबल पर बैठे बाबूओं का शाखा बदलने के निर्देश दिए हैं और जिन बाबू द्वारा अनावश्यक फाइल रोक कर रखा जा रहा है उनके ऊपर कारवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**प्रचार-प्रसार के निर्देश** -कलेक्टर ने लोगों को राजस्व संबंधी आवेदन किस प्रकार प्रस्तुत करना है और उसकी प्रक्रिया क्या है के बारे में जानकारी देने के लिए तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और सार्वजनिक जगहों पर बैनर पोस्टर लगवाने और लोगों से अपील करने के निर्देश दिए हैं। ताकि आम नागरिक सही जगह और व्यवस्थित तरीके से अपना आवेदन जमा कर सके। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकरण में पटवारी प्रतिवेदन देने में लापरवाही करते हैं तो ऐसे पटवारी पर भी कार्रवाई किया जावे। इस अवसर पर बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, डिप्टी कलेक्टर सहित सभी एसडीएम एवं राजस्व विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राज्योत्सव में जनसंपर्क के फोटो प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं की मिली जानकारी

- जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम,जनमन पत्रिका,रोजगार नियोजन एवं प्रचार सामग्री का किया गया निःशुल्क वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24वें वर्षगाठ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पं.चक्रपाणी शुक्ल स्कूल परिसर बलौदाबाजार में आयोजित कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का स्टॉल विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया था जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। फोटो प्रदर्शनी लोगो में आकर्षण का केन्द्र रहा राज्योत्सव में पहुचे लोगो को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम, मासिक पत्रिका जनमन,रोजगार नियोजन सहित अन्य पत्र-पत्रिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। युवाओं में प्रतियोगी के लिए सामग्री को पाकर खुशी जाहिर की। इसके साथ ही सेल्फी जोन में फोटो खिंचवाएं है।

# जेल में बनाई थी लूट की योजना...दिवाली से पहले रेकी भी की, पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया, एक की तलाश जारी

## अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने पुलिस ने 15 गांव के जंगल छान डाले, 11 पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरा के भी फूटेज चेक किये

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कांसाबेल थाना क्षेत्र के बटईकेला में हुई हत्या और लूट की वारदात के आरोपियों को पुलिस ने 16 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि घटना के मुख्य आरोपी झारखंड का रवि उरांव की तलाश में पुलिस जुटी है. इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को संचू कुमार गुप्ता अपने स्टाफ के साथ अपने कियोस्क बैंक (ग्राहक सेवा केन्द्र) के अंदर बैठकर रूपया पैसा का लेन-देन क्योस्क शाखा में आने वाले लोगों के साथ कर रहा था, इसी दौरान करीबन 11.00 बजे आरोपी रवि उरांव उर्फ रवि कुजूर और रातु राम उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम लालगुडा बटाईकेला कांसाबेल, दोनो संचू के ग्राहक सेवा केन्द्र से लगे किराना दुकान पर बिना नंबर के बजाज मो.सा. व्ही 12 में आये और चाकलेट और पानी खरीदने के बहाने किराना दुकान से क्योस्क बैंक के अंदर रवि उरांव एवं रातू राम दोनों अंदर प्रवेश किये, रवि उरांव अपने पास एक झोली रखा था, अंदर घुसते ही पैंट से रवि ने कट्टा निकालकर अपने हाथ में रखे झोले में संचू को पैसा डालने बोलने लगा संचू द्वारा विरोध करने पर अपने कट्टे के बट से संचू के सिर पर वार किया जिससे संचू के सिर से खून बहने लगा, फिर वे दोनों लूटपाट करने लगे, उसी समय संचू की दादी उर्मिला बाई किराना दुकान के रास्ते क्योस्क बैंक के अंदर आयी और मेरे पोते से क्यों मारपीट कर रहे हो कहकर बीच-बचाव करने लगी तभी रविं ने उर्मिला बाई पर कट्टे से फायर कर दिया जिससे उर्मिला बाई किराना काउन्टर आने जाने के रास्ते में गिर गयी, और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद रवि कट्टा को लेकर दुकान से बाहर भागा दुकान के सामने खड़े मो.सा. व्ही 12 को धक्का देते हुये रातु और रवि साथ भागने लगे उसी दौरान अंजू यादव के द्वारा भाग रहे आरोपियों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन रवि और रातु मो.सा. को छोड़कर बटाईकेला जंगल की ओर भाग गये।

**जेल में बनाया था प्लान** -उपरोक्त घटना की सूचना मिलते ही जशपुर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल मौके पर जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एवं उप पुलिस अधीक्षक विजय राजपूत के नेतृत्व में 02 टीम गठित कर पतासाजी के लिए रवाना किया गया, आरोपियों के सभी संभावित रास्तो पर नाकेबंदी की गयी, आरोपियों के पता तलाश दौरान घटना स्थल के आस-पास 11 पेट्रोल पंप बटाईकेला के आस-पास के लगे 15 गांव के जंगल में पता तलाश किया गया साथ ही विगत दिनों में हत्या लूट जैसे जघन्य अपराधों में छूटे अपराधियों की पूरी सूची तैयार कर छानबीन की गयी, इसी क्रम में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ दिनों पहले जेल से छुटे लूट के आरोपी रवि उरांव को जशपुर में देखा गया है पुलिस द्वारा पूरे रास्ते की सी.सी.टी.व्ही. के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि रवि उरांव कांसाबेल आया था जिसकी पुष्टि तकनीकी सहायता से भी हुई. घटना में प्रयुक्त मो मो.सा. के चेचिस नंबर के माध्यम से वाहन स्वामी शीतुल राम चैहन उम्र 29 वर्ष साकिन कोरकोटोली सिरिंगकेला थाना दुलदुला जिला जशपुर (छ.ग) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि रवि उरांव उससे घटना कारित करने के लिये मो.सा. लेकर गया था, सभी कड़ियो को जोडते हुये तकनीकी सहायता एवं मुखबीर सूचना पर से पुलिस आरोपी रातु राम के घर पहुंचकर घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया गया, शुरू में तो वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, परंतु मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर समस्त घटना क्रम स्वीकार करते हुये अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि लूट की तैयारी जशपुर जिला जेल में रहते हुये रवि उरांव और रातु राम ने पहले ही शुरु कर दी थी, और दीपावली त्योहार के पहले बटाईकेला जाकर रेकी भी कर ली थी मंगलवार को कहे की व्यवस्था हो जाने के बाद रवि उरांव और रातु राम ने सुनियोजित तरिके से संचू कुमार गुप्ता के क्योस्क सेटर (ग्राहक सेवा केन्द्र) पर धावा बोल दिया था, और बीच-बचाव करने वाली संचू गुप्ता की दादी उर्मिला बाई को गोली मारकर हत्या कर दी और जंगल के रास्ते भाग गये थे।

# जनजन तक पहुंच रही शासन की योजनाएं-सांसद चिंतामणि
# रणजीता स्टेडियम में आयोजित हुआ भव्य रंगारंग कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य अपने निर्माण के 24 वें वर्ष पूर्ण कर 25 वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। खनिज संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य, आदिवासी सभ्यता और संस्कृति से परिपूर्ण यह राज्य लगातार प्रगति के सोपान चढ़ता जा रहा है। राज्य स्थापना के इस गौरवमयी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने सरस्वती वंदना के साथ मां सरस्वती, भारत माता की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया।

**जिलेवासियों को शुभकामनाएं** -सांसद चिंतामणि महाराज ने राज्योत्सव के शुभारंभ के उपरान्त अपने संबोधन में सभी जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्य स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इन वर्षो में छत्तीसगढ़ लगातार प्रगति करता रहा। केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के डबल इंजन की सरकार में राज्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

**हवाई चप्पल वाला भी विमान में** -उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आम लोगों और गरीबों के विकास को लेकर एक मजबूत विजन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाले को भी हवाई यात्रा करे ये हमारा प्रयास है। जिसके तहत सरगुजा के दरिमा में उड़ान योजना के तहत हवाईअड्डे का विकास किया गया है। जिससे अब सरगुजा संभाग और जशपुर के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति को भी हवाई यात्रा का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना से अब तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। बिजली, पानी, आवास, सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन देने सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाया जा रहा है।

**रमन ने सींचे थे राज्य को**-गोमती सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय ने राज्य निर्माण के 24 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए देते हुए छत्तीसगढ़ के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों के लिए योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा जन जन तक लोकहितकारी योजनाएं पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के द्वारा जिस नवीन राज्य रूपी पौधे को सींचने का कार्य किया गया था। अब विष्णुदेव साय की सरकार अब आगे बढ़ाकर उसको पोषित किया जा रहा है। साय ने कहा कि पहले भोपाल राजधानी हुआ करती थी जहां किसी भी कार्य के लिए जाने में 5 दिन लग जाया करते थे अब जब चाहे तब राजधानी तक हम पहुंच सकते हैं।

**सड़क के लिए 300 करोड़**-रायमुनी जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि हमारे प्रदेश और जिले की स्थिति 24 वर्ष पहले जैसे हुआ करती थी उससे सभी अवगत हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल में खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसी योजनाओं से आम जनता की भोजन की चिंता समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र शासन की जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम जनमन योजना आदि योजनाओं का राज्य की विष्णुदेव साय शासन द्वारा सफल संचालन किया जा रहा है। जशपुर के विकास के लिए सड़क निर्माण के लिए 300 करोड़ से अधिक का बजट आबंटन हुआ है, जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने जशपुर जिले का विकास के बारे में जानकारी दी।

# आयुक्त ने लिया जायजा, नियमित रूप से सफाई रखने के दिए निर्देश, शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने कहा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com







नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पटरी पार क्षेत्र में धमधा नाका एस एल आर एम सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था प्रतिदिन रखने के निर्देश दिए हैं।शहर सफाई व्यवस्था देखने निकले उन्होंने चौक चौराहों में बने प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया इस दौरान आयुक्त ने कहा कि यात्री प्रतीक्षालय में हजारों यात्री कुछ समय के लिए यहां प्रतिदिन ठहरते हैं और अपने गंतव्य की ओर निकल जाते हैं।इस दौरान यात्री कुछ खाद्य सामग्री का भी उपयोग करते हैं, जिसे देखते हुए व्यापक सफाई तथा डस्टबिन रखना भी नियमित रूप से अनिवार्य है, इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए है।आयुक्त ने पटरी पार वार्ड क्षेत्र के चौक चौराहों व गलियों में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, उन्होंने इस दौरान पब्लिक फीड बैक भी लिया तथा शिवनाथ नदी पहुँचकर-शिवनाथ नदी तट की विशेष सफाई अभियान कार्य भी देखा।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता मोहन पुरी गोस्वामी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,कर्मशाला अधीक्षक शौएब अहमद,पीआईयू कुणाल, राहुल आदि मौजूद रहे।आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा गोकुल नगर पुलगांव स्थित गोठन पहुँचकर गौठान की स्थिति का निरीक्षण कर जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जिला स्तरीय राज्योत्सव का दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारंभ

# राज्योत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश दुनिया में फैलेगी : सांसद

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इससे पूर्व सांसद अग्रवाल ने विभिन्न स्टॉलों में पहुंचकर विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। उन्होंने सभी दुर्गवासियों को राज्य गठन के 24 साल पूर्ण होने और 25वें साल में प्रवेश करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के नौजवान देश-दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं से छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या की जन्म भूमि, सीमेंट, अभ्रक, पानी प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है, 42 प्रतिशत वनों से आच्छादित है हमारा छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की धरती खनिज और वन संपदा से पूरिपूर्ण है। लोगों के जीवन में खुशहाली लाना यह हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक सिंचाई, पानी, प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है और निरंतर मिलता रहेगा। छत्तीसगढ़ के लोगों की तकदीर बदल गई है। प्रदेश सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। जिसकी रौनक हमारे शहरों में भी देखने को मिली। प्रधानमंत्री जी ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। जनता के विश्वास के आधार पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। गरीबों के घरों में बिजली पहुंच नही पाती थी, लेकिन अब घरों के ऊपर सोलर पैनल लगाकर बिजली पहुंचाई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण करना है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 1031/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 05/11/2024

आवेदक शिवचरण पिता बुधसिंग निवासी ग्राम बानीगिरौला तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बानीगिरौला में स्थित भूमि खसरा नंबर 2036/1 रकबा 0.14 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 1020/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 05/11/2024

आवेदकगण चम्पतलाल पिता परसुराम एवं 03 अन्य निवासी ग्राम सानपंधी तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बालसी में स्थित भूमि खसरा नंबर 776/3 रकबा 0.06 हे. में से 0.04 भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 1036/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 05/11/2024

आवेदिका सुमित्रा भोई पति मोहनलाल निवासी ग्राम जलगढ़ तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 398/2 रकबा 0.2830 हे. में से 0.04 भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय तहसीलदार भोथिया, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क. / अ-2/2023-24

साकिन- भोथिडीह, तहसील भोथिया

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री शैलेष चंद्रा पिता श्री परमेश्वर सिंह चंद्रा जाति चंद्रनाहू साकिन भोथिडीह तहसील भोथिया जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा ग्राम भोथिया प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व तहसील भोथिया में स्थित भूमि खसरा नंबर 408/2 रकबा 0.12 एकड़ भूमि को मकान आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती से मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 19/11/2024 के पूर्व अपनी दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार भोथिया

## संपादकीय

## राजधानी में धुंध
### दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर

**दिल्ली** का प्रदूषण स्तर एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, दीवाली के दो दिन बाद ही वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के स्तर को पार कर गया। रविवार की सुबह तक, शहर में खतरनाक हवा की स्थिति देखी गई, जिसमें वायु गुणवत्ता सूचकांक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित सीमाओं से 65 गुना अधिक था। धुंध की मोटी चादर छाने से शहर की वायु गुणवत्ता खतरनाक श्रेणी में प्रवेश कर गई। संदर्भ के लिए, 450 से ऊपर के एक्यूआई स्तर को गंभीर-प्लस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी समस्याओं वाले व्यक्तियों जैसी कमजोर आबादी के लिए। शनिवार की रात को, दिल्ली का एक्यूआई 327 था, लेकिन महज 12 घंटे के भीतर यह 447 तक बढ़ गया, कई लोगों ने खराब वायु गुणवत्ता और आंखों में जलन के कारण सांस संबंधी समस्याओं की शिकायत की, जो घने धुंध का सीधा प्रभाव है। ये लक्षण दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता के तत्काल स्वास्थ्य नतीजों को उजागर करते हैं, खासकर दीवाली के बाद। दीवाली समारोह के दौरान पटाखे चलाने से दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर काफी प्रभाव पड़ता है। आतिशबाजी से निकलने वाले धुएं और कणों में सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और भारी धातु जैसे प्रदूषक होते हैं जो हवा में निलंबित रहते हैं, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है।



पंजाब और हरियाणा सहित पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की वार्षिक कृषि प्रथा दिल्ली की धुंध में योगदान करती है। वायु गुणवत्ता संकट में इसका कायम रहना एक महत्वपूर्ण कारक बना हुआ है। सर्दियों के दौरान, दिल्ली का ठंडा तापमान और तेज हवाओं की कमी प्रदूषकों को जमीन के करीब फंसा देती है इस आवर्ती समस्या से निपटने के प्रयास में, वायु गुणवत्ता में 'बहुत खराब' श्रेणी में गिरावट के बाद, 21 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू किया गया। इस योजना में निर्माण और औद्योगिक संचालन जैसी प्रदूषण में योगदान देने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। हालांकि, ग्राप-2 के क्रियान्वयन के बावजूद, वायु गुणवत्ता सूचकांक चिंताजनक रूप से उच्च बना हुआ है, जो शहर की लगातार वायु गुणवत्ता समस्याओं को दूर करने के लिए सख्त प्रवर्तन और संभवतः अधिक मजबूत समाधानों की आवश्यकता को दर्शाता है। दीवाली के बाद दिल्ली का प्रदूषण संकट वायु गुणवत्ता प्रबंधन की जटिल और बहुआयामी प्रकृति की याद दिलाता है। ग्राप और जन जागरूकता अभियानों जैसी पहलों के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयासों को सीमित सफलता मिली है, जिससे अधिक प्रभावी और निरंतर हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल मिलता है। पटाखों पर सख्त प्रतिबंध, बेहतर पराली प्रबंधन अभ्यास और वास्तविक समय प्रदूषण नियंत्रण सहित एक बहुआयामी दृष्टिकोण दिल्ली की वायु गुणवत्ता में स्थायी सुधार लाने के लिए आवश्यक है। चूंकि दिल्ली को खतरनाक हवा की एक और सर्दी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा के लिए तत्काल, दीर्घकालिक समाधान महत्वपूर्ण हैं।

# भारत की संपदा का संरक्षण

**भारत ने बैंक ऑफ इंग्लैंड से 214 टन सोना वापस लाकर एक साहसिक कदम उठाया है, जो वैश्विक आघात से राष्ट्रीय संपत्ति की रक्षा के लिए एक रणनीतिक कदम का संकेत है।**

शिवाजी सरकार
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





भारत ने राष्ट्रीय संपदा की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंग्लैंड की तिजोरियों से 214 टन सोना वापस लाया है, जो बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आसन्न प्रतिबंधों को लेकर बढ़ी चिंता का संकेत है। यह बदलाव एक व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जिसमें वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंक अपनी सोने की खरीद बढ़ा रहे हैं।

केवल मई में, भारत ने बैंक ऑफ इंग्लैंड से 100 टन सोना वापस मंगाया, जो वैश्विक अनिश्चितता के बीच परिसंपत्तियों की रक्षा करने की रणनीति को मजबूत करता है। अब, जब वैश्विक सोने की कीमतें संभावित 3,000 डॉलर प्रति औंस की ओर बढ़ रही हैं, तो दुनिया इस पर करीब से नजर रख रही है, क्योंकि भारत इन अस्थिर समय में कीमती धातुओं को सुरक्षित करने की दौड़ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। भारत सरकार ने वैश्विक भू-राजनीतिक अशांति के मद्देनजर अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। मई में बैंक ऑफ इंग्लैंड से लगभग 100 टन सोना वापस लाया गया।

बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास कुल 324.01 मीट्रिक टन सोना था, जबकि 510.46 मीट्रिक टन सोना घरेलू स्तर पर रखा गया था। इसके अतिरिक्त, 20.26 मीट्रिक टन सोना जमा के रूप में संग्रहीत किया गया था। गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, विश्व बाजार में सोने का भाव 3000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान है। पटाखों की बिक्री राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रतिबंध-पूर्व के अस्पष्ट युगों के बावजूद दीवाली 2024 के बाजार की चमक कई कारणों से फीकी दिखाई देती है। पारंपरिक सोने की बिक्री पिछले वर्षों के उच्चतम स्तर को नहीं छू सकी क्योंकि धातु की कीमत पिछले साल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत अधिक, 78,430 रुपये के आसपास थी। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की बिक्री में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि सोने की मात्रा में 15 प्रतिशत की गिरावट आई। बाजार में मंदी की स्थिति 2015 या 2019 की तरह ही है। आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर 43वीं अर्धवार्षिक रिपोर्ट: अप्रैल-सितंबर 2024 में कहा है कि उसके पास घरेलू और विदेशी भंडार सुविधाओं में कुल 854.73 मीट्रिक टन सोना है।

आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा भंडार में विविधता लाने और बाहरी जोखिमों से बचाव के लिए सोना खरीद रहा है। 2024 में आरबीआई ने अपने भंडार में 54.7 टन सोना जोड़ा, जो तीन साल में सबसे अधिक अधिग्रहण है। यूक्रेन युद्ध के बाद, यूएस डॉलर, यूरो और स्टर्लिंग पाउंड में भंडार के रूप में रखे गए 300 बिलियन डॉलर मूल्य की रूसी मुद्रा और अन्य संपत्तियां अमेरिका और जी7 देशों द्वारा जब्त कर ली गईं। इन संपत्तियों का इस्तेमाल यूक्रेन को हथियारों और अन्य आपूर्तियों के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है। तब से भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद के सौदों में भी सावधानी बरती है। कनाडा के साथ हाल ही में हुए विवाद और लेबनान और ईरान में अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध के बढ़ने से सतर्कता और बढ़ गई है।

इससे आरबीआई को सोना वापस लाना पड़ा, जो डॉलर के बजाय सोने के रूप में भुगतान के लिए सोना खरीद रहा है और इसे विदेशों में जमा कर रहा है। आरबीआई तिजोरी किराए के रूप में भी बड़ी मात्रा में बचत करता है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता में मजबूत मांग वैश्विक कीमतों को और बढ़ा सकती है, जो पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। सोने के आयात की बढ़ती मांग भारत के व्यापार घाटे को भी बढ़ा सकती है और रुपये पर दबाव डाल सकती है। हां, भारत की सोने की खरीद ने वैश्विक सोने की कीमतों में वृद्धि में योगदान दिया है।

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बुधवार को कहा कि 2024 में भारत की सोने की मांग चार साल में सबसे कम होने की संभावना है क्योंकि कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से त्योहारी सीजन के दौरान खरीदारी में कमी देखी जा रही है। डब्ल्यूजीसी के भारतीय परिचालन के सीईओ सचिन जैन के अनुसार, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता देश में सोने की मांग 2024 में लगभग 700 और 750 मीट्रिक टन रह सकती है, जो 2020 के बाद सबसे कम है और पिछले साल के 761 टन से कम है। इस धनतेरस पर भारत में सोने की बिक्री पिछले साल के 42 टन से घटकर 35 टन रह गई। इस साल सोना कई बार अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की छड़ों की बड़ी खरीद ने 2022 से दर और मूल्य स्तरों के बीच के संबंध को फिर से स्थापित कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स रिसर्च का अनुमान है कि 100 टन की भौतिक मांग सोने की कीमतों में कम से कम 2.4 प्रतिशत की वृद्धि करती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग भी नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है, सितंबर में कार्ड खर्च 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल से 57 प्रतिशत की वृद्धि है।

खुदरा दुकानों में परेशानी है क्योंकि कई लोग ऑनलाइन शॉपिंग की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे ग्राहकों की संख्या कम रही। अमेजन और फ्लिपकार्ट दोनों ने ही दीवाली सीजन में मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें फ्लिपकार्ट अक्टूबर की शुरुआती बिक्री के दौरान 64 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अग्रणी रहा।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बिक्री में साल-दर-साल 23 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें 32,000 करोड़ रुपये के सामान बेचे गए। ज्यादातर ग्राहक बीएनपीएल या बाय नाउ पे लेटर ग्राहक हैं, या क्रेडिट कार्ड की मदद से किश्तों में भुगतान कर रहे हैं, जो लोगों के बीच नकदी की कमी को दर्शाता है।

यह प्रवृत्ति विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के नए खरीदारों के बीच स्पष्ट थी। दशहरा और दीवाली के त्यौहारी सीज़न के दौरान मामूली वृद्धि से पहले साल के अधिकांश समय में कार की बिक्री में गिरावट आई है। सितंबर में मारुति का मुनाफ़ा 18 प्रतिशत घटकर 3102 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले यह 3762 करोड़ रुपये था।

मारुति के सीईओ आरसी भार्गव कहते हैं कि किफ़ायती होना चिंता का विषय है। 10 लाख रुपये से कम कीमत वाली कारों की मांग है। फेडरेशन ऑफ़ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन का कहना है कि छोटी कारों का स्टॉक 80-85 दिनों के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जिससे डीलरों के पास 800 अरब रुपये मूल्य के 790,000 वाहनों का स्टॉक रह गया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया कि ऊंची मुद्रास्फीति के बावजूद भारतीय उपभोक्ताओं ने इस दीवाली सीजन में अपनी जेबें खोल दीं और त्योहार से संबंधित खर्च करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि अकेले दिल्ली में 25,000 करोड़ रुपये खर्च हुए, जिसमें एफएमसीजी सामान, उपभोक्ता टिकाऊ सामान और घरेलू सजावट के मिट्टी के दीये और इलेक्ट्रॉनिक सामान, पारंपरिक और आधुनिक उत्पाद शामिल हैं। 20,000 रुपये से कम रेंज के मोबाइल फोन की बिक्री तेज रही।

इस सीजन में मोबाइल फोन सबसे ज्यादा बिकने वाले फोन में से रहे, जिनकी औसत बिक्री कीमत में 12-15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो आंशिक रूप से उपकरण की उपलब्धता में कमी के कारण हुई। इस कमी के कारण उपभोक्ताओं ने जो भी स्टॉक उपलब्ध था, उसे खरीद लिया, जिससे बिकने वाले फोन की औसत कीमत बढ़ गई। वैश्विक अस्थिर युद्ध जैसी स्थिति के बीच सोने और कमोडिटी की बढ़ती कीमतें, रुपये के मूल्य में गिरावट, आय और विनिर्माण में कमी चिंता का विषय हैं।

# उत्तर प्रदेश में शहरीकरण की चुनौतियां

फाल्गुनी अग्रवाल
(लेखिका, एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि की छात्रा हैं)



एक शहरी बस्ती, चाहे वह एक शहर या महानगर हो, के बारे में कहा जाता है कि इसकी विभिन्न भूमि उपयोगों को व्यवस्थित करने के तरीके से इसकी अपनी पहचान होती है। इसे शहरी नियोजन के रूप में जाना जाता है। भूमि का विकास, पर्यावरण संरक्षण और उपयोग, लोक कल्याण और पर्यावरण अनुसंधान सभी शहरी नियोजन की तकनीकी और राजनीतिक प्रक्रिया के केंद्र हैं। शहरी नियोजन बुनियादी ढांचे पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जिसमें परिवहन, जल आपूर्ति, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शैक्षिक और स्वास्थ्य सुविधाएं, डाक और संचार और विधायी अनुमति सहित सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचा दोनों शामिल हैं।

शहरीकरण के मामले में, 630 नगर पालिकाओं के साथ देश की सबसे बड़ी शहरी प्रणाली होने के बावजूद, उत्तर प्रदेश 23वें स्थान पर है। राज्य के शहरीकरण के स्तर में महत्वपूर्ण क्षेत्रीय असमानताएं मौजूद हैं। 2011 की जनगणना से पता चलता है कि पूर्वी क्षेत्र में शहरीकरण की सबसे कम मात्रा (13.40 प्रतिशत) है जबकि पश्चिमी क्षेत्र में सबसे अधिक (32.45 प्रतिशत)है। मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में शहरी आबादी क्रमशः 20.06 और 22.74 है।

छोटे शहरों, विशेष रूप से कक्षा 5 और 6 के शहरों में नकारात्मक वृद्धि दर है, जो पांच लाख या उससे अधिक की आबादी वाले बड़े शहरों की ओर बढ़ने वाली आबादी का संकेत है। उत्तर भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश (यूपी) देश में सबसे अधिक आबादी वाले होने के अलावा दुनिया के कुछ सबसे पुराने शहरी समुदायों का घर है। दशकों से, समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत वाले राज्य उत्तर प्रदेश ने अपने महानगरीय परिदृश्य में पर्याप्त बदलाव देखे हैं।

उत्तर प्रदेश में शहरी विकास का एक लंबा इतिहास है जो हजारों साल पुराना है। सिंधु घाटी सभ्यता के दो महत्वपूर्ण शहरी शहर हड़प्पा और मोहनजोदारो इस क्षेत्र में स्थित थे। इन गांवों में सुनियोजित सड़कें, जल निकासी प्रणाली और सार्वजनिक भवन परिष्कृत शहरी योजना और बुनियादी ढांचे के उदाहरण थे। इस समय के दौरान, अयोध्या, एक प्राचीन शहर जिसे भगवान राम का जन्मस्थान माना जाता है, भी एक महत्वपूर्ण शहरी केंद्र था।

उत्तर प्रदेश अपने लाभप्रद स्थान के कारण प्राचीन काल और मध्य युग में व्यापार और वाणिज्य का केंद्र था। ग्रैंड ट्रंक रोड और सिल्क रोड, दो महत्वपूर्ण वाणिज्यिक मार्ग जो इस क्षेत्र को भारत और दुनिया के अन्य क्षेत्रों से जोड़ते थे, इसके माध्यम से गुजरते थे।

इन सड़कों के किनारे, व्यापार-उन्मुख शहरी केंद्र अधिक आसानी से विकसित हुए। दुनिया भर के व्यापारी और शिल्पकार मथुरा, वाराणसी और कन्नौज जैसे शहरों की ओर आकर्षित हुए, जो समृद्ध व्यापारिक केंद्रों के रूप में विकसित हुए।

प्राचीन और मध्ययुगीन उत्तर प्रदेश में, शहरी समुदायों के स्थानिक लेआउट का वर्णन करने के लिए संकेंद्रित वृत्त या आयताकार ग्रिड का अक्सर उपयोग किया जाता था। शहरों को मजबूत किया गया था, जिसमें द्वार और दीवारें बाधाओं के रूप में काम करती थीं। उस युग के कई सांस्कृतिक और धार्मिक प्रभाव शहरी बुनियादी ढांचे में परिलक्षित हुए, जिसमें मंदिर, मस्जिद, महल, बाजार और सार्वजनिक स्नान थे। बावड़ी और तालाब, जल प्रबंधन प्रणालियों के दो उदाहरण, बढ़ती शहरी आबादी को पानी की निरंतर आपूर्ति के साथ आपूर्ति करने के लिए आवश्यक थे।

उत्तर प्रदेश में दो प्रकार के शहरीकरण हुए हैं। स्वतंत्रता के बाद से कई शहरों और कस्बों का विकास, और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या एकाग्रता। बाद के वर्षों में उत्तर प्रदेश में नए शहरी केंद्र स्थापित किए गए और नियोजित शहरीकरण अधिक प्रचलित हो गया। राज्य प्रशासन ने शहरों के विस्तार को व्यवस्थित रूप से निर्देशित करने के लिए क्षेत्रीय विकास योजनाओं और शहर मास्टर प्लान को अमल में लाया। राजधानी शहर पर दबाव को दूर करने और शहरी विस्तार को विकेंद्रीकृत करने के लिए, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद जैसे उपग्रह शहरों को दिल्ली के आसपास विकसित किया गया था।

औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने और निवेश आकर्षित करने के लिए औद्योगिक संपदाओं और निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों (ईपीजेड) की स्थापना की गई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप नोएडा और कानपुर जैसे शहर महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र बन गए। हालांकि शहरीकरण राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उन्नति का एक साधन रहा है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप कई सामाजिक-आर्थिक मुद्दे भी सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश के शहरीकरण के बावजूद, राज्य में निश्चित रूप से बड़ी शहरी आबादी है। अधिकारियों के सामने इस महानगरीय आबादी को अनियंत्रित और अव्यवस्थित विकास पैटर्न में प्रबंधित करने की चुनौती है।

बढ़ती आबादी के कारण महानगरों का शहरी बुनियादी ढांचा भारी दबाव में है। शहरी बुनियादी ढांचे के तत्काल पुनर्गठन, रेट्रोफिटिंग और नवीनीकरण के लिए मजबूत शहरी शासन आवश्यक है। राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों से लेकर वित्तीय और बुनियादी ढांचे के मुद्दों और इससे भी महत्वपूर्ण, सामाजिक-पर्यावरणीय मुद्दों तक, महानगरीय प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान संस्थागत संरचना को सार्वजनिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए योजना और विकास एजेंसियों जैसे अधिकारियों द्वारा फिर से तैयार किया जाना चाहिए। पारास्टेटल प्रशासनिक निकायों और सार्वजनिक झुंझलाहट के बीच संघर्ष अक्सर इन एजेंसियों के प्रसार और उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के धुंधले होने के कारण बन जाते हैं।

रिक्तियों और सेवा वितरण के पुराने और अप्रभावी तरीकों के कारण, अधिकांश प्रशासनिक निकायों में श्रमिकों की कमी है। हरित क्षेत्रों का विस्तार करने, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों का निर्माण करने और सार्वजनिक परिवहन को उन्नत करने जैसी स्थायी प्रथाओं पर जोर देने से शहरी विस्तार के पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया जा सकता है। बढ़ती शहरी आबादी से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना और मौजूदा बुनियादी ढांचे का उन्नयन महत्वपूर्ण

निवेश होगा। एक संतुलित दृष्टिकोण का उपयोग करके, राज्य शहरी व्यवस्थाओं का विकास कर सकता है जो सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देते हैं, इन सभी से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

## आप की बात

### कतर की नीली सड़कें

**अरब** देशों में शामिल कतर की सड़कों का रंग नीला है। हालांकि, यहां की सड़कों को बनाने में नीले रंग का प्रयोग नहीं किया गया है, बल्कि इन सड़कों को बनाने के बाद उसको नीले रंग से रंग दिया गया है। दरअसल, यहां की सड़कें पहले काले रंग की हुआ करती थी। कतर एकमात्र ऐसा देश नहीं है जहां की सड़कें काली नहीं, बल्कि नीले रंग की होती हैं. दुनिया के कई देशों में नीले रंग की सड़कें हैं, जिनमें टोक्यो, लास वेगास, और मक्का भी शामिल हैं। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटने के लिए कतर ने सड़कों को नीला रंग दिया है। नीले रंग की सड़कों से सड़क पर एस्फ़ाल्ट का तापमान 15-20 डिग्री सेल्सियस तक कम होता है।गहरे रंग की डामर सड़कें गर्मी को सोख लेती हैं, जिससे तापमान बढ़ता है। नीले रंग की सड़कों से परिवेशी हवा ठंडी होती है, जिससे गर्मी से जुड़ी बीमारियों से बचाव होता है। ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए कतर ने सड़कों का रंग नीला किया है. नीला रंग सूरज की रोशनी और गर्मी को प्रतिबिंबित करता है। इससे सड़क की सतह और आस-पास की इमारतों की गर्मी की मात्रा 15-20 डिग्री तक कम हो जाती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, काला रंग सबसे ज़्यादा रेडिएशन सोखता है. काले रंग की वजह से ज़्यादा हीट भी निकलती है। कतर में सड़कों को नीला रंग देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया था।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### आत्ममंथन की जरूरत

**विश्व** भर के हिंदुओं के लिए बंटोगे को कटोगे जैसे विमर्श पर आत्ममंथन करने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। विश्व के अनेक देशों में हिंदुओं के प्रति वैमनस्यता का खुला प्रदर्शन हो रहा है। कनाडा में हिंदू धर्मस्थल पर ख़ालिस्तानी समर्थकों का हमला, बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं का उत्पीड़न, पश्चिमी बंगाल में हिंदुओं की असुरक्षा इसी वैमनस्यता का प्रमाण है। इस गम्भीर मुद्दे पर भारत के विपक्षियों की चुप्पी से यही सिद्ध होता है, कि राजनीतिक दल केवल बांटो और राजनीति करो जैसे विमर्श पर ही कार्य कर रहे हैं। उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान से कोई सरोकार नही है। वस्तुस्थिति यह है, कि जाति एवं धर्म के आधार पर संकीर्ण राजनीति के चलते हिंदुओं में जातीय विघटन की स्थिति बनाए रखना कुछ राजनीतिक दलों का मुख्य मक़सद है। विपक्ष को सामाजिक समरसता और पंथनिरपेक्ष मूल्यों का अनुपालन रास नही आता । यह हिंदुओं के लिए आत्ममंथन का दौर है , उनके लिए राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी शक्तियों को पहचानना अनिवार्य है। ऐसे में बंटोगे तो कटोगे की अवधारणा का अनुपालन आत्म सुरक्षा व आत्म स्वाभिमान के लिए मजबूरी बन गया है। हिंदुओं को जातीय संकीर्णता त्याग कर व्यापक स्तर पर हिंदू जोड़ो अभियान के प्रति समर्पित होना आवश्यक है।

- **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### खड़गे की नसीहत

**जो** वादा किया वो निभाना पड़ेगा। यह बेशक फिल्मी गाना हो लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के नेताओं को खुले मंच से नसीहत देते हुए यही कहा है। उन्होंने कहा है कि जनता से वादे वही किये जाएं जो पूरा किया जा सके और यह भी कि वे बजट अनुरूप हों। इस विषय पर मेरा मानना है कि मल्लिकार्जुन खड़गे का यह बयान राष्ट्रीय हित में है और सभी राजनीतिक दलों को एक कदम आगे बढ़कर रेवाड़ी संस्कृति को खत्म करने की तरफ बढ़ना चाहिए। बेशक भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर कांग्रेस को घेरते हुए कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर सख्त लहजे में टिप्पणियां की है लेकिन मल्लिकार्जुन लड़के का बयान हकीकत से परे नहीं है और सभी राज्यों के सरकारों को इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए क्योंकि मुफ्त की रेवाड़ी के कारण आर्थिक संसाधनों के अभाव में राज्य की प्रगति बाधित होती है और राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। देश के प्रधानमंत्री और भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर चिंता जाहिर की है। यह कड़वा सच है कि सभी राजनीतिक दल अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए मुफ्त की योजनाओं को जनता के समक्ष रखते हैं।

- **वीरेंद्र जाटव**, दिल्ली

### हिन्दू मंदिरों पर हमले

**कनाडा** में खालिस्तान समर्थकों द्वारा हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जाना वहां की सरकार के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। पर ऐसा प्रतीत नहीं होता है। खालिस्तान समर्थकों को बढ़ावा देने की कनाडा सरकार की नीति स्वयं उनके लिए भी दुखदाई साबित हो सकती है। हिंदू मंदिरों में उदारवादी सिक्खों का भी आना जाना है। भविष्य में उन्हें भी निशाना बनाया जा सकता है। कनाडा में बड़ी संख्या में सिक्ख एवं हिंदू समाज के लोग निवास करते हैं। व्यापार व्यवसाय एवं वहाँ की अर्थव्यवस्था में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। इस दृष्टि से भारतीय समुदाय के लोगों की जान माल की हिफाजत करना वहां की सरकार का प्रमुख दायित्व होना चाहिए। किंतु इस कार्य में वहां की सरकार असफल सिद्ध हो रही है। ऐसा लगता है कि सरकार की शय पर ही खालिस्तानी समर्थक अपनी हिंसात्मक करगुजारियों को बेख़ौफ़ होकर अंजाम दे रहे हैं। निकट भविष्य में वहां पर चुनाव होने वाले हैं। ऐसा लगता है कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक पोजीशन सुधारने के लिए वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो खालिस्तान समर्थक कट्टर पंथियों का सहारा ले रहे हैं।

- **ललित महालकरी**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पूर्वजों और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार कर रहा छत्तीसगढ़ सरकार : अमर अग्रवाल

## राज्योत्सव में झूम उठा कवर्धा, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर की अद्भुत प्रस्तुति से मुग्ध हुए

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में भव्य राज्योत्सव के रूप में मनाया गया। शाम 5.30 बजे से छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति व रीति रिवाजों पर आधारित अलग-अलग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होती रही। राज्योत्सव के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद राजकीय गीत के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की स्तुति की गई। इसके पहले मुख्य अतिथि सहित गणमान्य जन प्रतिनिधियों के साथ राज्य शासन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित विकास सह-प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर मंच पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत की अध्यक्ष इन्द्राणी चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, संतोष पटेल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। बिलासपुर के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चहूमुखी विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्योत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का छत्तीसगढ़ को सिरमौर्य बनाने का सपना प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरा होगा और छत्तीसगढ़ नई ऊंचाइयों को छु रहा है। विधायक अग्रवाल ने राज्य बनने के समय की यादें साझा करते हुए बताया कि, जब छत्तीसगढ़ के लिए विधेयक संसद में पारित हुआ और सभी विधायकों के मन में खुशी थी कि वर्षों का सपना साकार हुआ। राज्य गठन के समय लोगों में भविष्य की चिंता थी, खासकर आर्थिक संबल को लेकर। लेकिन आज छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है और पूरे देश के लिए एक आशा का केंद्र बन चुका है, जिसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। विधायक अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की संपन्नता का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य की धरती खनिज संपदा से भरपूर है। उन्होंने डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्षों तक हुए विकास की भी सराहना की, जिससे प्रदेश के सभी जिलों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य, और शिक्षा व्यवस्था साकार हुई। उन्होंने उल्लेख किया कि नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ का संपूर्ण कनेक्टिविटी नेटवर्क बेहतर हुआ है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान से इसे और विस्तार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में एम्स, आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। पहले जहां केवल 5 प्रतिशत युवा कॉलेज जाते थे, वहीं 25 प्रतिशत युवा उच्च शिक्षा में शामिल हो रहे हैं। पंचायतों के माध्यम से 2 लाख शिक्षकों की भर्ती की गई, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार आया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है। विधायक अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से गरीबों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है। कवर्धा जिले में 33 हजार आवास निर्माण का कार्य डबल इंजन की सरकार के सहयोग से पूरा हुआ है। साथ ही, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खातों में एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सभी वादों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# 9 नवंबर से बूथ स्तर में चुनाव की तैयारी की कार्यशाला होगी शुरू, जल्द बूथ स्तर में चुनाव किये जायेंगे संपन्न



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

ग्राम जूंगेरा स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता अभियान एवं जिले में संगठन चुनाव कार्यशाला को लेकर महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता व बालोद जिले के संगठन चुनाव अधिकारी नीलू शर्मा व जिला अध्यक्ष पवन साहू सहित जिले के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री व जिला सदस्यता अभियान के संयोजक एवं संगठन चुनाव सह प्रभारी राकेश छोटू यादव ने करते हुए आए सभी जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों व मोर्चा एवं सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया व जिले के सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी व सक्रिय सदस्य के विषय में बताते हुए आंकड़ों के साथ संपूर्ण जानकारी दी, साथ ही जिला संगठन चुनाव 2024 हेतु मंडल वार चुनाव अधिकारी व सहयोगी, सह -सहयोगी के नियुक्ति की जानकारी प्रस्तुत की।

### आने वाले समय में जल्द बुथ स्तर में चुनाव संपन्न किए जाएंगे : नीलू

प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने चुनाव संबंधित जानकारी जिले से आए हुए पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक बताया, सदस्य बनने से लेकर शक्ति केंद्र में दिए गए रजिस्टर व हर बूथ में ऑफलाइन ऑनलाइन सदस्यों को सक्रिय सदस्य बनाने के लिए 9 नवंबर तक पूरा करके जिला में जमा करने के लिए सभी मंडल अध्यक्षों को कहा आगे 9 नवंबर से बूथ स्तर में चुनाव की तैयारी की बैठक कार्यशाला शुरू होगी, आने वाले समय में जल्द बुथ स्तर में चुनाव संपन्न किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष पवन साहू ने अपनी बात रखते हुए कहा यह हमारे जिले का परम सौभाग्य है, की वर्ष 2015 में नीलू शर्मा के पिता अशोक शर्मा जिला संगठन चुनाव अधिकारी रूप में आए थे, और आज 2024 में जिला संगठन चुनाव अधिकारी के रूप में नीलू शर्मा उपस्थित है। उन्होंने आगे कहा जिले के सभी जेष्ठ श्रेष्ट कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान को लेकर रात -दिन खूब मेहनत की है, जिसे जो दायित्व मिला उसने सफलतापूर्वक पूरा करने की कोशिश की और करें भी है। सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत को सराहा और धन्यवाद दिया और कहा हमें जो लक्ष्य मिला है। हम सब उस ओर अग्रसर है, जो काम थोड़ा बहुत बच गया है। उसे जल्द पूरा करें और प्राथमिक सदस्य बुक व सक्रिय सदस्य बुक को कार्यालय में जल्द जमा करें और ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाएं।

महामंत्री चेमन देशमुख ने सभी के समक्ष 9 मंडलों के सक्रिय सदस्य की लिस्ट कि जानकारी देते हुए कहा कि अब तक जिले मे 1 हजार 150 सक्रिय सदस्यता के फार्म भरे गये है। चयन समिति के समीक्षा पश्चात प्रथम चरण में जो अभी जारी है। जिसमें 200 से अधिक की सूची तैयार की जा रही है। बाकि काम जारी है, इसके साथ ही ऑनलाइन आफलाईन सदस्यों की जानकारी दी और जिस मंडलों में प्राथमिक सदस्य का काम पूरा नहीं हुआ है। उसे जल्द पूरा करने व शक्ति केंद्र रजिस्टर के साथ सक्रिय सदस्यों की बुक जमा करने को कहा। कार्यशाला समापन में भाजपा के कार्यकर्ताओं के परिवार में जिन्होंने परिवारजनों को खोया है, उनकी उनकी आत्मा शांति के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ नेता यज्ञ शर्मा के बड़े पिताजी स्व. लोकेश शर्मा, मंडल महामंत्री संतोष कौशिक की माताजी स्व. कुमारी बाई कौशिक, जागेश्वर साहू के सुपुत्र स्व. हेमकांत साहू, स्व. मनथीर जोशी पूर्व जनपद सदस्य सभी को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दल्लीराजहरा कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रदीप बाघ को दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष व महामंत्री ने जिला अध्यक्ष पवन साहू व प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा के समक्ष भाजपा गमछा पहनकर भाजपा प्रवेश कराया।

### राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का किया गया समापन

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। उक्त चुनाव कार्यशाला बैठक में विशेष रूप से पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष किशोरी साहू, देवेंद्र जायसवाल, नरेश यदु, त्रिलोकी साहू, ठाकुर राम चंद्राकर, संध्या भारद्वाज, अनीता कुमेटी, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सह- कोषाध्यक्ष मोहन जैन, जिला मंत्री नरेश साहू, शरद ठाकुर, जयेश ठाकुर, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, अंबिका यादव, जिला कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला मोर्चा अध्यक्ष आदित्य पिपरे, टोमन साहू, शुभ सिंह कुरैटी, अकबर तिगाला, पार्षद कमलेश सोनी, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, हरीश कटझरे, विवेक वैष्णव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, टिनेश्वर बघेल, रूपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी, मनीष झा, सहित सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेवरी मे दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू के नेतृत्व में अपने गृह ग्राम जेवरी में दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम के आयोजक जीतेन्द्र साहू ने उपस्थित समस्त जनो को दीपावली तिहार, भाई दूज और लक्ष्मी पूजा की बधाई एवं शुभकामनायें दी । कार्यक्रम मे ग्राम जेवरी के भाजपा नेत्री लक्ष्मी साहू, महिला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नीतू देवी साहू देवकुवर साहू, कृष्णा साहू, उमा साहू, जामुन साहू, चमेली साहू, गिरधारी साहू, लाल सिंह साहू, दिलेश्वर साहू, हेमकुमार साहू, शत्रुहन साहू, नेतराम साहू, कमलेश साहू, दामन साहू, तानसेन, कुबेर, लेखराम, हेमकुमार चक्रधारी, बावा पाटिल, संतोष पाटिल, बसंत साह, रुपसिंह पाटिल, आनंद साहू, ओमप्रकाश साहू, डा,गोलू, रेवेंद्र साहू, बसंत साहू, चुणामणी साहू ,मोहित यादव, जगेश्वर यादव, पुनीत सिन्हा, गपा साहू , रेवा साहू ,गजानंद सिन्हा, ओम साहू, महेश साहू, सुरज शुक्ला, चेतन साहू, एवं ग्राम के सम्मानित व्यक्तिगण की उपस्थिति हर्ष उल्लास के साथ दिपावली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ।

# भाजपा सरकार से कानून व्यवस्था में नाकाम अपराध का ग्राफबढ़ रहा है: बंशी पटेल

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बलरामपुर एवं दामाखेड़ा व प्रदेश में बढ़ते अपराध में सरकार की असफल कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर विष्णुदेव सरकार के खिलाफ जमाकर आक्रोश जताए । इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। आए दिन अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है,खुले आम अपराधी हत्या जैसे संगीन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश के हर जिले से लेकर छोटे छोटे शहर में चाकूबाजी, लूटपाट, मारपीट घटनाएं सामने आ रही हैं। हद तो तब हो गया जब कानून के रखवाले पुलिस कर्मी पर भी हमला करने में अपराधियों डर नहीं ।बलरामपुर में पुलिस कर्मी के परिवार के हत्या का मामला शांत नहीं हुआ और कबीर पंथ के सर्वोच्च गुरु प्रकाश मुनि नाम साहब के आश्रम में घुसकर गुंडागर्दी करते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही । जो सरकार अपनी जनता की सुरक्षा नहीं कर सकती ऐसी सरकार का प्रदेश में बना रहना कतई उचित नहीं है।धरना प्रदर्शन को वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने भी संबोधित करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था संभालने में प्रदेश सरकार की अक्षमता पर निशाना साधे। प्रदर्शन मे लुकेश वर्मा ब्लाक अध्यक्ष, सुरेन्द्र तिवारी वरिष्ठ नेता देवदत्त वर्मा, पुर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुन्ना दाऊ, पुर्व मंडी अध्यक्ष अशोक बिन्दल, घाशी वर्मा, नंदकुमार साहु ,बहल वर्मा, नेमीचंद वर्मा, भाव सिंग राज मोहित वर्मा दया सिंह वर्मा, ऋषि वर्मा, विजय यादव, सिद्दीक खान जनपद सदस्य सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सण्डी में किराना दुकान में हुए चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियो के कब्जे से 59,000 रू. एवं चोरी के रकम से खरीदे गये नया एक्टीवा को जब्त कर किया बरामद

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम संडी में किराना दुकान में हुए चोरी के मामले में दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और आरोपियो के कब्जे से 59,000 रू. एवं चोरी के रकम से खरीदे गये नया एक्टीवा को बरामद जप्त कर किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि प्रार्थी नंदकिशोर पाण्डेय उम्र 48 साल ग्राम सण्डी पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा ने 04.11.2024 को चौकी हाजिर आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि ग्राम सण्डी में किराना दुकान हैं, जिसका संचालन एवं खेती किसानी मेरे पिता ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय करता हैं, कि 31.10.2024 के सुबह करीबन 04.30 बजे मेरे पिता ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय मोबाईल से सूचना दिया कि किराना दुकान में चोरी हो गया हैं, बताये तब अपने गृह ग्राम सण्डी जाकर देखा तो किराना दुकान के दुसरा नंबर के रेक में 30,000/- रूपये लगभग नहीं था। जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा 30 व 31.10.2024 के रात्रि 12.00 से 04.00 के दरम्यानी रात में दुकान के संकल को खोलकर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया है, रेक के तीसरे नंबर का रेक में ताला लगा था, जो उपर से किनारे टुटा हुआ था उस रेक में रखे गये रकम के बारे में ज्ञात नहीं हैं पिता को जानकारी हैं होना बताये कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 331 (4), 305 (ए), 3(5 ) बीएनएस पंजीबंद्ध कर विवेचना लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान प्रार्थी के पिता ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय से पुछताछ करने पर बताया कि तीसरे नंबर के रेक में नगदी रकम 1,46,100/- रू0 को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक संतोष ध्रुर्वे को अपराध विवेचना हेतु चौकी स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान जरिये मुखबीर की सूचना पर संदेही उमेश निषाद उम्र 35 वर्ष, ईश्वरी साहू उम्र 45 वर्ष साकिनान सण्डी से पुछताछ करने पर पता चला कि कुल नगदी रकम 1,25,000/- रूपये को चोरी कर घटना में प्रयुक्त पेंचीस, टेस्टर को दराज के नीचे में रखकर दुकान से बाहर निकलना और चोरी के रकम में से ईश्वरी साहू को 50,000/- रूपये देने पर अपने घर चले गये और उमेश निषाद चोरी के रकम से नया एक्टीवा 35,000/-रू. एडवास देकर खरीदी करना और 1,000/-रू. खाने पिने में खर्च करना तथा ईश्वरी साहू चोरी के रकम मे से 30,000/- रूपये को खाने पीने में खर्च करना और शेष रकम 20,000/- रूपये को छुपाकर रखना बताया।

# 16 प्रकरण में 5,500 रूपये समन शुल्क

## माईनर एक्ट के तहत 8 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 04.11.2024 को बेमेतरा यातायात पुलिस 16 चालान में 16 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 16 प्रकरण में कुल 5,500/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 04.11.2024 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नवागढ 02 प्रकरण में 04 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी मारो 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस क तहत 06 प्रकरण में 08 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इसी तरह 02 जुआरियों लाबेन्द्र वर्मा उम्र 32 साल साकिन जिया थाना व जिला बेमेतरा 02. रोहित कुमार विश्वकर्मा उम्र 58 साल साकिन भिलौरी थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी 3,300/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, सउनि उदलराम टांडेकर एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

# जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मे 11 नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 65 में 11 नवंबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियोक्ता सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विस, कोहका, भिलाई द्वारा सुरक्षा गार्ड के 200 पद, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतनमान 10000-15000 आयु 20 से 40 वर्ष, सुरक्षा पर्यवेक्षक के 50 पद, 12वीं वेतनमान 12000-17000 आयु 20 से 40 वर्ष महिला गार्ड का 20 पद, योग्यता 08 वीं से 12वीं वेतनमान 10000-15000 आयु 20 से 40 वर्ष स्थल रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थानों में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 11 नवम्बर 2024, सोमवार समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित हो सकते है।

# निर्धारित समायवधि में सुनिश्चित करें शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन : कलेक्टर

## समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले के अंतिम छोर पर स्थित डौंडीलोहारा ब्लॉक के सुदूर वनांचल के ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर एवं अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं से हुच्चेटोला के ग्रामीणों को लाभान्वित कर वहाँ निवासरत प्रत्येक परिवारों के आय को दुगुना करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं डीआर ठाकुर एवं संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मुर्गीपालन हेतु शीघ्र चुजे प्रदान कराने के निर्देश

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के द्वारा ग्राम हुच्चेटोला में ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए चयनित हितग्राहियों को मुर्गीपालन हेतु शीघ्र चुजे प्रदान कराने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने कौशल विकास योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा हुच्चेटोला के चयनित हितग्राहियों को सिलाई-कढ़ाई एवं मशरूम उत्पादन करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कराने को कहा। कलेक्टर ने ग्राम हुच्चेटोला में पेयजल निस्तारी हेतु पानी की समुचित उपलब्धता की जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता से गांव में हैण्ड पंप की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के द्वारा विभिन्न विभागों के द्वारा ग्राम हुच्चेटोला में ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया।

### महिला खेल के आयोजन के तैयारियों की समीक्षा

वही उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा करते हुए जिला परिवहन अधिकारी को इसके लिए समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए उन्होंने जन जागरूकता अभियान चलाने तथा नियमित रूप से शिविर आदि लगाकर आम जनता को सड़क सुरक्षा के उपायों की जानकारी देने को कहा। बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से दल्लीराजहरा नगर में 100 बिस्तर वाले अस्पताल के सुचारू संचालन के उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को जरूरी उपाय करने को कहा। बैठक में उन्होंने 14 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला खाद्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में अगले सप्ताह से प्रारंभ हो रहे महिला खेल के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को विकासखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय महिला खेल के आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस आयोजन में स्थानीय प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए।

# सेलूद में 2 जनवरी से 24 कुंडीय महायज्ञ एवं विराट महिला सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com



सेलूद में आयोजित होने वाले 24 कुण्डीय यज्ञ के आयोजक संस्था द्वारा कर्मा भवन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने एक दूसरे को शुभकामनाये प्रेषित किया। 17 नवंबर 2024 को कार्यक्रम स्थल में भूमिपूजन का आयोजन की जानकारी दिया गया। जिसमें सेलूद सहित आसपास के ग्रामवासी शामिल होंगे। अतिथि के रूप में क्षेत्र के स्थानीय सांसद, विधायक व जनप्रतिधि गनो का आगमन होगा। बैठक में आगामी कार्ययोजना के तहत 2 जनवरी से 5 जनवरी 2024 होने वाले 24 कुंडीय महायज्ञ शक्ति संवर्धन एवं विराट महिला सम्मेलन के आयोजन के सम्बंध में विस्तार से चर्चा किया। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया गया।धन पुष्प संग्रहण के लिए सभी प्रभारियों को रसीद बुक प्रदान किया गया। दीपावली मिलन में सुवा नृत्य का भी आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर अशोक सिंह राजपूत समन्यवयक, खेमिन साहू सरपंच सेलूद, खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, संजय यदु, अजय ठाकुर, सत्यभामा बंछोर, सीता बंछोर, पीताम्बरी साहू, दीपिका साहू, पुष्पा वर्मा, तारेंद्र बंछोर, जयंत्री नायक, विमला साहू, भागवत वर्मा, कौशल आडिल,लाजेश वर्मा, लोकनाथ साहू, सियाराम चन्द्राकर, जगह देवांगन, मनहरण साहू, कमल यादव, लीला सिंह, माला साहू, धनश्याम पटेल, दिगम्बर बंछोर, जगन्नाथ, नेतराम, गयाराम साहू, डोमन, पवन यादव, श्यामलाल वर्मा, हरीश सोनकर, केशव, हरप्रसाद यादव, कमलदेव ठाकुर, दुर्वासा साहू, सखाराम ठाकुर, नेदकुमार साहू, बसंत वर्मा, भानु वर्मा, बिसंभर साहू, भुनेश्वर साहू, तारकेश्वर साहू, राजूलाल साहू, जितेंद निर्मलकर, लक्ष्मी बंछोर, निर्मला चन्द्राकर, किरणलता चन्द्राकर, गूँजेश्वरी बंछोर, मानसी चन्द्राकर, योगेश्वरी साहू, सुनीता ठाकुर, सरस्वती साहू, प्रेमिन, प्रतिमा, लक्ष्मी ठाकुर, हठयारिन धनकर, देवरिन ठाकुर, गनेशिया यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सक्ती जिले में 5 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस का कार्यक्रम हुआ धूमधाम से

## अतिथियों ने कहा- पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की देन है छत्तीसगढ़ का यह हमारा समृद्ध राज्य

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com






नवगठित शक्ति जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय मैदान जेठा में इस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस का वृहद आयोजन किया गया सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में आज जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर मैदान सक्ती में आयोजित किया गया। सक्ती जिले में सांसद कमलेश जांगड़े, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों और बड़ी संख्या में जिलेवासियों की उपस्थिति में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ राज्य का 24वा स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों ने शमा बांध दिया, जिसने आए सभी दर्शकों का मन मोह लिय- जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह में सांसद कमलेश जांगड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे सभी जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों, युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, पुरुषों सहित सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सक्ती जिले में आज 24वा राज्य स्थापना दिवस समारोह हम सभी मिलकर मना रहे है जो हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा की भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ने बहुत संघर्षों के बाद छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जन-जन के कल्याण के लिए किसानों, युवाओं, महिलाओं, ग्रामीणों सहित सभी वर्ग के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने समस्त जिलेवासियों को प्रदेश के 24वे स्थापना दिवस की बधाई दी। इसी क्रम में जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल ने कहा कि आज हमे छत्तीसगढ़ महतारी कहने का अवसर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के आशीर्वाद से मिल पाया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के कारण हमे 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का सौगात मिल पाया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक जनहितकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसका आमजन ज्यादा से ज्यादा लाभ ले। इसी क्रम में जनपद पंचायत मालखरौदा अध्यक्ष लकेश्वरी देवा लहरें ने कहा कि आज जिले में हर्षोल्लास के साथ राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने बहुत ही संघर्षो के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश का निर्माण कराया है। इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि हम सभी प्रदेश सहित सक्ती जिले के विकास में शासन प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों, पत्रकारों सहित सभी से सक्ती जिले को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। इसी क्रम में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही हर्षोल्लास का विषय है कि राज्य बने 24 साल हो गए है। हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश ने राज्य निर्माण के बाद अनेक सफलताएं हासिल की है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश की तरह नवीन जिला सक्ती भी तेजी से विकास करे इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना है और नवगठित सक्ती जिले का प्रदेश में एक अलग पहचान बनाना है। जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में नगरपालिका बाराद्वार अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम सक्ती अरूण सोम, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल सहित जिले के युवा, बच्चे, महिला, पुरुष, बुजुर्ग, सभी वर्गों के नागरिक सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित थे।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय ने राज्य स्थापना दिवस में लगाया स्टाल

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com






जिला स्तरीय राज्य स्थापना समारोह शक्ति में शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्टॉल लगाया गया।छात्र छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य का प्रदर्शन किया गया। छत्तीसगढ़ के 24 वे स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में कलेक्टर कार्यालय के मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे संसद कमलेश जांगड़े की गरिमामई उपस्थिति रही।स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाया गया था।इसी ऋम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देने के लिए छात्र छात्राओं और उनके प्रभारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े और प्राचार्य डॉ डी पी पाटले के निर्देशानुसार स्टॉल लगाया गया। सभी छात्र छात्राओं ने लोगों को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित कार्यो की जानकारी में बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान, नशामुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा, मतदाता जागरूकता, साक्षरता, विभिन्न प्रकार की रोगों की रोकथाम संबंधीजानकारी, वृक्षारोपण, आदि के द्वारा निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना इसका मुख्य उद्देश्य है। जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े ने बताया कि यह योजना छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उनमें निःस्वार्थ सेवा भावना जगाना मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में प्रो ऋतु पटेल और प्रो सीमा साहू के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं द्वारा कर्मा सुआ पंथी और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। स्टॉल में सहयोगी के रूप में प्रो यज्ञ राठिया, प्रो डॉ हरीशंकर रजक, प्रो संतोष जांगड़े प्रो अनिल खर्रा और छात्र छात्राओं में ऋषभ नारंग, तरुण कुर्रे, उपेंद्र, पायल, हीना, संध्या, बलदेव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सक्ती के अंकित अग्रवाल बनाए गए भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने भारत स्काउट गाइड शक्ति जिले के नए जिला मुख्य आयुक्त के रूप में शक्ति शहर के भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं युवा समाजसेवी अंकित अग्रवाल की नियुक्ति की है, उपरोक्त नियुक्ति का आदेश 4 नवंबर 2024 को राज्य मुख्यालय द्वारा जारी किया गया है,ज्ञात हो की भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य के संरक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमन डेका,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त पद पर डॉ.सोमनाथ यादव पदस्थ हैं। तथा शक्ति जिले में अंकित अग्रवाल की जिला मुख्य आयुक्त के रूप में नियुक्ति होने पर जहां शक्ति जिले के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, तो वहीं उपरोक्त नियुक्ति का पत्र जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित अन्य विभाग प्रमुखों को भी प्रेषित किया गया है, ज्ञात हो की भारत स्काउट गाइड शिक्षा विभाग के अधीनस्थ कार्य करने वाली एक बड़ी संस्था है, जिसमें स्काउट गाइड के अंतर्गत जहां प्रत्येक सरकारी तथा निजी स्कूलों में विद्यार्थियों में स्काउटिंग की भावना जागृत करने की दिशा में निरंतर पहल की जाती है, तो वहीं समय-समय पर स्काउटिंग के प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम लगाए जाते हैं, तथा अंकित अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति पर कहा है कि भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय ने उन पर जो यह जिम्मेदारी सौंपी है वे पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे एवं शक्ति जिले में स्काउटिंग के कार्य को गति देंगे तथा प्रत्येक स्कूलों में स्काउटिंग की अनिवार्यता के लिए पहल करते हुए शिक्षा विभाग के सहयोग से इस गति देंगे, ज्ञात हो की शक्ति के अंकित अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न संस्थाओं में प्रमुख पदों पर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रहे हैं। तथा वे पूरे शक्ति जिले में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं, तथा पूर्व में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति के भी नगर मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं।

# छात्रों के अपार आईडी बनाने का कार्य जल्द करें पूर्ण : कलेक्टर

- दिसंबर में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारी समय से पूर्ण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के अपार आईडी निर्माण के संबंध में जानकारी ली। जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में आईडी बनाने का काम जारी है। नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। अपार आईडी बनाने में रायगढ़ जिला प्रदेश में सबसे आगे चल रहा है। कलेक्टर ने प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों के नियमित अटेंडेंस की निगरानी के लिए कहा। साथ ही यूनिट टेस्ट के परिणामों का विश्लेषण कर स्कूलों के प्रदर्शन की रिपोर्ट भी तैयार करने के निर्देश उन्होंने दिए। बैठक में जन समस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर गोयल ने कहा कि माह में दो बार जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर शिविर के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों की विभागीय स्तर पर स्क्रुटनी कर निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने दिसंबर माह में रायगढ़ में होने जा रही अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रोजगार अधिकारी के साथ ही लोक निर्माण विभाग और नगर निगम से किए जाने वाले इंतजामों की प्रगति के बारे में पूछा। बताया गया कि बीते दिनों सेना के अधिकारी रायगढ़ पहुंचे थे और यहां जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुरूप तैयारियां शुरू की गई हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जो तिथि निर्धारित की गई है उसके पहले सभी प्रबंध कर लिया जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्योत्सव में लगे स्टालों में लोगों को दी जा रही जानकारी

- श्रम विभाग के स्टाल में स्वयं आयुक्त घनश्याम पाणिग्राही रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



राज्योत्सव के अवसर पर रायगढ़ जिला मुख्यालय में स्थित मिनी स्टेडियम को भव्य रूप से सजाया गया है। जहां अलग-अलग विभाग के द्वारा स्टाल लगाया गया है। जहां पहुंचने वाले लोगों को स्टाल संचालकों द्वारा जानकारियां दी जा रही है। ऐसे में आज श्रम विभाग के स्टाल में श्रम आयुक्त घनश्याम पाणिग्राही स्वयं उपस्थित होकर लोगों को जानकारी देते नजर आये। रायगढ़ के मिनी स्टेडियम को राज्सोत्सव के अवसर पर भव्य रूप सजाकर राज्योत्सव मनाया जा रहा है। जहां सभी विभागों के स्टाल सज गए है और यहां पहुंचने वाले लोगों को जानकारी दी जा रही है। यहां श्रम विभाग का स्टाल भी सजकर तैयार है और यहाँ भी पहुंचने वाले लोगों को श्रम विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

सहायक श्रम आयुक्त घनश्याम पाणिग्राही भी उपस्थित रहकर अपने अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी सभी को दे रहे है। साथ ही सभी को जागरूक भी कर रहे है की बाल श्रम के क्षेत्र में। नाबालिग बच्चों को आसानी से बाल श्रम के क्षेत्र में धकेल कर उनका बचपन उनकी शिक्षा दीक्षा छीनी जा रही है इन सभी क्षेत्रो में श्री पाणिग्रही लोगो को जागरूक कर रहे है।

# रायगढ़ जिला मुख्यालय से 6 प्राध्यापक बने प्राचार्य

- डॉ. मनोहर पटेल, डॉ. सुषमा तिवारी, डॉ. पी.के.अग्रवाल, डॉ.प्रीतिबाला बैस डॉ.अनिल कुमार पाणिग्राही, डॉ चारुचंद्र मिश्रा बने प्राचार्य

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 4 नवंबर को प्रदेश के 131 प्राध्यापकों को स्नातक प्राचार्य के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया है जिसमें रायगढ़ जिला मुख्यालय के 6 प्राध्यापक प्राचार्य के रूप में पदोन्नति हुए हैं जिसमें कुसमरा नवीन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनोहर लाल पटेल को संत गहिरा गुरु रामेश्वर महाविद्यालय लैलूंगा में प्राचार्य के रूप में पदोन्नति दी गई है वहीं किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में पदस्थ तीन प्राध्यापक डॉ. चारूचंद्र मिश्रा को स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय रायगढ़, डॉ. अनिल कुमार पाणिग्रही को शासकीय महाविद्यालय धर्मजयगढ़ एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रीति बाला बैस को नवीन महाविद्यालय सरिया में प्राचार्य के रूप में पदस्थ किया गया है इसी प्रकार किशोरी मोहन त्रिपाठी महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक डॉ. सुषमा (पाण्डेय) तिवारी नवीन महाविद्यालय चपले में प्राचार्य के रूप में पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय में कार्यरत प्रोफेसर डॉ. पी.के. अग्रवाल को घरघोड़ा महाविद्यालय का प्राचार्य बनाया गया है। रायगढ़ जिला मुख्यालय के महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापकों के प्राचार्य बनने पर उच्च शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्ध जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन्हें बधाई दी है। कुलपति पटैरिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए दी बधाई शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रोफेसर डॉ. ललित प्रकाश पटैरिया ने कुल उत्सव के लिए बुलाये गये मीटिंग के अवसर पर पदोन्नत सभी प्राचार्यों को अपनी तरफ से हार्दिक बधाई देते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रदान की वहीं इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न समितियों के पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ.सुशील कुमार एक्का, प्र.प्रचार्य पीडी कालेज डॉ.ज्योति सोनी, प्रभारी प्राचार्य केएमटी प्रो. एन.एम. गार्डिया, डॉ.रविन्द्र कौर चैबे, डॉ. रणजीत बारिक, डॉ. एस. के. ठाकुर, डॉ.रोहिणी आर्या, डॉ.प्रदीप शर्मा, प्रो.सुनील अग्रवाल, डॉ.सौरभ प्रधान, प्रो.दर्शना पोपट, एनएसएस के जिला संगठक भोजराम पटेल प्रो.संतोष कुमार नायक डॉ. प्रीति तन्ना इत्यादि ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए पदोन्नत हुए प्राचार्यों को बधाई एवं शुभकामना प्रदान की है।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड चांपा में राजकीय चिन्ह का अपमान

- पूरे प्रदेश 5 नवम्बर को राज्योत्सव मनाया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर राजकीय चिन्ह हो रहा अपमान

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com




पूरे प्रदेश में 5 नवम्बर को राज्योत्सव मनाया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर राजकीय चिन्ह का अपमान किया जा रहा है जो एक गंभीर और चिंताजनक मामला है, जहां सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य उपखंड के अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ के राजकीय चिन्ह का अपमान किया गया है। इस चिन्ह में अशोक चिन्ह और तीन शेर हैं, जो छत्तीसगढ़ की शासन प्रशासन की गरिमा का प्रतीक है और राज्य की एकता और अखंडता को दर्शाते हैं। पर वहीं सहायक अभियंता लोक स्वा. उपखंड के पदाधिकारी को इससे कोई सरोकार नहीं है छत्तीसगढ़ राजकीय शासन प्रशासन के प्रतीक चिन्ह का यदि मतलब पूछा जाए तो शायद ही उनको मालूम होगा, यदि मालूम होता तो छत्तीसगढ़ की धरोहर राजकीय चिन्ह की अपमान नहीं किया जाता। सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य उपखंड चांपा के पदाधिकारी को शायद यहाँ चिन्ह कचरे के समान लगता है इसी लिए अधिकारी द्वारा कचरे के ढेर में फेंक दिया गया और गुटका थूक से ढक दिया गया, जो बहुत ही अपमानजनक और निंदनीय है। यह घटना सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और जिम्मेदारी की कमी को दर्शाती है, जो राज्य के सम्मान और गरिमा के लिए खतरनाक है। इस मामले में तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और राज्य के सम्मान की रक्षा की जा सके। सरकारी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक होना चाहिए और राज्य के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार को इस मामले में तुरंत ध्यान देना चाहिए और राज्य के सम्मान की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने वाले आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार


पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने वाले आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपी आनंद कश्यप निवासी नवागढ़ द्वारा थाना नवागढ़ आकर सूचना दी कि लक्की उर्फ मोहनीश केशरवानी निवासी नवागढ़ से मेरा पुरानी रंजिश था उसके द्वारा मुझे गली गलौज कर मारपीट कर रहा था तो मेरे द्वारा गुस्से में आकर उसे स्टील के रॉड से उसके सिर चेहरे में ताबड़तोड़ हमला कर उसका हत्या कर दिया हूं। थाना नवागढ़ पुलिस को हत्या की सूचना मिलने पर विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा के निर्देशन में तत्काल थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा घटना स्थल (चांपा रोड-नवागढ़) जगदीश के दुकान के पास जाकर देखा तो मृतक लक्की उर्फ मोहनीश केशरवानी गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था जिसके चेहरे, सिर में रॉड से कई बार मारा गया था अचेत स्थिति में पड़ा था जिसको तत्काल थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर के द्वारा चेक करने पर मृत होना बताया थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया जाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया जिसमें राड से सिर एवं चेहरे में कई जगह गंभीर चोट आई है जिसके कारण मृत्यु होना पाया गया। मर्ग जांज पर आरोपी के विरूद्ध थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 453/24 धारा 103 (1) BNS कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। हत्या जैसे घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर राजेंद्र जायसवाल एवं SDOP चाम्पा यदुमणि सिदार घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया आरोपी, गवाहों से पूछताछ की गई। प्रकरण के आरोपी आनंद कश्यप को घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो बताया कि मृतक लक्की उर्फ मोहनीश केशरवानी से पूर्व में भी लड़ाई झगड़ा हो चुका था। जिसके कारण दोनों के बीच रंजिश था पुराने झगड़ा हुए विवाद को लेकर मेरे द्वारा उसे गुस्से में आकर स्टील के रॉड से उसके चेहरे, सिर में कई बार हमला किया, बाद मरा समझ कर थाना नवागढ़ आ कर सूचना दिया बताया आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्टील का रॉड बरामद किया गया है। प्रकरण के आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# थाना चांपा के आरक्षक शंकर राजपूत के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से हुई लिखित शिकायत

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com




चांपा थाना में पदस्थ आरक्षक पर शराब का अवैध कारोबार कराने से लेकर गुंडागर्दी कर वसूली करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने सबूत के तौर पर धमकाते हुए पैसो की मांग करने का रिकॉर्डिंग व पैसे दिए जाने का स्क्रीनशाट भी दिया है। इन सब की शिकायत पीड़ित ने लिखित में पुलिस अधीक्षक से करते हुए कार्रवाई करने का मांग किया है। इसके पहले भी आरक्षक राजपूत के खिलाफ खनिज परिवहन में अवैध वसूली से लेकर किराए और दुकानदारो के पैसे चंपत करने का आरोप लगे है। चांपा थाने के अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से बेलगाम हो गए है। पुलिस वाले यहां खुलेआम गुंडागर्दी कर जहां अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे है, वहीं वसूली बाजी करने में ही अपना पूरा समय खपा रहे है। आरोप लगा है कि शराब का अवैध कारोबार आरक्षक के द्वारा दबाव बना कर कराया जा रहा था, साथ ही डरा धमका कर शराब व पैसो का मांग किया जा रहा था। इन सबसे परेशान होकर गरीब ड्राईवर ने हिम्मत जुटा कर पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया है और अपने साथ हुए घटनाक्रम को बताया है। उसने आडियो रिकार्ड के साथ लेनदेन का सबूत प्रस्तुत किया है। छुईहा तालाब जगदल्ला चांपा के पास रहने वाले अनिल खूँटे पिता फिरंगी खूँटे ने जो ड्रायवरी का कार्य करता है। उसने बताया है की इसी संबंध में आरक्षक शंकर सिंह राजपूत से उसका मुलाकात हुवा।

# सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी व परिचारक अनुपस्थित

### 7 दिवस के भीतर कार्य पर उपस्थित होने हेतु भेजा गया नोटिस

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पशु चिकित्सा विभाग में कार्यरत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं परिचारक लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। इस संबंध में उन्हें कई बार नोटिस पत्र भेजा गया किन्तु आज दिनांक तक उक्त दोनों कर्मचारी अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुए है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, रायगढ़ ने दोनों कर्मचारियों को अंतिम सूचना पत्र देते हुए 7 दिवस के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होने हेतु सूचित किया है। अन्यथा सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती पदमनी धुर्वे, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु औषधालय-नूनदरहा, विकासखण्ड तमनार, जिला-रायगढ़ 9 अप्रैल 2015 से तथा सीताराम एक्का, परिचारक, पशु चिकित्सालय जतरी, विकासखण्ड-पुसौर, जिला-रायगढ़ 1 मार्च 2015 से अनाधिकृत रूप से अपने कार्य से अनुपस्थित है। दोनों कर्मचारियों को उनके मूल निवास के पते पर रजिस्टर्ड नोटिस पत्र भेजा गया था, किन्तु आज दिनांक तक वे अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुए है।

## विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

**सक्ती।** जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। समारोह स्थल और आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, क्रेडा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल सनसाधन विभाग, वन विभा।


## कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम
### (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)
ई-मेल - actd.kabeerdham@nic.in

क्रमांक 2707/EMRS/ आजाक/2024-25 कबीरधाम, दिनांक 04/11/2024

### // निविदा निरस्तीकरण सूचना //

कार्यालयीन ज्ञापन क्र./1331/EMRS/आजाक/2024-25 कबीरधाम दिनांक 02.08.2024 के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि.खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं दिनांक 23.08.2024 दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी।

अतएव उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कबीरधाम

G-242503603/3



## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर

### // संक्षिप्त द्वितीय निविदा//

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/1517/13/2024-25 कांकेर, दिनांक 04/11/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से (दिनांक 01.01.2015 से लागू छ.ग. लोक निर्माण विभाग (भ/स) अनुसूची दर पर) निम्नांकित जीर्णोद्धार कार्य हेतु मैनुअल निविदा द्वितीय बार आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु 'D' श्रेणी एवं उच्च, ठेकेदार पात्र होंगे। प्रति निविदा पत्र की कीमत कार्य लागत अनुसार 750 एवं 300 रूपये है, कार्य पूर्ण करने की अवधि 02 माह वर्षा ऋतु सहित होगी।

1. निविदा प्रपत्र आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - 18/11/2024 (सायं 5.30 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 19/11/2024 (5.30 बजे तक )
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 25/11/2024 (सायं 5.30 बजे तक)
4. निविदा खोले जाने की तिथि - 26/11/2024 (पूर्वान्ह 11.00 बजे)

**इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालय में देख सकते है।**

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत राशि (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कौड़ोसाल्हेभाट में भवन जीर्णोद्धार कार्य, वि.ख. कोयलीबेड़ा | 3.94 | 4000 |
| 2 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कौड़ोसाल्हेभाट में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य, वि.ख. कोयलीबेड़ा | 3.50 | 3500 |
| 3 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास बंडापाल बोरवेल खनन एवं पंप फिटिंग कार्य, वि. ख.अंतागढ़ | 1.92 | 2000 |
| 4 | प्री.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास उसेली में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य, वि.ख. अंतागढ़ | 3.50 | 3500 |

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कांकेर

G-242503605/3

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना बनी जीवनदायिनी



पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 4 गाड़ी चलाई जा रही है। जनरल ओपीडी के डॉक्टर एवं विशेषज्ञ डॉक्टर बैठते है। आवश्यकतानुसार सभी प्रकार के ब्लड टेस्ट कराने की भी सुविधा गाड़ी में उपलब्ध है। डॉक्टर द्वारा लिखी गई सभी दवाईयां एवं जॉच निःशुल्क किये जाते है। प्रतिदिन नगर निगम भिलाई के सभी जोन में निर्धारित तिथि के अनुसार गाड़ी जा रही है। जहां पर श्रमिक लोग, उनके परिवार के सदस्य एवं आमजन इलाज करा सकते हैं। जो इलाज हम प्राइवेट डॉक्टर के पास जाकर कराते हैं वह डॉक्टर हमसे फीस लेते हैं हमे तमाम प्रकार की जांच लेबोरेटरी में जाकर कराते हैं। फिर जाकर हमें पता चलता है क्या बीमारी है इसमें मजबूरी में हमारा अनावश्यक पैसा खर्च हो जाता है। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के 3 मोबाईल मेडिकल युनिट एवं 1 दाई-दीदी-क्लीनिक बस नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चलती है। उसी में डॉक्टर नर्स और आवश्यकता अनुसार दवाई भी वितरित की जाती है। इसका समय सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक रहता है। वार्ड के सार्वजनिक स्थल पर लगाया जाता है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने श्रमिक बहुल्य क्षेत्र में रहने वाले परिवारो से अनुरोध किये है कि अधिक से अधिक संख्या में जाकर शासन द्वारा प्रदाय चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाये। यह सुविधा सभी श्रमिक भाईयो एवं परिवारो के लिए निशुल्क उपलब्ध है।

# खोपली स्कूल के 350 बच्चों को फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे स्वेटर

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खोपली के लगभग 350 बच्चों व स्कूल के रसोइयों व सफाई कर्मियों को सरस्वती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा 350 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। सुरेश फरमानिया के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच मंजू वर्मा ने फरमानिया का शाल श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मान किया। शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के संस्था प्रमुख छबिलाल रघुवंशी व मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख हरिशचंद्र देवांगन ने फरमानिया का बच्चो के प्रति लगाव, उनके उत्कृष्ट कार्यों व सहयोग की भावना को देखते हुए शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया। इस अवसर पर प्राथमिक व मिडिल स्कूल के छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंच संचालन शाला के शिक्षक दीपक साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10 वर्षो से सरकारी स्कूलों में बच्चो को स्वेटर, कॉपी, पुस्तके, कंपास, बेंच डेक्स आदि का वितरण छात्रहित में निस्वार्थ भाव से कर रहा हैं। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया, सरपंच मंजू वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, मनोज मढ़रिया, मनोज वर्मा, छबिलाल रघुवंशी, हरिश्चंद्र देवांगन, शाला के शिक्षक गिरीश साहू, दीपक साहू, मनीष साहु, कुमार साहू, संतोषी कश्यप, रोशनी चंद्राकर, रामेश्वरी चंदेल, रामती पाटिल, लोकेश कुमार साहू, देवांगन, दानेश्वरी चंद्राकर, रानू यादव, भूषण यादव,डोमन लाल चतुर्वेदी, संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे,सुरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

# पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में एडमिशन के लिए आवेदन 15 नवंबर तक आमंत्रित

## बारहवीं और स्नातक उत्तीर्ण कामकाजी युवाओं के लिए अवसर

पायनियर संवाददाता < सारंगढ़/बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

सरकारी, निजी, घरेलू और व्यस्त जीवन शैली से जुड़े कामकाजी युवाओं, महिलाओं और पुरुषों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ के ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से एडमिशन अब भी चालू है। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2024-25 के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दूरवर्ती शिक्षा के अंतर्गत ऑनलाइन एडमिशन के लिए आवेदन 15 नवंबर 2024 तक आमंत्रित किया है। इसमें बारहवीं उत्तीर्ण के बाद स्नातक कोर्स में बीए, बीकॉम, बीएससी (गणित) बीबीए है। इसी प्रकार डिप्लोमा कोर्स में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस (डीसीए) और रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा शामिल है। पूर्व में एडमिशन की अवधि 31 अक्टूबर तक था, जिसे बढ़ोतरी किया गया है। स्नातक उत्तीर्ण के बाद स्नातकोत्तर कोर्स में एमए (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र) एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडबल्यू, एमकॉम, एमएससी (गणित) एमएससी (कंप्यूटर साइंस) है। इसी प्रकार डिप्लोमा कोर्स में पीजी पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस (पीजीडीसीए), डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन साइकोलॉजिकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग और बीकॉम उत्तीर्ण युवाओं के 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स अंतर्गत सर्टिफिकेट इन गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https//www. pssou. ac. in पीएसएसओयू डॉट एसी डॉट इन पर अवलोकन किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि नियमित शासकीय कर्मी अपने नौकरी के साथ भी ये कोर्स कर सकते हैं। इसमें एडमिशन फॉर्म भरने के बाद अपने कार्यालय प्रमुख से कोर्स की अनुमति के लिए आवेदन किया जाना आवश्यक है, जिससे उनका यह कोर्स वैधानिक हो और विभाग परीक्षा में बैठने के लिए प्रायः अनुमति प्रदान करता है। प्रायवेट और प्लेसमेंट तथा अन्य नागरिकों के लिए इस प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

# मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रारंभिक परीक्षा की तैयार के लिए प्राक्रयन परीक्षा 10 को

**पात्र अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट से प्रवेश पत्र कर सकते हैं प्राप्त**

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत प्री मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेष परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पात्र अभ्यर्थियों हेतु प्राक्रयन परीक्षा 10 नवंबर 2024 को दोपहर 12 से 02 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय सडडु, उरकुरा मार्ग रायपुर में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से मिली जानकारी के अनुसार प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेष पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही अभ्यर्थियों को प्रवेष पत्र पर स्वयं का रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा सम्पूर्ण विवरण भरकर परीक्षा केंद्र आना अनिवार्य है।

# गजानन महाविद्यालय में नशामुक्त अभियान के तहत संगोष्ठी क़ा आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में भाटापारा स्थित गजानन अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 221 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा, भांग, अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। नशे से छुटकारें हेतु नशा मुक्ति केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है जिसमें रहने की व्यवस्था, दवाईयों की व्यवस्था, उचित मनोचिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है एवं नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी महाविद्यालय विद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग में विभिन्न विषयों को लेकर जमदरहा में बैठक सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षा विभाग में विभिन्न विषयों को लेकर सेक्टर बैठक जमदरहा में संपन्न हुआ। सेक्टर जमदरहा के अंतर्गत संकुल केंद्र जमदरहा, खोकसा, चिपरीकोना, चनाट, बिरनडबरी के समस्त प्रधानपाठक एवं शिक्षकों का बैठक आहूत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्णानंद मिश्रा विकासखंड स्रोत समन्वयक बसना, उत्तर कुमार चौधरी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमदरहा, डिजेन्द्र कुर्रे सेक्टर प्रभारी समन्वयक जमदरहा, रोहित पटेल सहायक सेक्टर प्रभारी समन्वयक चनाट, महेश नायक समन्वयक बिरनडबरी, उस्ताद अली शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डिजेन्द्र कुर्रे के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की छायाचित्र में पूजा अर्चना किया गया। ततपश्चात् रोहित पटेल द्वारा शिक्षा गुणवत्ता पर फोकस करते हुए अपना विचार साझा किया। बैठक कों विस्तार पूर्वक पूर्णानंद मिश्रा द्वारा बताया की पुरे विकासखंड में स्मार्ट टीचर की परिकल्पना करके प्रत्येक संकुल में रोल मॉडल स्कूल बनाना। शैक्षणिक गतिविधि में नवाचारी करना, प्रत्येक स्कूल में साउंड सिस्टम से प्रार्थना गीत एवं शिक्षा गुणवत्ता कों बेहतर बनाने के लिए कई नयी पहल की जा रही है। स्वप्रेरित होकर शिक्षकों द्वारा ड्रेस कोड लागु किया जो विकासखंड बसना का नव पहल पुरे जिले से बधाई मिल रहा है।जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी कों लेकर बेहतर कार्य करने के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कों प्रेरित किया गया।उक्त बैठक में प्रतिवेदन के रूप नीलाबर नायक नें प्रस्तुत किया।अंत में डिजेन्द्र कुर्रे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# राज्योत्सव के मुख्य अतिथि मंत्री दयालदास बघेल ने किया शिक्षा विभाग के स्टाल का अवलोकन



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी स्टाल लगाए गए थे। जिसमें शिक्षा विभाग से बसना विकास खण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला-करनापाली के नौ बच्चों एवं दोनों शिक्षकों डॉ वीरेंद्र कुमार कर एवं डॉ गिरधारी साहू (प्रधान पाठक)द्वारा गणितीय कौशलों में बहुत ही कम समय में संख्या पहचान,वर्ग,वर्गमूल बड़ी संख्याओं का गुणा,भाग आदि विधाओं का प्रदर्शन किया गया। जिसमें कक्षा 4 थी से जयंती नेताम वर्ग के सवाल के साथ साथ संविधान के उद्देशिका का मौखिक वाचन, कक्षा पहली से जयश साहू बड़ी संख्याओं का पहचान, कक्षा 5 वीं से छवि साहू वर्गमूल पहचान, कक्षा 4 थी से कोमल पटेल बड़ी संख्याओं का गुणा, भाग, कक्षा पहली से अलका कर द्वारा सुभाषित एवं दीक्षा पटेल, दिशा साहू, उर्वशी सिदार, दीपेश चौधरी आदि ने भी विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन किया।जिसे देखकर जिला महासमुंद के मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल (खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन), डॉ सम्पत अग्रवाल (विधायक बसना), योगेश्वर राजू सिन्हा (विधायक महासमुंद), पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, डीईओ मोहन राव सावंत, उपसंचालक सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा,डी एम सी कमल नारायण चंद्राकर, ए पी सी सम्पा बोस, रेखराज शर्मा जिला साक्षरता मिशन समन्वयक डॉ पूर्णानंद मिश्रा बी आर सी सी बसना आदि ने खूब प्रशंसा करते हुए पूरे टीम को बधाई शुभकामनाएं दी।

# धार्मिक संस्थाएं, अस्पताल-स्कूल निर्माण के लिए आगे आएं : यादव

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि धार्मिक संस्थाएं, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल और धर्मशाला आदि के निर्माण में आगे आएं, राज्य शासन की ओर से उन्हें हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ यादव उज्जैन में बनने जा रहे महर्षि श्रृंगी महाराज और माता शांता मंदिर और आश्रम के भूमि-पूजन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उज्जैन में हुए कार्यक्रम में हैदराबाद से पधारे परम पूज्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 प्रभु दास महाराज, पुष्कर राजस्थान के तेजमल पंडया, नई दिल्ली के विक्रांत पांडे सहित समाजसेवी तथा नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के 7 पवित्रतम नगरों में से उज्जैन एक है, यहां सभी समाजों के लिए धर्मशाला, मठ, मंदिर आदि के निर्माण को राज्य शासन की ओर से प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में सिंहस्थ क्षेत्र में स्थाई निर्माण को प्रोत्साहन देने की नीति बनाई गई है, जिसके अंतर्गत महर्षि श्रृंग समाज उत्थान संस्थान ने उज्जैन में मंदिर और आश्रम निर्माण का निर्णय लिया है।

# पीजी कॉलेज में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक सहायक प्राध्यापक निरंजन कुमार तथा कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में रासेयो की इकाई 1 व 2 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत मथुराडीह में शुरू हुआ है, जो 11 नवंबर तक चलेगी। शिविर का मुख्य थीम डिजिटल साक्षरता एवं यूथ फार माय भारत रखा गया है जिसके तहत शिविर की 7 दिनों तक विविध गतिविधियां संचालित होगी। इन सात दिनों में 6 नवंबर को यातायात जागरूकता, सॉफ्ट जीवन शैली एवं नशा मुक्ति परद्व, 7 नवंबर को मानसिक स्वास्थ्य पर डॉ यश कुमार साहू और डॉ प्रीति जिला अस्पताल धमतरी, विधिक जागरूकता पर लीगल एंड क्लीनिक इकाई विधि विभाग बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी, 8 नवंबर को कृषि जागरूकता फत्तेलाल पटेल डीपीटी आत्मा योजना जिला धमतरी तथा 9 नवंबर को गांधी जी के विचार एवं आज के युवा पर नरेंद्र साहू अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं यूथ फॉर माय भारत नितिन शर्मा नेहरू युवा केंद्र धमतरी चर्चा होगी। डिजिटल साक्षरता के तहत रोजाना कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिसमें जनसंवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक होंगे। शिविर के लिए सुबह 11 बजे पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को मथुराडीह के लिए रवाना किया तथा शिविर के सफल संचालन की शुभकामनाएं प्रेषित की। शाम 4 बजे शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत मथुराडीह के सरपंच एवं मुख्य अतिथि परमेश्वर देवांगन द्वारा ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। अध्यक्षता जोहित नेताम ग्राम प्रमुख, मनसाय मंडावी आदीवासी परिक्षेत्र, अध्यक्ष रामचरण नेताम पंच, राघव नेताम, श्यामलाल नेताम, गजाधर ध्रुव पुजारी ने किया। अतिथियों ने मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम ने सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्देश्य से अवगत करवाते हुये ग्राम सरपंच को मथुराडीह में शिविर लगाने हेतु आभार प्रकट किया। तत्पश्चात जिला संगठक सहायक प्राध्यापक निरंजन कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका एवं कार्यों का विवरण बताया। ग्राम सरपंच ने शिविरार्थियों को सफल शिविर की शुभकामनाएं प्रेषित की। अध्यक्षता कर रहे जोहित नेताम ने कहा आप अपनी अच्छी बाते ग्रामवासियो को सिखायेंगे और ग्रामवासी आपको सिखायेंगे। उद्घाटन के बाद स्वयंसेवकों ने खेलकूद किया। कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा शिविर नायक.नायिका, मेस प्रभारी, चिकित्सा प्रभारी, मीडिया प्रभारी, क्रीडा प्रभारी, परियोजना प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी एवं शिविर के सफल संचालन के लिए दल चयन कर प्रभार दिया

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 दिसंबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से अब 31 दिसंबर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थी वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन http//postmatric-scholarship. cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित संस्था, जिला कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 थी, जिसे बढ़ोतरी किया गया है।

# जैव विविधता और औषधि पौधों की मिल रही है जानकारियां



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विभाग के स्टॉल में जैव विविधता बोर्ड के द्वारा यहां आने वाले लोगों को छत्तीसगढ़ राज्य के जैव विविधता से संबंधित पुस्तकों एवम् पारंपरिक वैद्य (सिहावा नगरी के) द्वारा तैयार किए गए आयुर्वेदिक दवाइयों की जानकारी दी जा रही है। नया रायपुर स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वन्यप्राणी प्रभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में बाघों की संख्या, वन्यजीव संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में वीडियो, मानव-वन्यप्राणी सह अस्तित्व के संबंध में प्रतिरूप तथा एक आकर्षक सेल्फी पॉइंट बनाया गया है। संजीवनी स्टाल में छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ के द्वारा बनाये जा रहे विभिन्न प्रकार के हर्बल एवं खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित एवं विक्रय किया जा रहा है। वन विभाग के द्वारा चलाए जा रहे इकोटूरिज्म एवं रोजगार मूलक कार्यो एवं देवगुड़ी को प्रदर्शित करने हेतु एक प्रतिरूप का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के द्वारा वनों में पाए जाने के विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों एवं उनके गुण एवं उनकी कृषिकरण संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसी तरह संयुक्त वन प्रबंधन के द्वारा वनवासियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने के लिए बनाये गए स्टाल में विभिन्न वन प्रबंधन समितियों के द्वारा बनाये गए उत्पाद जैसे सीताफल आइसक्रीम, रबड़ी, जामुन जूस, विष्णुभोग चावल इत्यादि को प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है।

# नाड़ी परीक्षण शिविर 13 नवंबर को



**भिलाई।** एक दिवसीय नाड़ी परीक्षण शिविर का आयोजन 13 नवंबर 2024 को श्री श्री डिवाइन शॉप कोहका-जुनवानी रोड विनोबा नगर में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। शिविर में डॉ. रवि पाराशर सामान्य से लेकर असाध्य रोगों का इलाज आयुर्वेदिक पद्धति से करेंगे। शिविर संयोजक सी.लक्ष्मी ने बताया कि नाड़ी परीक्षण हेतु खाली पेट अथवा भोजन के तीन घंटे बाद आ सकते हैं। इस अंतराल में जल का सेवन किया जा सकता है।


**कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
E-mail ID: cmoadbhar@gmail.com

क्रमांक/940/न.पं./लो.नि.वि./2024-25 अड़भार, दिनांक 06/11/2024

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत अड़भार द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत् सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 160868 | वार्ड क्र. 09 शीतल घर से मुक्तिधाम, वार्ड क्र. 03 श्याम दुकान से ट्रांसफार्मर, वार्ड 14 राजकुमार सीडर घर से संतोष यादव घर एवं पनि टंकी से हरीदास घर, वार्ड क्र. 4 प्रायमरी स्कूल से ठनेश्वर बारेठ घर एवं प्रायमरी स्कूल से फासरू बरेठ घर, वार्ड क्र. 15 ट्रांसफार्मर से किशन घर तक एवं मोहन टंडन घर से मुन्ना राठौर घर तक पाइप लाइन विस्तार कार्य। | 30.04 | 29.11.2024 |
| 2 | 160869 | वार्ड क्र. 04 मेन रोड से राम कुमार विश्वकर्मा घर तक सी सी सड़क निर्माण कार्य | 25.55 | 29.11.2024 |
| 3 | 160870 | वार्ड क्र. 05 मेन रोड से बी आर रातरे घर एवं मेन रोड से मुक्तिधाम तक वार्ड क्र. 01 दुरगताल चौक से अजय साहू घर तक, वार्ड क्र. 06 लाला राम बारेठ घर से ठंडाराम बारेठ घर तक पाइप लाइन विस्तार कार्य। | 30.45 | 29.11.2024 |
| 4 | 160871 | वार्ड क्र. 05,07,013,15 बंजारी चौक से बिजली ऑफिस में प्रकाश व्यवस्था हेतु ट्यूबलर पोल कार्य | 46.37 | 29.11.2024 |
| 5 | 160872 | वार्ड क्र. 02,06,08 मेन रोड से पवन गोस्वामी घर तक प्रकाश व्यवस्था हेतु ट्यूबलर पोल कार्य | 25.50 | 29.11.2024 |


उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार
जिला-सक्ती (छ.ग.)

# पाटेकोहरा बेरियर में आररटीओ के गुर्गो ने की ड्राइवर से मारपीट, 60000 रकम की भी लूट, तिवारी, सिन्हा और झा के संरक्षण में करोड़ों की हेराफेरी

## लगातार शिकायतों के बाद भी प्रशासन मौन, नेता मंत्रियों सब तक पहुंचता है काली कमाई का पैसा

विजय बहादुर सिंह ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


पं.क्र. 115796 "जब चालकों का होगा विकास, तब देश में तरक्की का होगा प्रकाश" पं. क्र. 12220214100

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन
शाखा – राजनांदगांव ट्रक ड्राईवर एकता संगठन
कार्यालय – पेन्ड्री राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक 561 दिनांक 4/11/24

प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन मो. 8349038022
जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन मो.7879831631
जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव मो.6261626350
जिला सचिव जयनारायण वैष्णव मो.86400098516
जिला सह सचिव जितेन्द्र यादव मो.9109928428
जिला कोषाध्यक्ष ननका राम साहू मो. 6264511107
मिडिया प्रभारी निलेश गहिवार मो.9685960098
जिला प्रभारी चन्द्रेश लाल साहू मो.3929372225
कार्य कारणी अध्यक्ष उमराव श्रीमाल मो.7587020589
संगठन सचिव कुलदीप तिवारी मो.9399619565
जितेन्द्र यादव मो.6266617

प्रति,
श्रीमान पुलिस अधीक्षक जी
जिला राजनांदगांव

विषय :- पाटेकोहरा RTO चेकपोस्ट में ड्राईवर को मारपीट एवं पैसे की लूट हेतु बाबत् ।

महोदय जी,
हमारा ड्राईवर नाम सोमनाथ तुलसीराम आव्हाड इनके साथ दिनांक 02.11.2024 को दोपहर 2 बजे चेकपोस्ट से नागपुर महाराष्ट्र के तरफ जा रहे थे चेकपोस्ट बैरियर पर पुलिस मित्र ने गाडी रोकी तो मैने उसको बोला मेरी गाडी खाली है, तो पुलिस मित्र ने गाली देकर मुझे अन्दर RTO के तरफ भेजा उसके बाद RTO कर्मी ने चेकपोस्ट टैक्स चेक करने हेतु मेरा मोबाईल अपने हाथ मे ले लिया उसके बाद लगभग 15 मिनट तक RTO कर्मी ने मोबाईल ना देने के बाद मैंने अपने कैमरे से विडियो रिकार्डिंग चालू कि उसके बाद लगातार मैने मोबाईल देने का अनुरोध किया उसके बाद एक पुलिस मित्र ने मुझे पीछे से आकार मेरे गर्दन को पकड कर हाथापाई कि उसके बाद मै अपनी गाडी चेकपोस्ट पारकिंग से निकाल कर चेकपोस्ट कि तरफ आया फिर से मोबाईल मांगने इसके बाद 6 से 7 पुलिस मित्र ने मुझे वापस से धकामुकि करने लगे उसके बाद मैने एक ड्राईवर भाई से मोबाईल मांगकर 100 नम्बर पर कॉल करके मदद मांगी इस बीच पुलिस मित्र ने लगातार मेरे साथ धकामुकि कि मै डरकर अपनी गाडी में अपने आप को बंद करके चेक-पोस्ट से निकलने लगा तो RTO कर्मी ने मेरे गाडी के सामने ट्रक रूकवा दी उसके बाद मेरे गाडी कि चारो टायर कि हवा निकाल दी और बार बार मेरे गाडी के दरवाजे पे RTO कर्मी ने बाहर निकलने पर मजबूर कर रहे थे, उसके बाद मै गाडी के बाहर आया तो चिचोला पुलिस कर्मी ने मुझे मारपीट करके आपने साथ थाने ले गये उसके बाद मेरे गाडी को कैमरे को मोबाईल को पुलिस वालो ने आपने पास रख लिया और मेरे गाडी मे 60000 [illegible] था उसको भी लूट लिए उसके बाद मुझे रात 10 बजे तक चौकी मे बिठा के रखे [illegible] बाद मुझे पुलिस वेन मे बिठाकर लगभग 10 किलो मीटर थाने से दूर एक बंद ढाबे [illegible] आये उसके बाद मै किसी दुसरे के मोबाईल से छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन राजनांदगांव को सुचना दिया उसके बाद मुझे मदद मिला

नोट :- महोदय जी से निवेदन है कि मुझे न्याय दिलाने कि कृपा करे

प्रार्थी
सोमनाथ आव्हाड

अध्यक्ष / सचिव
छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन

छत्तीसगढ़ परिवहन चेक पोस्ट पाटेकोहरा बेरियर में करोड़ों रुपए का हेरा फेरी कर रहे हैं परिवहन-निरीक्षक और उनके गुर्गे लेकिन उसके बावजूद उन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होना कई गंभीर सवालों को जन्म देता है। दो दिन पूर्व सोमनाथ तुलसीराम आव्हाड नामक वाहन चालक से पाटेकोहरा के गुर्गो ने ना सिर्फ मारपीट की बल्कि उससे 60000 रुपयों की लूट भी की दिनांक 02.11.2024 को दोपहर 2 बजे चेकपोस्ट से नागपुर महाराष्ट्र के तरफ जा रहे वाहन से चेकपोस्ट बैरियर पर पुलिस मित्र ने गाडी रोकी और गाली गलौच करते हुए ड्राइवर को अन्दर आरटीओ के तरफ भेजा उसके बाद कर्मी ने चेकपोस्ट टैक्स चेक करने हेतु मोबाईल अपने हाथ में ले लिया उसके बाद लगभग 15 मिनट तक आरटीओ कर्मी ने मोबाईल ना देने के बाद जब ड्राइवर ने कैमरे से विडियो रिकार्डिंग चालू कि उसके बाद लगातार मोबाईल देने का अनुरोध किया तो ना सिर्फ गुर्गो ने ड्राइवर को पीटा बल्कि उसके 60000 रुपये भी लूट लिए। ड्राइवर ने किसी तरह एक दूसरे ड्राईवर से मोबाईल मांगकर 100 नम्बर पर कॉल करके मदद मांगी इस बीच पुलिस मित्र ने लगातार ड्राइवर के साथ मारपीट करते रहे जिससे डर ड्राइवर ने खुद को अपनी गाडी में बंद कर लिया। मौके पर चिचोला पुलिस पहुंची और ड्राइवर को ही रात 10 बजे तक चौकी में बिठा के रखने के बाद पुलिस वेन मे बिठाकर लगभग 10 किलो मीटर थाने से दूर एक बंद ढाबे छोड दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने इस बात के विरोध में चक्काजाम का भी ऐलान किया लेकिन मंगलवार की दोपहर आपसी संजुआटा हो जाने की वजह से उन्होंने अपना निर्णय वापस ले लिया।

## करोड़ों की वसूली में सब भागीदार, प्रधानमंत्री से शिकायत भी लेकिन कार्यवाही शून्य




अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पाटेकोहरा में परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार किसी से छुपा नहीं है लेकिन फिर भी जिम्मेदार लोग मुंह मोड़े बैठे हैं। यहां अवैध वसूली की शिकायतों के बावजूद कभी जांच नहीं होती। पाटेकोहरा बैरियर में वसूली और यहां से जुड़ी दूसरी शिकायतें प्रधानमंत्री तक से की जा चुकी है।विभागीय प्रक्रियाओं के अलावा यहां एक अलग व्यवस्था संचालित होती है जो कि अफसरों के ही इशारे पर चलती है। इसमें बैरियर के आसपास अनाधिकृत व्यक्तियों, ढाबों को शामिल किया जाता है। ये गुर्गे ही यहां वसूली और सारा अवैध काम संभालते हैं। बैरियर में अवैध गतिविधियों के लिए जिन गुर्गो का इस्तेमाल किया जाता है उनके तार महाराष्ट्र के अलावा तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्य से जुड़े हुए हैं। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सरहद पर मौजूद पाटेकोहरा बैरियर को लेकर खबरें मिलती है कि यहां से हर महीने करोड़ों रुपए की ऊपरी कमाई बांटी जाती है। इसमें राजनीतिक दलों के लोग भी शामिल होते हैं, ऐसी जानकारी है। सिंतबर 2023 में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने चेक पोस्ट में अवैध वसूली की शिकायत प्रधानमंत्री से की थी। एआईएमटीसी का कहना था कि सीमा आरटीओ चेक पोस्ट का बेलगाम और अनियंत्रित आचरण परिवहन व्यापार को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। इन चेक पोस्टों पर गरीब और कमजोर ट्रक ड्राइवरों के साथ भ्रष्टाचार, उत्पीड़न, जबरन वसूली और शोषण अधिक बढ़ गया है। उन्होंने महत्वपूर्ण रुप से छत्तीसगढ़ के पाटेकोहरा बैरियर का उल्लेख भी किया गया था।

## मंथली पर्ची और मेकेनिकल पर्ची के नाम पर अवैध वसूली




पाटेकोहरा बैरियर में गाड़ियों पर चालानी कार्रवाई के बजाए सीधे वसूली की जाती है। इसमें अधूरे दस्तावेज वाले वाहन, ओवरलोड गाड़ियां और कई तरह के मामले शामिल होते हैं। यही नहीं लगातार इस बैरियर से गुजरने वाली गाड़ियों को बकायदा मंथली कार्ड बेचे जाते हैं। इस कार्ड के लिए हर महीने एक तय रकम अदा करनी होती है। कार्ड दिखाने पर उन्हें परिवहन विभाग नहीं रोकता। उड़नदस्ता भी इन गाड़ियों की जांच नहीं करता। बैरियर में सौ से ज्यादा गुर्गे भी मौजूद रहते हैं। वाहन चालकों से कई बार इनके विवाद सामने आए हैं। कई बार तो यहां जमकर लाठी डंडे भी चले हैं और प्रदर्शन भी हुए हैं। यह गुर्गे बैरियर के आसपास ही होते हैं। गाड़ियों और अफसरों के बीच का पूरा जिम्मा यही संभालते हैं। गाड़ियों से वसूली की जाती है और खबर बैरियर में तैनात जिम्मेदारों तक पहुंचाई जाती है। इसके बाद ही गाड़ियां आगे निकलती हैं।

### आय से कई गुना ऊपरी कमाई, हिस्सा सभी का

माना जाता है कि अंतर्राज्यीय पाटेकोहरा बैरियर से परिवहन विभाग की आय से कई गुना अधिक ऊपरी आय होती है। इसे इस तरह मैनज किया जाता है कि, कोई यहां चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मुंह तक नहीं खोलता। गाड़ियों से सिर्फ कागजों और ओवरलोड के नाम पर ही नहीं बल्कि कई और तरीकों से भी रकम जुटाई जाती है। परिवहन विभाग भी बैरियर में चल रही गतिविधियों को लेकर हमेशा चुप्पी साधे रहता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बेरियर के अधिकारी इस अवैध कमाई का हिस्सा शाशन प्रशासन सहित नेता व मंत्रियों तक भी पहुंचाते हैं जिसके कारण कार्यवाही हमेशा शून्य होती है।

# फरार अंतरराज्यीय गौ तस्कर गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ पुलिस ने फरार महाराष्ट्र का अंतरराज्यीय गौ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने 130 गौ वंश को कत्लखाना जाने से बचाया। पशु तस्करों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छग कृषक परीक्षण अधि. 2024 एवं पशु के प्रतिक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार 30 जुलाई 2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि कैम्प मौहाढ़ार के आगे कुछ दूरी पर कुछ व्यक्ति पैदल मवेशियों को मारपीट करते कत्लखाना ले जा रहे हैं। दो लोग पुलिस गाड़ी को देखकर भाग गए एवं एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसका नाम-पता पूछने पर अपना नाम शिव नंदन साहू (55)मुढ़ीपार केसीजी जिला का रहने वाला बताया, जो ग्राम मुढ़ीपार से मवेशियों को कटेमा की ओर पुनीत टेकाम के दैहान में ले जाना बताया, जिसे पूछने पर भागे गए दो व्यक्ति के नाम पुनीत टेकाम के बेटे राजेश टेकाम और सुंदर टेकाम निवासी मौहाढ़ार का होना बताया। आरोपियों से गाय 55 नग कीमती एक लाख 50 हजार रुपए, बछिया 45 नग कीमती 60 हजार रुपए, बछड़ा 30 नग कीमती 30 हजार रुपए कुल 130 नग मवेशियों कुल कीमती 2 लाख 40 हजार रुपए को जब्त किया गया।

# वंशाचार्य अदितमुनी नाम साहेब पर हमला का प्रयास निंदनीय : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था के चलते स्थिति बद से बदत्तर हो रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार की लचर प्रशासन से कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। राज्य में लगातार अपराध गढ़ बन रहा है। बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताड़ना से एक युवक की मौत गुरूचरण की मौत हुई है इसी तरह पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार कार्यालय जला दिया गया। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया ऐसी और भी कई घटनाएं हो चुकी है वर्तमान दीपावली पर्व में दामाखेड़ा में कबीर पंथ के आचार्य प्रकाशमुनी नाम साहेब के आश्रम में उपद्रवियों द्वारा हमले व दुर्व्यवहार किया गया जिसके विरोध में फ्लाई ओवर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सभा को संबोधित हुए कहा कि बलरामपुर में जिस प्रकार की घटना वह बड़े ही दुख की बात है। पहले बालौदा बाजार में आक्रोशित भीड़ व असामाजिक तत्वों ने जिला कार्यालय को फूका डाला था। इसके बाद कवर्धा में लोहारीडीह कांड में पुलिस अभिरक्षा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अब दीपावली पर्व पर कबीर आश्रम दामाखेड़ा में उपद्रवियों द्वारा कबीर पंथ के आचार्य प्रकाशमुनि नाम साहेब के निवास पर हमला कर दुर्व्यवहार की घटना से साबित हो गया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। आज पूरे प्रदेश में भय, आतंक का माहौल बना हुआ है।

# विनोद मंडलोई को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैंदाटोला के प्राचार्य विनोद कुमार मंडलोई को राजनांदगांव जिले में श्रेष्ठ दायित्व निर्वहन एवं उत्कृष्ट नेतृत्व हेतु सत्यनारायण राठौर आर एल ठाकुर संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग ए एन बी स्वामी सहायक संचालक एच एस वर्मा उपसंचालक अरविंद मिश्रा देव दुर्गा द्वारा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी एवं समिति के सदस्य गण एवं शिक्षक स्टाफ ने मंडलोई की उपलब्धि पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विनोद कुमार मंडलोई ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि वह राजनांदगांव डी ई ओ सहित विभाग के उच्च अधिकारियों, शाला विकास एवम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी के सतत मार्गदर्शन शिक्षक स्टाफ के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो पाई।

## सरकारी डॉक्टर्स नौकरी छोड़ने को तैयार लेकिन निजी प्रैक्टिस छोड़ने तैयार नहीं

# मेडिकल कॉलेज के 20 डॉक्टरों के इस्तीफे से बिगड़ा सिस्टम, मरीज परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सरकारी डॉक्टर्स केवल अपने घरों में प्रक्टिस करेंगे। निजी अस्पतालों में सेवा नहीं देंगे और अपने निजी क्लनिक का संचालन भी नहीं कर पाएंगे। सरकारी डॉक्टर्स अपनी ड्यूटी अवधि के बाद केवल अपने घरों और क्वाटर्स में मरीजों का इलाज करेंगे। राज्य शासन के नए आदेश से नाराज मेडिकल कॉलेज अस्पताल के 20 डॉक्टरों ने मंगलवार को डीन डॉ. पीएस लुका को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया।

पेंड्री में 10 साल पहले 2014 में 500 करोड़ रूपए की लागत से 500 बेड के मेडिकल कॉलेज अस्पताल का शुभारंभ किया गया था। यहां 29 विभाग संचालित है। लेकिन 10 सालों के बाद भी यहां सेटअप के अनुसार पर्याप्त डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की जा सकी। पहले से डॉक्टरों कम है और अभी 20 डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दिया जिसमें सीनियर,जूनियर, संविदा के अलावा नियमित डॉक्टर एवं मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉक्टर्स शामिल है। वेतन विसंगति में सुधार की मांग पर सालभर में यहां अलग-अलग विभाग जिसमें कैंसर, सर्जरी, ऑर्थो, आई, मेडिसिन, गॉयनिक, रेडियोलॉजी विभाग के करीब 20 विशेषज्ञों एवं अन्य डॉक्टरों ने नौकरी छोड़ी है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर का कहना है 20 डॉक्टरों अल्टीमेटम दिया है। एक माह की नोटिस अवधि की प्रक्रिया होती है। उच्च विभाग से व्यवस्था बनाने और वैकल्पिक इंतजाम करने निर्देश मिले है। कल उन डॉक्टरों की बैठक लेकर रास्ता निकाला जाएगा। वॉक इन इंटरव्यू लेकर सभी विभागों में नए डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी।

**सरकारी अस्पतालों की हालत सुधारने शासन की पहल :** शासन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सरकारी डॉक्टर्स निजी अस्पतालों की ओपीडी, इलाज, सर्जरी या किसी विभाग में अपनी सेवा नहीं देंगे। आयुष्मान योजना में पंजीकृत निजी अस्पतालों को राज्य शासन को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके अस्पताल में सरकारी डॉक्टर्स नहीं है। मॉनिटरिंग करने अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी है। सरकारी अस्पतालों का हाल सुधारने, डॉक्टरों की मौजुदगी रखने राज्य शासन ने आदेश जारी किया गया है। जिला अस्पताल का गायनिक विभाग सिर्फ एक सर्जन डॉ. तरूण कोठारी के भरोसे है। अन्य विभागों में डॉक्टरों की कमी है। यहां मेडिसिन विभाग के डॉ. खुमान सिंह ने इस्तीफा सौंप दिया है।

**अधिकांश सरकारी डॉक्टर्स निजी अस्पतालों में दे रहे सेवा :** जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के अधिकांश डॉक्टर्स शहर के निजी अस्पतालों में सेवा दे रहें है। इस कारण सरकारी अस्पतालों में उनकी मौजुदगी नहीं रहती और मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की, स्टाफ नर्सेज, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेटअप अनुसार आज तक भर्ती नहीं हो सकी। यहां सिटी स्कैन एवं एमआरआई की सुविधा नहीं है। अभी इस्तीफा सौंपने वाले 20 डॉक्टर्स सीधे मरीजों से जुड़े है और बाकी डॉक्टर्स मरीजों से सीधे कनेक्ट नहीं रहते है। यहां करीब डेढ़ माह से डायलिसिस बंद पड़ा है। जिसके चलते मरीज भिलाई और रायपुर जाने एवं मोटी रकम खर्च करने मजबूर है।




### मेडिकल कॉलेज के इन डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

डॉ. प्रकाश खुंटे और डॉ आशिष डुलानी, डॉ. चेतन साहू, लक्की नेताम मेडिसिन विभाग, डॉ. धनजंय ठाकुर, डॉ. अनिल चंद्रा चाइल्ड विभाग, डॉ. सीएस इंदोरिया ब्लड बैंक, डॉ. अनंत सराफ, डॉ. रुबी साहू, डॉ. निकिता पारख, डॉ. ज्योति चौधरी पैथोलॉजी, डॉ. भूआर्य, डॉ. मानस ऑर्थोपेडिक, डॉ. समृद्धि और डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ गुप्ता, डॉ. संकेत मिंज स्कीन विभाग, डॉ. सिद्धि सैनिक गॉयनिक विभाग, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सोनल सहित अन्य ने मेडिकल कॉलेज के डीन को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि राज्य शासन के नए नियमों के अनुसार घरों में प्रसव, सर्जरी और मशीनरी रख इलाज करना संभव नहीं है।

### मामले में कांग्रेस की प्रेसवार्ता, कुलबीर ने लगाए बड़े आरोप




राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की कमी होना उस पर भी रहे सहे डॉक्टरों द्वारा इस्तीफा दिया जाना यह साबित करता है। कि डॉक्टर साहब अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति कितने लापरवाह है। उक्त बातें कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं। छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के 20 डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफा दिया गया है। जो कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव के विधायक डा. रमन सिंह की लापरवाही और राजनांदगांव के साथ हो रही उपेक्षा के जिम्मेदार डॉ. रमन सिंह है। जब कई माह से डॉक्टरों की मांग चले आ रही है जिसको भाजपा सरकार के संज्ञान में न लेना तथा डॉ. रमन सिंह खुद डॉक्टर होंके अपने क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज में होने वाले घटनाक्रम में लापरवाही दिखाना इस बात का प्रमाण है कि जो डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे हुए हैं। इसके पूर्व भी राजनांदगांव में तथा अन्य मेडिकल कॉलेज में भी डॉक्टर इस्तीफे दे चुके है। कुलबीर ने आरोप लगाया है कि रमन सिंह अपने निवास क्षेत्र कवर्धा में राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज को कवर्धा ले जाने के लिए जानबूझकर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को कोई सुविधा नहीं दिला रहे हैं ताकि राजनांदगांव का मेडिकल कॉलेज समस्याओं के कारण बंद हो और इस कॉलेज को कवर्धा स्थानांतरित कर दिया जाए।

# पूजा सारथी को बचाने के लिए धृतराष्ट्र बन बैठे है जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं प्रतिवेदन का इंतजार

## कार्यवाही के नाम पर हिला हवाला समझ से परे क्या मामला सच में पैसे का लेनदेन का??




पायनियर लगातार

फर्जीवाड़ा पकड़े जाने के बाद भी अनजान बने बैठे है अधिकारी, तहसीलदार के प्रतिवेदन का किया दरकिनार...

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दे रहे फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी पाने वाली का साथ

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

चाम्पा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 12 केंद्र क्रमांक 4 में महिला एवं बाल विकास में हुई आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती की प्रक्रिया 1 महीने पहले ही हुई थी जो अब विवादों के घेरे में है पूजा सारथी पति चूड़ामणि सारथी आंगनबाड़ी के सहायिका के लिए नियुक्त हुई फर्जी दस्तावेज की शिकायत के बाद तहसीलदार की सक्रिय जांच में यह बात सामने आया कि पूजा सारथी के द्वारा फर्जी निवास प्रमाण पत्र पूरी तरह से फर्जी है जिसको नौकरी मैं आवेदन करने के समय पूजा सारथी के द्वारा लगाया गया है फर्जी दस्तावेज किशन ऑनलाइन जो तहसील कार्यालय के सामने संचालित है के द्वारा बनाया गया है, इस मामले में पूजा सारथी ने स्वयं ही थाने में शिकायत किया कि उसका निवास प्रमाण पत्र फर्जी है जो किशन ऑनलाइन किए द्वारा बनाया गया है मामले का भनक लगते ही चॉइस सेंटर का संचालक फरार है वहीं पुलिस ने बी एन एस के तहत 318(2), 336, 338, 340(1) और 461 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की छानबीन कर रही है आरोपी संचालक के पकड़े जाने पर नया खुलासा हो सकता है किसके कहने पर उसने फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाया था तहसीलदार पुलकित साहू और प्रशिक्षु आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी के द्वारा विकासखंड परियोजना अधिकारी को बुलाकर सामने में यह दिखाया गया था कि निवास प्रमाण पत्र फर्जी है अधिकारी द्वय के द्वारा फर्जी निवास प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग की निष्क्रियता इतनी है कि विभाग के द्वारा अभी तक पूजा सारथी को एक नोटिस तक नहीं दिया गया आंगनबाड़ी जा रही है और अपना काम कर रही है पूजा सारथी की रोज ड्यूटी जाने को लेकर लोक प्रयास लग रहे हैं कि यह विभाग की उदासीनता है निष्क्रियता है या मिलीभगत है।

# कलेक्टर व्यास ने अवैध धान परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के दिए निर्देश



### ■ अवैध धान परिवहन को रोकने के चेक पोस्ट पर लगाएं कर्मचारियों की ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को सभी राजस्व अधिकारियों और खाद्य विभाग के अधिकारियों की धान खरीदी के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर से जिले में धान खरीदी चालू हो जाएगी। सभी 46 उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के लिए सभी व्यथा दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर व्यास ने कहा कि जिले के किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। केन्द्र में काटा, बांट, तराजू, डाटा एंट्री आपरेटर, पर्याप्त मात्रा में बारदाना सहित किसानों के लिए छाया, पेयजल, शौचालय और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जशपुर जिला ओडिसा और झारखंड बार्डर से जुड़ा हुआ है। जहॉ अवैध धान परिवहन होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसके लिए उन्होंने अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सभी चेक पोस्ट पर अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उड़नदस्ता दल का गठन करने के भी लिए कहा है। धान खरीदी के समय कोचिया, बिचौलिए की शिकायत मिलती है तो तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध धान विक्रय नहीं होने पाए अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें। धान खरीदी केंद्र में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं। किसानों को सही समय पर टोकन वितरण करने के लिए कहा है।

# कलर्स का दुर्गा अब रात 8:30 बजे प्रसारित होगा, जानिए क्या होगा खास

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




कुछ ही महीनों में घर-घर का दिल जीतने के बाद, कलर्स का पसंदीदा शो दुर्गा अटूट प्रेम कहानीष् एक नए समय में ड्रामा की नवीन डोज़ देने के लिए तैयार है! दुर्गा के रूप में प्रणाली राठौड़ और अनुराग के रूप में आशय मिश्रा अभिनीतए प्रशंसकों का यह पसंदीदा रोमांस अब 6 नवंबर से हर रात 8:30 बजे प्रसारित होगा। समय में यह बदलाव होने से दुर्गा और अनुराग की असंभव प्रेम कहानी के फैंस नए ट्विस्ट और टर्न से भरे नए अध्याय की उम्मीद कर सकते हैं। एक ऐसी व्यक्ति के रूप में जो अपने मन की बात कहने से नहीं कतराती है, प्रणाली न केवल अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि एक गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए भी शो का उपयोग कर रही हैं। भले ही उनका किरदार दुर्गा अपने पति राजेश की बढ़ती प्रताड़ना को झेल रहा हैए लेकिन प्रणाली घरेलू हिंसा का पुरजोर विरोध करती हैं, और इस बात पर ज़ोर देती हैं कि किसी को भी इस तरह के दुर्व्यवहार को सहन नहीं करना चाहिए। उनके लिएए इस कहानी का मतलब सिर्फ किसी कहानी को जीवंत करना बस नहीं है. यह सशक्तिकरण और दृढ़ संकल्प का संदेश है, जो महिलाओं को दुर्व्यवहार के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रोत्साहित करता है। शो को नया टाइम स्लॉट दिए जाने पर अपने विचार साझा करते हुए प्रणाली राठौड़ कहती हैं, श्दर्शकों ने मेरे किरदार, दुर्गा को जो प्यार और अपनापन? दिया हैए उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। जबकि हम कलर्स पर अपने नए टाइम स्लॉट मेंए हर शाम 8:30 बजे आएंगेए मुझे भरोसा है कि दर्शक दुर्गा के सफर का यूं ही समर्थन करते रहेंगे। आगे कई चुनौतियां हैं, साथ ही वे दिल छूने वाले पल और प्यार की स्थायी ताकत है जो हमारी कहानी का दिल है। मैं हमारे नए समय में आप सभी से मिलने के लिए उत्साहित हूं और आपको अगले अध्याय का अनुभव कराने का इंतज़ार नहीं कर सकती। यह कहानी इस बात पर ज़ोर देती है कि महिलाओं को सशक्त महसूस करते हुए अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिएए भले ही इसके लिए उन्हें मुश्किल हालातों का सामना करना पड़े।

# राज्योत्सव विभागीय प्रदर्शनी में आयुष विभाग को मिला प्रथम

## मत्स्य एवं जलसंसाधन विभाग रहे द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर

### ■ कलेक्टर एवं एसपी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




राज्योत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को कलेक्टर रोहित व्यास और पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति भी प्रदान किए। विभागीय स्टाल प्रदर्शनी में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर विभागों को सम्मानित भी किया गया। जिसमें पहला स्थान आयुष विभाग को दिया गया। जिन्होंने पारम्पारिक चिकित्सा पद्धति सिरोधारा, नस्य, श्वेदन पद्धतियों का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त राज्योत्सव में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच कर औषधि भी उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार दूसरा स्थान पर मत्स्य विभाग को मिला। जिसमें मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य आखेट की विधियों का प्रदर्शन के साथ मत्स्य आदान सामग्री का भी वितरण किया गया एवं तृतीय स्थान पर जल संसाधन विभाग रहा। जिसके द्वारा पोंगरों एनीकट हाईड्रो पावर आधारित पम्पपिंग योजना का प्रदर्शन एवं उसके लाभों का वर्णन किया गया था।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए 7-सीटर वेरिएंट के साथ किया हेक्टर लाइनअप का विस्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटरनेट SUV, MG Hector लाइनअप का विस्तार करने की घोषणा की है। इस नई हेक्टर को दो नए 7-सीटर वेरिएंट, Hector Plus 7-सीटर सेलेक्ट प्रो और स्मार्ट प्रो के साथ पेश किया गया हैं। यह नई हेक्टर उन ग्राहकों को एक स्पेशियस और वर्सेटाइल कार का विकल्प प्रदान करती है, जो एक प्रीमियम SUV का अनुभव चाहते हैं। हेक्टर सेलेक्ट प्रो में CVT ट्रांसमिशन के साथ के साथ 1.5T पेट्रोल इंजन मिलेगा। इसका CVT ट्रांसमिशन एक स्मूथ और बेहतरीन ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करता है। वहीं स्मार्ट प्रो वेरिएंट को 2.0रु डीजल इंजन के साथ पेश किया गया है। इसमें 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन दिया गया है, जो बेहतर माइलेज और टॉर्क प्रदान करता है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफीसर, सतिंदर सिंह बाजवा ने इस अवसर पर कहा कि हेक्टर के नए 7-सीटर वेरिएंट यह दिखाते हैं कि अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए JSW MG मोटर इंडिया कितना प्रतिबद्ध है। भारतीय बाजार में MG हेक्टर को मिली सफलता को ध्यान में रखते हुए ये नए एडिशन पेश किए गए हैं। इस नई हेक्टर में क्वालिटी, कंफर्ट और सर्वश्रेष्ठ तकनीक से कोई समझौता नहीं किया गया है। यह नई हेक्टर एक स्पेशियस और वर्सिटाइल अनुभव प्रदान करती है। हेक्टर की इन्हीं खूबियों ने इसे ग्राहकों के बीच एक सबसे पसंदीदा विकल्प बना दिया है। हमें विश्वास है कि हेक्टर प्लस 7-सीटर सेलेक्ट प्रो और स्मार्ट प्रो वेरिएंट आगे भी SUV के शौकीन ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे, साथ ही ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरते रहेंगे। नई हेक्टर को बाजार में बेहद प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पेश किया गया है। हेक्टर के नए वेरिएंट में वे सभी प्रमुख फीचर्स दिए गए हैं, जिन्होंने हेक्टर को एक लोकप्रिय SUV के रूप में स्थापित किया है।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि के साथ अक्टूबर में 7045 यूनिट की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

## वाहन पोर्टल ने दर्ज की 34 प्रतिशत सालाना वृद्धि

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज अक्टूबर, 2024 में 7,045 यूनिट की बिक्री करने की घोषणा की है. जो पिछले साल (अक् टूबर, 2023) की समान अवधि की तुलना में सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। कंपनी के न् यू एनर्जी वाहन (एनईवी) इसकी कुल बिक्री का एक महत् वपूर्ण हिस् सा बने हुए हैं। कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान देश में किसी भी यात्री कार निर्माता द्वारा मासिक बिक्री का उच् चतम हिस् सा एनईवी को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वच्छ परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक और महत् वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन् च के पहले महीने में ही देश की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व् हीकल (सीयूवी) एमजी विंडसर की 3,116 यूनिट की बिक्री कर ईदी मार्केट की चमक को बढ़ाया है। ये मजबूत बिक्री आंकड़े, अक् टूबर 2024 के दौरान बेची गई अन् य सभी यात्री इलेक्ट्रिक कारों में सबसे ज् यादा है। पिछले महीने की गई अपनी घोषणा के अनुरूप कंपनी वाहन पोर्टल पर अपनी बिक्री संख् या का खुलासा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहन पोर्टल के मुताबिक, कार निर्माता की इस महीने सालाना वृद्धि 34 प्रतिशत (तेलंगाना को छोड़कर) रही है। फेस्टिव सीजन में बिक्री में उल् लेखनीय वृद्धि कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का एक मजबूत प्रमाण है।'तेलंगाना को छोड़कर यह आंकड़े धोक बिक्री के हैं।

# छत्तीसगढ़ सरकार के साथ साझेदारी में इनोव8 ने रायपुर में शुरू किया अपना पहला को-वर्किंग सेंटर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत के प्रमुख को-वर्किंग स्टार्टअप इनोव8 ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, इनोव8 राज्य सरकार के साथ मिलकर राज्य के प्रमुख क्षेत्रों में को-वर्किंग स्पेस स्थापित करेगा, जिसकी शुरुआत रायपुर से होगी। इस पहल के रूप में, इनोव8 ने रायपुर नगर निगम के सहयोग से रायपुर में इंटर स्टेट बस टर्मिनस (आईएसबीटी) में एक प्रीमियम को-वर्किंग स्पेस लॉन्च किया है, जो नगर निगम के खाली स्थानों को को-वर्किंग, को-लर्निंग और को-स्किलिंग के लिए हब्स में बदल रहा है। यह स्पेस 10,000 वर्ग फुट में फैला है और इसमें 100 से अधिक सीटें हैं। शहर के केंद्र में स्थित यह स्पेस आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें हाई-स्पीड इंटरनेट, कैबिन रूम्स मीटिंग रूम्स, रिक्रिएशनल एरिया, और रिसेप्शन डेस्क शामिल हैं। यह सेट-अप स्टार्टअप्स, फ्रीलांसर्स, और व्यवसायों को एक सहज अनुभव देना सुनिश्चित करता है। इस को-वर्किंग हब क लक्ष्य सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना है, जिससे शहर का आंत्रप्रेन्योरियल इकोसिस्टम और मजबूत हो सके। साझेदारी के बारे में बात करते हुए, इनोव8 के संस्थापक, रितेश मलिक ने कहा, यह पहली बार है जब इनोव8 किसी टियर-II शहर में प्रवेश कर रहा है। यह स्टार्टअप परिदृश्य को लेकर देश में रायपुर की बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हमारी साझेदारी राज्य को एक समृद्ध स्टार्टअप डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आंत्रप्रेन्योर्स को सही समर्थन, इंफ्रास्ट्रक्चर और मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इनोव8 की बिजनेस हेड, पंखुरी सखूजा ने कहा, ÷हम रायपुर में इनोव8 को लाकर बेहद उत्साहित हैं। यह लॉन्च भारत के उभरते

# ट्रैवल एवं लाइफ स्टाइल ब्रांड स्विस मिलिट्री ने इनोवेटिव एसकेयूएस को बाज़ार में उतारा, अब विस्तार पर टिकी हैं निगाहें

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

अपने प्रीमियम और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया भर में अपनी पहचान बनाने वाले मशहूर लाइफस्टाइल ब्रांड, स्विस मिलिट्री ने अहमदाबाद में अपनी मौजूदगी के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ ट्रैवल गियर कैटिगरी में नए स्चह्य के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने बेमिसाल खूबियों वाले ट्रैवल प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज को बाजार में उतारा है जो कई अलग-अलग रंगों में उपलब्ध हैं, जो उपयोगिता और किफायती मूल्य के मामले में एक नई मिसाल कायम करते हैं। स्विस मिलिट्री ने लगातार विकसित हो रहे भारतीय बाजार को ध्यान में रखकर अपने नए ट्रैवल गियर प्रोडक्ट्स को पेश करने का फैसला लिया है। देश की बढ़ती क्रय शक्ति, सरकार की ओर से घरेलू विनिर्माण को सहारा देने के लिए शुरू की गई पहल और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र के कारण यहाँ विस्तार की संभावनाएँ साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। साल 2024 में भारतीय लगेज एवं बैग के बाजार का मूल्य 15.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और अनुमान है कि 2024 से 2028 तक इसमें सालाना 5.21त्न की दर से बढ़ोतरी होगी। गौरतलब है कि, बाजार की कुल बिक्री में नॉन-लग्जरी प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 87त्न है। स्विस मिलिट्री ने सुनियोजित तरीके से विस्तार के लिए कदम उठाया है, जो भारतीय ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों के साथ-साथ प्रीमियम लगेज एवं ट्रैवल गियर की बढ़ती मांग के अनुरूप है। इस मौके पर स्विस मिलिट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर, अनुज साहनी ने कहा, स्विस मिलिट्री ने इनोवेशन और अपने विस्तार के सफ़र को बरकरार रखा है, और अब ट्रैवल गियर प्रोडक्ट की अपनी नई रेंज के लॉन्च की घोषणा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। हम सबसे उम्दा और किफायती प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने वादे पर कायम रहते हुए अपने ग्राहकों की उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन करना चाहते हैं। यह नया कलेक्शन इस बात को दर्शाता है कि हम बेमिसाल गुणवत्ता वाले और उपयोगिता के मामले में सबसे उम्दा प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने इरादे पर अटल हैं।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड की पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड की पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट, ग्रीन बैंकिंग के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है. उत्कर्ष एसएफबीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की. यह रिपोर्ट पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों को एकीकृत करने की दिशा में बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. यू-सस्टेन शीर्षक वाली व्यापक रिपोर्ट, सतत विकास और जिम्मेदार बैंकिंग को बढ़ावा देने में बैंक की रणनीतिक पहलों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, जो पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों को अपने मुख्य परिचालन में एकीकृत करने की दिशा में बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यू-सस्टेन शीर्षक वाली यह व्यापक रिपोर्ट, सतत विकास और जिम्मेदार बैंकिंग को बढ़ावा देने में बैंक की रणनीतिक पहलों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है। सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएं- ईएसजी रणनीतिः बैंक की ईएसजी नीति, जलवायु जोखिम प्रबंधन और संधारणीय संसाधन उपभोग के बारे में विस्तृत जानकारी। पर्यावरण पहलः ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट प्रबंधन और हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उपलब्धियां। सामाजिक प्रभावः वित्तीय समावेशन, सामुदायिक जुड़ाव और कर्मचारी विविधता और विकास में प्रयास। शासनः पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं को सुनिश्चित करने वाला मजबूत शासन ढांचा। सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, हमें अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो ईएसजी सिद्धांतों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड में, हम मानते हैं कि संधारणीय बैंकिंग केवल एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने का एक मार्ग है।

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर कला संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024 के अवसर पर लोककला के संरक्षण संवर्धन तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत नृत्य को मूल स्वरूप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुति के लिए छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को सम्मानित किया गया। डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा लोक रंजनी लोककला सांस्कृतिक मंच रायपुर के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रहे वाद्य यंत्रों के अध्ययन पर संस्कृति विभाग नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2011 में जूनियर फैलोशिप सम्मान से सम्मानित किया गया। आपके मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक लोकगीत नृत्य सुवा, कर्मा, ददरिया, पंथी, भरथरी, भोजली, राउत नाचा, डंडा नृत्य, गेड़ी नृत्य, ककसार, मांदरी नृत्य, लोक थिएटर नाटक की प्रस्तुति देश भर के लोक महोत्सव एवं विभिन्न उत्सव में बहुत ही मनोहारी ढंग से प्रस्तुति दिए हैं। आपको सम्मानित होने पर इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ के कला जगत के अनेकों लोगों ने बधाई दी।

# भगवान भास्कर को महिलाओं ने दिया पहले अर्घ्य व्रती महिलाओं का नजारा रहा आकर्षण का केंद्र

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



आस्था, उल्लास और श्रद्धा के संगम बीच कन्हर नदी के घाट पर छठ पर्व की घटा छा गई। छठ माई के गूंजते गीतों के बीच अस्ताचलगामी सूरज को सोलह श्रृंगार में सजी-धजी व्रती सुहागिनों ने पूजा पर्व का पहला अर्घ्य दिया। अर्घ्य से पहले ही व्रती महिलाओं का घाटों पर दोपहर बाद से ही पहुंचना शुरू हो गया। सोलह श्रृंगार से सजी-धजी महिलाएं पानी में जा खड़ी हुई। अर्घ्य देती व्रती महिलाओं का नजारा जिले के पूजा घाटों व तालाबों पर दिखाई दिया। महिलाओं ने यहां पूजन के दौरान सुशोभिता की पूजा अर्चना कर पांच बार परिक्रमा की और पानी में उतर कर दीपकों को प्रवाहित किया। माथे पर सिंदूर का लंबा तिलक लगाया और आंचल फैलाकर सूर्यदेव से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं की टोली नदी में अस्ताचलगामी सूर्य को पूर्वांचल के महापर्व डाला छठ का पहला अर्घ्य दिया। घाट से लौटने के बाद व्रती महिलाओं के द्वारा खड़ना का खीर बनाने के बाद स्वयं ग्रहण करने के उपरांत अपने सगे संबंधियों एवं आस-पड़ोस के लोगों में वितरण किया जाता हैं। छठ व्रत करने वाली महिलाएं के द्वारा बनाए गए खड़ना के खीर के प्रसाद को ग्रहण करने के लिए पड़ोसि लालायित रहते है प्रसाद मिलने के बाद ग्रहण कर अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। वहीं गुरुवार के शाम को मौसमी सब्जियों व फलों से भरे सूप और छठ मैया के गीतों एवं गाजे बाजे के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्थ देगी।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल.न्यू काइलैक के साथ किया नई शुरुआत का आगाज़

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी काइलैक का अनावरण किया है। इसे भारत और दुनिया में पहली बार सबके सामने पेश किया गया है। काइलैक भारत में स्कोडा ऑटो के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगी क्योंकि यह नए बाजारों में प्रवेश करने के साथ ही नए ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है। कंपनी ने इस साल फरवरी में इस एसयूवी की घोषणा के साथ भारत में और विस्तार करने की अपनी महत्वाकांक्षाओं की पुष्टि की थी। इस साल अक्टूबर मेंए स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक के कैमोफ्लॉज्ड प्री.प्रोडक्शन वर्ज़न की ड्राइव चलाई थी। इसके एक महीने बाद एकाइलैक ने अब अपना वर्ल्ड प्रीमियर किया है, और 2 दिसंबरए 2024 से इसकी बुकिंग शुरू हो जाएगी। स्कोडा ऑटो के सीईओ क्लॉस ज़ेलमर ने कहाए श्स्कोडा काइलैक हमारी पहली सब.4 मीटर एसयूवी हैए जिसे भारत में और भारत के लिए डिजाइन किया गया हैए यह हमारे ब्रांड के लिए एक नया प्रवेश बिंदु है। भारत हमारी अंतर्राष्ट्रीयकरण योजनाओं के लिये महत्वपूर्ण है, यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है, और एसयूवी नई गाड़ियों की बिक्री में 50ः योगदान करती हैं। हम चाहते हैं कि काइलैक नए ग्राहकों का स्वागत करे जो इस लोकप्रिय और तेजी से बढ़ते सेगमेंट में बहुत रुचि ले रहे हैं।

# राज्योत्सव 2024 : सहकार से समृद्धि थीम पर बनी प्रदर्शनी में मिल रही उपयोगी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





नया रायपुर स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में सहकारिता विभाग के स्टॉल में लोगों को बड़ी महत्त्वपूर्ण और उपयोगी जानकारी मिल रही है। सहकारिता विभाग द्वारा राज्योत्सव के अवसर पर सहकार से समृद्धि थीम पर प्रदर्शनी लगाई गई है। सहकार से समृद्धि संकल्पना अंतर्गत 54 पहल प्रारंभ किये गये हैं, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में बहुद्देशीय एवं बहुआयामी पैक्स/ लघु वनोपज/ मत्स्य/ दुग्ध सहकारी सोसाइटियों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मॉडल बायलाज के अंगीकरण उपरांत पैक्स बहुद्देशीय पैक्स के रूप में परिवर्तित होकर अनेक तरह की नागरिक सेवाएं ग्रामीणों को उपलब्ध करा रही है, जिसमें प्रमुख सेवाओं जैसे धान खरीदी, खाद बीज वितरण, ऋण वितरण, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, माइक्रो ए.टी.एम. से भुगतान, पैक्स को कामन सर्विस सेंटर के रूप में स्थापित करना, विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, एल पी जी वितरण और इथेनॉल संयंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

## जैव विविधता और औषधि पौधों की मिल रही है जानकारियां

■ वन विभाग का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र



विभाग के स्टॉल में जैव विविधता बोर्ड के द्वारा यहां आने वाले लोगों को छत्तीसगढ़ राज्य के जैव विविधता से संबंधित पुस्तकों एवम् पारंपरिक वैद्य (सिहावा नगरी के) द्वारा तैयार किए गए आयुर्वेदिक दवाइयों की जानकारी दी जा रही है। नया रायपुर स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वन्यप्राणी प्रभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में बाघों की संख्या, वन्यजीव संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में वीडियो, मानव-वन्यप्राणी सह अस्तित्व के संबंध में प्रतिरूप तथा एक आकर्षक सेल्फी पॉइंट बनाया गया है। संजीवनी स्टाल में छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ के द्वारा बनाये जा रहे विभिन्न प्रकार के हर्बल एवं खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित एवं विक्रय किया जा रहा है। वन विभाग के द्वारा चलाए जा रहे इकोटूरिज्म एवं रोजगार मूलक कार्यो एवं देवगुड़ी को प्रदर्शित करने हेतु एक प्रतिरूप का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के द्वारा वनों में पाए जाने के विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों एवं उनके गुण एवं उनकी कृषिकरण संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसी तरह संयुक्त वन प्रबंधन के द्वारा वनवासियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने के लिए बनाये गए स्टाल में विभिन्न वन प्रबंधन समितियों के द्वारा बनाये गए उत्पाद जैसे सीताफल आइसक्रीम, रबड़ी, जामुन जूस, विष्णुभोग चावल इत्यादि को प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है।

# रेशम उत्पादन की प्रक्रिया समझने उमडी भीड़

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर राज्योत्सव-2024 में ग्रामोद्योग विकास विभाग द्वारा शिल्पग्राम में लगाए गए स्टॉल में रेशम उत्पादन की प्रक्रिया समझने और रेशम की खेती के लिए किसानों और आमनागरिक बड़ी संख्या में ठहर रहे। विभागीय स्टॉल में प्राकृतिक स्वरुप में रेशम के कीड़ों को देखने के लिए हर वर्ग के लोगों में विशेषकर बच्चे विशेष रूचि दिखा रहे। इस अवसर पर स्टॉल में तरह-तरह के रेशम बीजों का भी प्रदर्शन किया गया है, जिनमें विशेष रूप से मलबरी सफेद कोया, मलबरी रंगीन कोया, मलबरी पीला मैसूर, मलबरी सफेद रिल्ड, टसर स्पन धागा, टसर बाना धागा, डाबा पालित कोसा एवं रैली साबू बीजों को प्रदर्शित किया गया है। जिनसे कोसा सिल्क, मलबरी सिल्क, बनारसी, कांजीवरम की साड़ियां बनाई जाती हैं। विभागीय स्टाल में आए किसानों और आमजनों ने ग्रामोद्योग विकास विभाग की योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारियां ली। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ कोसा उत्पादन एवं कोसा वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वन आधारित ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के संकल्प को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ टसर उत्पादन के क्षेत्र में परम्परागत रूप से विशिष्ट स्थान रखता है। रेशम प्रभाग के योजनाओं के जरिए ग्रामीण अंचल में निवासरत जरूरतमंद परिवारों को रोजगार, स्व-रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। टसर रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम, पालित डाबा टसर ककून उत्पादन योजना, नैसर्गिक बीज प्रगुणन एवं कोसा उत्पादन योजना, टसर धागाकरण जैसी योजनाओं का संचालन कर मलबरी रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम लघु निर्माण अंतर्गत रेशम एवं टसर केंद्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर स्टॉल में आए लोगों ने निजी क्षेत्र में एक एकड़ शहतूत पौधरोपण एवं कीटपालन को बढ़ावा देने के लिए संचालित नवीन शहतूत रेशम बाड़ी योजना के बारे में भी जाना। प्रदेश में शहतूत रेशम को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण क्षेत्र में रेशम पालन के जरिए स्थायी रोजगार सृजन करने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के लघु एवं सीमांत किसानों के लिए एक एकड़ शहतूत पौधरोपण एवं कीटपालन के लिए नवीन योजना शहतूत रेशम बाड़ी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत शहतूत का पौधरोपण एवं संधारण, कीटपालन भवन एवं उपकरण और सिंचाई सुविधा के अंतर्गत उपकरण के लिए सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में संचालनालय उद्यानिकी द्वारा तैयार बागवानी का आकर्षक जीवंत प्रदर्शन



छत्तीसगढ़ स्थापना राज्योत्सव 2024 में संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी द्वारा फसल विविधीकरण पर आधारित आकर्षक जीवंत प्रदर्शनी तैयार की गई है, विभागीय स्टॉल में फल, पुष्प, सब्जी, औषधि आदि के उच्च गुणवत्ता वाले पौधे एवं प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे जैम, सॉस, आचार आदि भी विक्रय किया जा रहा है, इन उत्पादों के प्रति लोग विशेष रूचि ले रहे हैं। संचालनालय द्वारा बागवानी के जीवंत प्रदर्शन ने राज्योत्सव के पहले दिन से ही सैकड़ों लोगों को आकर्षित किया। किसान के साथ साथ आम नागरिक भी मनमोहक जीवंत प्रदर्शन देख बागवानी करने हेतु आकर्षित एवं प्रेरित हुए दिखाई दिए। स्टॉल में केला, आम, अमरूद, शिमला मिर्च, टमाटर, मीर्च, गुलाब, गेंदा, जरबेरा, लिची, पपीता आदि के पौधों के प्रदर्शन के साथ उसकी विस्तृत जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। साथ ही बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उद्यानिकी के प्रगतिशील कृषकों की सफलता की कहानी, उन्ही की जुबानी सुनाई जा रही है। इस अवसर पर जिला जशपुर से आए लीची के किसान उद्यान विभाग की ओर से जीवंत प्रदर्शन के समक्ष लीची की खेती करने के इच्छुक किसानों एवं आम जनों को जानकारी देते हुए खेती के अपने अनुभव भी साझा किए।

07 Nov. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तो में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
Vastu समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567


बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसपफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403